संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 28 फरवरी 2024 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 57 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

भारत ने बनाया भ्रूण की उम्र तय करने वाला पहला एआइ माडल

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: भारत ने भ्रूण की उम्र तय करने वाला पहला एआइ माडल बना लिया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास और ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलाजी इंस्टीट्यूट, फरीदाबाद के शोधकताओं ने पहली बार भारतीय आबादी को ध्यान में रखकर ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) माडल 'गर्भिनी-जीए2' विकसित किया गया है जो गर्भवती महिला में उसकी दूसरी व तीसरी तिमाही में भ्रूण की सटीक उम्र तय कर सकता है।

गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल हो सकेगी: गर्भिनी जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की पहल गर्भ-आइएनआइ है। आइएनआइ का मतलब इंटरडिसिप्लीनरी ग्रुप फार एडवांस्ड रिसर्च आन बर्थ आउटकम है। शोधकताओं ने बताया कि भ्रूण की सटीक उम्र का पता लगने से गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल और सटीक प्रसव तिथियां निर्धारित करने में भी मदद मिलेगी।

भ्रूण की उम्र का सटीक अनुमान लगेगा: इस समय भारत में पश्चिमी देशों के लिए विकसित फामूर्ले का उपयोग करके डाक्टर भ्रूण की उम्र निर्धारित करते हैं, इससे त्रुटि की आशंका बढ़ जाती है। शोधकताओं की टीम ने सोमवार को कहा कि 'गर्भिनी-जीए2' नामक माडल भारतीय आबादी के लिए भ्रूण की उम्र का सटीक अनुमान लगाता है, इससे त्रुटि लगभग तीन गुना कम हो जाती है।

शिशुओं की देखभाल में भी होगा सुधार: नए माडल से नवजात शिशुओं की देखभाल में भी सुधार के साथ ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी।डीबीटी के सचिव डा. राजेश गोखले ने सोमवार को कहा, गर्भिनी गर्भकालीन आयु का अनुमान लगाने के लिए इन जनसंख्या-विशिष्ट माडल का विकास सराहनीय परिणाम है। शोध के निष्कर्ष प्रतिष्ठित जर्नल लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ता और आइआइटी मद्रास के सेंटर फार इंटीग्रेटिव बायोलाजी एंड सिस्टम्स मेडिसिन के समन्वयक डा. हिमांशु सिन्हा ने कहा, आइआइटी मद्रास भारत में जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल समस्याओं को हल करने में योगदान दे रहा है।

वर्तमान माडल की तुलना में काफी बेहतर किया प्रदर्शन

इस उद्देश्य से हम टूल विकसित करने के लिए उन्नत डाटा विज्ञान और एआइ तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इस दिशा में पहला कदम सटीक जीए माडल विकसित करना है, जो पश्चिमी आबादी का उपयोग करके डिजाइन किए गए वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले माडल की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। शोधकताओं ने गार्भिनी-जीए2 को विकसित करने के लिए आनुवंशिक एल्गोरिदम-आधारित तरीकों का इस्तेमाल किया, जो वर्तमान हैडलाक और हाल के इंटरग्रोथ-21वें माडल की तुलना में अधिक सटीक था।

आदर्श विचार

"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"
भागवद्

मन की बात

"खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप हैं।"
स्वामी विवेकानंद

तीसरी आंख

रास चुनाव: हिमाचल में हुआ 'खेला'

हिमाचल में बड़ा उलटफेर, बहुमत के बावजूद राज्यसभा चुनाव में हारी कांग्रेस

उलटफेर

8 वोटों की गिनती के बाद रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को विजयी घोषित कर दिया गया।

चमन शर्मा:

शिमला: हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा (रास) की एकमात्र सीट के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार की रोमांचक जीत हुई। वोटों की गिनती के बाद रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को विजयी घोषित कर दिया गया। कांग्रेस के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए। कांग्रेस के आधा दर्जन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है। इस चुनाव में जीत के लिए 35 विधायकों के वोट चाहिए थे। भाजपा और कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों को 34-34 वोट पड़े। वोटों की संख्या बराबर होने पर ड्रॉ ऑफ लॉट्स की प्रक्रिया को अपनाया गया। इसमें हर्ष महाजन विजयी रहे। 68 सदस्यीय विधानसभा में 25 विधायकों वाली भाजपा ने राज्यसभा चुनाव जीत कर स्तब्ध कर दिया है।

सुक्खू ने भाजपा पर विधायकों को किडनैपिंग के आरोप लगाया

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस विधायक सुदर्शन बबलू के मामले में आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। प्रदेश सरकार का हेलीकॉप्टर विधायक को लेकर शिमला आता है और मुख्यमंत्री अपनी कार में बिठाकर उन्हें मतदान केंद्र तक लेकर आते हैं। यह आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी से अंतिम चुनाव परिणाम न आने तक कांग्रेस विधायक के वोट को अवैध करार देने की अपील की है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर विधायकों को किडनैपिंग के आरोप लगाया है। उन्होंने विधानसभा परिसर में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि उनके कुछ विधायकों का किडनैप हुआ है और इन्हें ले जा रही बस के चित्र हमें मिले हैं।

राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार की जीत से कांग्रेस की सुक्खू सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 29 मार्च को विधानसभा में वितीय वर्ष 2024-25 का बजट पारित होना है। ऐसे में उस दिन कांग्रेस को बहुमत का आंकड़ा साबित करना कांग्रेस सरकार के लिए बड़ी चुनौती रहेगी। उधर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर सुक्खू सरकार से इस्तीफे की मांग की है।

इससे पहले राज्यसभा की एक सीट पर हुए चुनाव की मतगणना शुरू होते ही मतदान केंद्र में गहमागहमी हुई।

यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं: सीएम

सीएम ने कहा कि हमारे पांच-छह विधायकों को सीआरपीएफ और हरियाणा पुलिस लेकर गई है। यह सब भाजपा कर रही है। विधायकों के परिजन इनसे संपर्क कर रहे हैं। सुक्खू ने कहा कि लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों रहते हैं लेकिन विपक्ष हिमाचल प्रदेश में गुंडागर्दी पर उतर आया है। उनका कहना है कि विपक्ष की इस हरकत को हिमाचल प्रदेश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस घिनौने खेल को हिमाचल की संस्कृति कभी पसन्द नहीं करती। उन्होंने कहा कि मतगणना के बीच विपक्ष के नेता काउंटिंग हॉल में आकर काउंटिंग अफसरों को धमका रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

विपक्षी दल भाजपा ने प्रदेश सरकार को घेरते हुए आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप जड़ा दिया।

'तमिलनाडु को लूटने वाले भाजपा से डरे'

टीम एक्शन इंडिया

पल्लदम: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी केरल यात्रा के बाद मंगलवार को 'एन मन एक मक्कल' पदयात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए तमिलनाडु के तिरुपुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने जनसभा से कहा कि 2024 में तमिलनाडु आज सबसे ज्यादा चर्चा में है, क्योंकि देश में, तमिलनाडु विकास की राजनीति का सबसे नया जीवंत केंद्र बनने जा रहा है। 2024 में तमिलनाडु इतिहास रचने जा रहा है। आज संपन्न हुई ऐतिहासिक 'एन मन एन मक्कल' पदयात्रा इसका सबसे बड़ा प्रमाण है।' पीएम मोदी ने विपक्षी पर हमला किया और कहा

'दशकों तक तमिलनाडु को लूटने वाले अब भाजपा की बढ़ती ताकत से डरे हुए हैं। वे झूठ बोलकर, लोगों को बांटकर और लोगों को आपस में लड़वाकर अपनी सत्ता बचाना चाहते हैं। लेकिन तमिलनाडु के लोग जितने बुद्धिमान हैं उतने ही साफ दिल के भी हैं। वास्तविकता जानते हैं।' पीएम मोदी ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से तमिलनाडु के लोगों की सर्वोत्तम सेवा करने का आग्रह किया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल का संकल्प तमिलनाडु के प्रत्येक घर तक पहुंचे।

हवाईअड्डों पर व्हीलचेयर के इस्तेमाल पर एसओपी के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह दिव्यांगों को हवाईअड्डों पर सुविधा के लिए केंद्र सरकार और भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई) समेत अन्य हितधारकों मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को कहेगा।

दिल्ली में 4 सीटों पर आप उम्मीदवारों का एलान

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। इनमें पूर्वी दिल्ली से कुलदीप कुमार, पश्चिम दिल्ली से महाबल मिश्रा, दक्षिण दिल्ली से सहीराम पहलवान और नई दिल्ली से सोमनाथ भारती शामिल हैं। आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर मैदान में उतर रही है, जिसमें आप चार और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लडेगी। वहीं, हरियाणा की कुरुक्षेत्र सीट से सुशील गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है।

महाबल मिश्रा और कुलदीप कुमार: आप ने चार में से तीन विधायकों को लोकसभा चुनाव में उतारा है। इनमें कुलदीप कुमार कोंडली, सोमनाथ भारती मालवीय नगर और सहीराम तुगलकाबाद से विधायक हैं।

सोमनाथ भारती, सहीराम: महाबल मिश्रा पूर्व में कांग्रेस से

पश्चिमी दिल्ली सीट से ही सांसद रह चुके हैं। उनके पुत्र विनय मिश्रा इसी लोकसभा सीट से आप के विधायक हैं। महाबल मिश्रा कुछ माह पहले कांग्रेस को छोड़ कर आप में शामिल हुए थे। कुलदीप कुमार आप से कोंडली से निगम पार्षद रहे हैं। 2020 में कुलदीप कुमार को पार्टी ने एमएलए का चुनाव लड़ाया, और उसके बाद अब पूर्वी दिल्ली से लोकसभा में उतारा है। सही राम पहलवान तुगलकाबाद से आप के दो बार के विधायक हैं। सोमनाथ भारती मालवीय नगर से आप से तीन बार के विधायक हैं। यह 2013 में केजरीवाल की 49 दिन की सरकार में दिल्ली सरकार में मंत्री रहे हैं।

गगनयान: चार एस्ट्रोनॉट्स जो स्पेस में लहराएंगे भारत का झंडा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: गगनयान मिशन में शामिल चार एस्ट्रोनॉट्स के नाम का एलान हो गया है। बतौर एस्ट्रोनॉट्स ग्रुप कमांडर प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन, विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला स्पेस में जाएंगे। ये चारों भारतीय वायु सेना के टेस्ट पायलट हैं।

प्रशांत बालाकृष्णन नायर: ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर

केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक की डिग्री हासिल की है।

शुभांशु शुक्ला: गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है।

अजीत कृष्णन: ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं जिन्हें मिशन के लिए चुना गया था।

अंगद प्रताप: इसरो के मुताबिक, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है।

क्या है गगनयान मिशन

यह भारत का पहला ऐसा अंतरिक्ष मिशन होगा, जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को कुछ समय के लिए निम्न कक्षा में अंतरिक्ष ले जाया जाएगा। गगनयान मिशन को 2025 में लॉन्च किया जाएगा और इसके तहत दो से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को 400 किलोमीटर की निम्न कक्षा में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। दो से तीन दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद उन्हें सुरक्षित वापस हिंद महासागर में समुद्र के भीतर उतारा जाएगा। इसके तहत यह वर्ष काफी महत्वपूर्ण है और मिशन से जुड़ी कई परीक्षण उड़ानें इस वर्ष पूरी कर ली जाएंगी। इन चारों अंतरिक्ष यात्रियों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "मैं चाहता हूं कि हर कोई हमारे अंतरिक्ष यात्रियों का खड़े होकर अभिनंदन करें।"

सेना में शामिल हुआ 46-मीटर मॉड्यूलर ब्रिज

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: भारतीय सेना में मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल किया गया। मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल किए जाने से सेना को किसी भी चुनौतीपूर्ण जगहों पर अपने टैंकों को तैनात करने में आसानी होगी। साथ ही सेना के इंजीनियरों की महत्वपूर्ण ब्रिजिंग क्षमता को बढ़ाएगा। नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित हुए कार्यक्रम भारतीय सेना ने मंगलवार को 46-मीटर मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल करके अपनी ब्रिजिंग क्षमता को बढ़ाया है। इस मॉड्यूलर ब्रिज को

डीआरडीओ ने लार्सन एंड टुब्रो के साथ मिलकर डिजाइन और विकसित किया है। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना, डीआरडीओ और रक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

अगले 4 सालों में कुल 41 सेट किए जाएंगे शामिल: एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अगले 4 सालों में कुल 41 सेट धीरे-धीरे शामिल किए जाएंगे, जिनकी कीमत 2,585 करोड़ रुपये होगी। पहला सेट आज यानी मंगलवार को सेना में शामिल किया गया। मॉड्यूलर ब्रिज एक मैकेनिकल रूप से लॉन्च किया गया सिंगल-स्पैन, पूरी तरह से डेक वाला 46-मीटर का असॉल्ट ब्रिज है।

'मैंने कुछ कहा, कोई इशारा किया...': कमलनाथ

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव से पहले पिछले कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थी कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इस पर कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने विराम लगाते हुए कहा कि यह महज अफवाह है, लेकिन अब खुद कमलनाथ का बयान सामने आया है। दरअसल, अटकलों के बीच कमलनाथ ने बीजेपी जॉइन करने के सवालों पर

सवालिया लहजे में ही जवाब देते हुए कहा कि क्या कभी मेरे मुंह से सुना कि मैं कहीं जा रहा हूं। खुद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का बयान सामने आया है। गौरतलब है कि मंगलवार (27 फरवरी) कमलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे हैं।

एनआईए ने 16 स्थानों पर छापेमारी की

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तान और संगठित अपराधियों के गठजोड़ के खिलाफ चल रही जांच के तहत मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में 16 स्थानों पर छापेमारी की और छह लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। एनआईए की छापेमारी 16 ठिकानों पर चल रही है, जिसमें पंजाब के 14 और राजस्थान के दो ठिकाने शामिल हैं। एनआईए की जांच में आतंकवादियों, गैंगस्टरों और ड्रग तस्करों के बीच सांठगांठ को नष्ट

करने के प्रयास शामिल हैं। एनआईए का लक्ष्य फंडिंग चैनलों सहित नेक्सस के बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है। एजेंसी ने राज्य पुलिस बलों के साथ निकट समन्वय में मंगलवार सुबह से ही तलाशी अभियान चलाया है। कुछ खास इनपुट के आधार पर छापेमारी की जा रही है। जिन स्थानों की तलाशी ली जा रही है वे खालिस्तानी समर्थकों और आपराधिक सांठगांठ में शामिल लोगों के साथ संबंध रखने वाले संदिग्धों के आवासीय और अन्य परिसर हैं।

छापेमारी

8 एनआईए की छापेमारी 16 ठिकानों पर चली, जिसमें पंजाब के 14 और राजस्थान के दो ठिकाने शामिल

बजट पेश | सीएम धामी ने बजट को बताया संतुलित और विकासोन्मुखी, कहा- पीएम के बताए चार स्तंभों को समर्पित

उत्तराखंड विस सत्र : धामी सरकार ने पेश किया 89230.07 हजार करोड़ का बजट

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून: उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 89230.07 हजार करोड़ का आय-व्ययक (बजट) विधानसभा में पेश कर दिया। वित्त मंत्री की ओर से 4737.13 करोड़ का राजस्व सरप्लस बजट होने का दावा किया गया है, हालांकि राजकोषीय घाटा 9416.43 करोड़ होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की मौजूदगी में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अपराह्न 12:30 बजे सदन में वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत किया। इससे पूर्व राज्य

आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड की जनता को नमन भी किया। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इसमें मातृशक्ति का उत्थान का विशेष ख्याल रखा गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट राज्य के विकास के लिए है। वित्त मंत्री अग्रवाल ने कहा कि यह बजट एक ऐसी अवसंरचना का निमार्ता है जो वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रख कर निर्मित होगा। सशक्त उत्तराखंड के लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करने में सहायक होगा तथा सतत विकास के लक्ष्यों को तीव्रगति से प्राप्त किया जा सकेगा। हमारी मंजिल सशक्त उत्तराखंड है। "अग्रणी उत्तराखंड " हमारी सरकार का विकल्प रहित संकल्प है। देवभूमि की महान जनशक्ति की सामूहिक ऊर्जा से सशक्त उत्तराखंड के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान पेश किए जा रहे हैं। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल प्राप्तियां 88597.11 करोड़ अनुमानित हैं जिसमें 60552.90 करोड़ राजस्व प्राप्तियां और 28044.21 करोड़ पूंजीगत प्राप्तियां हैं। सदन में पेश आय-व्ययक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व 36146.47 करोड़ है, जिसमें केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 13637.15 करोड़ सम्मिलित है। राज्य के स्वयं के स्रोतों के कुल अनुमानित राजस्व प्राप्ति 27382.70 करोड़ में कर राजस्व 22509.32 करोड़ और करेत्तर राजस्व 4873.38 करोड़) अनुमानित है। स्वास्थ्य और शिक्षा पर कुल प्रावधान 15,376 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

प्रदेश का बजट

8 वेतन-भत्तों और पेंशन पर होगा 26636 करोड़ खर्च, कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए 6636 .44 करोड़ का किया है प्रावधान

'वैश्विक डिजिटल भुगतान का 46 प्रतिशत भारत में किया जाता है'

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को फिक्की के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर विकसित भारत और उद्योग विषय पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने सबसे पहले करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह ईमानदार करदाताओं के कारण है कि सरकार कॉर्पस के प्रत्येक पैसे को निर्देशित करने में सक्षम है। पहले आवंटित धन का केवल एक अंश ही इच्छित लाभार्थियों तक पहुंच रहा था, जिसे देखते हुए मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि जारी किया गया सारा पैसा प्राप्तकर्ता तक सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचे। यूपीआई को अपने वादों को पूरा करने के सरकार के संकल्प की एक मिसाल बताते हुए उन्होंने कहा कि जब यूपीआई लॉन्च किया गया था तो इसकी प्रभावशीलता के बारे में बहुत सारे संदेह थे। आज यूपीआई ने समाज के सभी वर्गों और देश के सभी कोनों में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा, "आज दुनिया में सभी डिजिटल भुगतान का 46 प्रतिशत भारत में किया जाता है और दुनिया हमारी तकनीकी क्षमता के लिए हमारी ओर देख रही है।"

2025 तक यमुना पर बनेगा चौथा रेलवे पुल

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गाजियाबाद के बीच के रास्ते ट्रेन परिचालन को सुगम बनाने के लिए यमुना पर रेलवे का चौथा पुल बनाया जा रहा है। दावा है कि मार्च 2025 तक यह पुल बनकर तैयार हो जाएगा। इस के पुल के शुरू होने से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से आनंद विहार के रास्ते गाजियाबाद के बीच ट्रेनों परिचालन में सुधार आएगा और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से समय पर ट्रेनों की आवाजाही सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलेगी। दरअसल, उत्तर रेलवे ने गत वर्ष जून में यमुना पर नए पुल को बनाने के लिए टेंडर जारी किया था। इसका काम आवंटित हो चुका है और निर्माण कार्य फिलहाल शुरूआती दौर में है। अधिकारियों ने बताया कि मार्च 2025 तक इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस पुल से दिल्ली से यूपी के रास्ते बिहार-बंगाल जाने वाली ट्रेनों को गति दिया जाएगा। दिल्ली में यमुना पर वर्तमान में रेलवे के दो पुल पुराना लोहा पुल व तिलक ब्रिज पुल के माध्यम से ट्रेनों की आवाजाही होती है। पुरानी दिल्ली से शाहदरा के बीच पुराना लोहा पुल है। डेढ़ सौ वर्ष से अधिक पुराने इस पुल के समानांतर एक नया पुल बनाया जा रहा है। वहीं नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से गाजियाबाद जाने के लिए उपलब्ध पुल तिलक ब्रिज पर दो ट्रैक हैं। इन दोनों स्टेशनों पर ट्रेनों की संख्या बढ़ने से ट्रैक बढ़ाने की आवश्यकता है, जिसका काम चल रहा है। इस कारण नए पुल की जरूरत है।

यात्रियों को मिलेगा लाभ: रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, तिलक ब्रिज से आनंद बिहार के बीच तीसरी और चौथी लाइन तैयार होने के बाद गाजियाबाद की तरफ से आने वाली ट्रेनों का नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचना आसान हो जाएगा। अभी ट्रेनों को सिग्नल नहीं मिलने के कारण अक्सर आउटर पर रुकना पड़ता है। इन लाइनों के बिछने के बाद ट्रेनों को आउटर पर रुकने की जरूरत नहीं होगी। इससे यात्रियों का समय बच सकेगा। वहीं, इससे पहले नई दिल्ली और तिलक ब्रिज के बीच सिर्फ 4 लाइनें थीं, जो कि ट्रेनों के दबाव की तुलना में कम थी। इस कारण व्यस्त समय में आउटर पर तिलक ब्रिज या शिवाजी ब्रिज पर एक के पीछे एक ट्रेनों को रोकना पड़ता था, इस समस्या को दूर करने के लिए इन दोनों रेलवे स्टेशनों के बीच पांचवीं और छठी लाइन बिछाया गया। इन दोनों स्टेशन के बीच भी 2.65 किलोमीटर तक दो अतिरिक्त लाइन को शुरू कर दिया गया है।

यमुना के 22 किलोमीटर के दायरे 25 पुल: दिल्ली में यमुना के 22 किलोमीटर के हिस्से में चालू व निमार्णाधीन मिलाकर कुल 25 पुल हैं। जिसमें मेट्रो के चार चालू व एक निमार्णाधीन, आरआरटीएस का एक निमार्णाधीन, रेलवे के दो चालू व एक निमार्णाधीन पुल है। इसके अतिरिक्त 16 सड़क मार्ग के पुल हैं।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थान	ए–रूट एआरटी पर ऑटो सेटिंग प्रकार पोर्टेबल वीएसएटी और दुर्घटना स्थल संचार प्रणाली की व्यापक एएमसी।
कार्य की अनुमानित लागत	2,33,41,619.84/- मात्र
निविदा प्रपत्र शुल्क	शून्य
धरोहर राशि	266700/- मात्र
कार्यालय का पता	डिप्टी चीफ सिग्नल एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर / दूरसंचार विकास / नॉर्दन रेलवे 2nd floor Annexe-1, DRM ऑफिस, नई दिल्ली–110001
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय	निविदा अपलोड करने की तिथि और समय 27.02.2024 को 15.00 बजे तक और निविदा बंद होने की तिथि और समय 19.03.2024 को 15.00 बजे तक।
वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।	उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें

निविदा संख्या : 561–एसआईजी–एनएमबी–वीसैट–एआरटी–सीएएमसी–01–2024
दिनांक : 27.02.2024 626/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एमडीआई गुड़गांव में हुआ ब्रांडस्केप्स सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एंड न्यूरो लैब का उद्घाटन

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) गुड़गांव ने 21 फरवरी 2024 को ब्रांडस्केप्स एमडीआई सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब का उद्घाटन किया, जो भारतीय मैनेजमेन्ट रीसर्च एवं एजुकेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि है। महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण से प्रेरित बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरोलैब, न्यूरोसाइन्टिफिक एवं बिहेवियरल सिद्धान्तों पर आधारित बहु-आयामी अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। फाइनैंस, इकोनोमिक्स, पॉलिसी मैनेजमेन्ट, मार्केटिंग, ओगेर्नाइजेशनल बिहेवियर और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेन्ट पर ध्यान केन्द्रित करते हुए यह सेंटर ऐसे रूझान प्रस्तुत करेगा, जो निर्णय निर्धारण प्रक्रिया में बड़े बदलाव ला सकते हैं। इस आधुनिक लैब में इलेक्ट्रोएनसेफेलोग्राफी (ईईजी) सिस्टम है, जो दिमाग की इलेक्ट्रिक गतिविधि को मॉनिटर करता है। ईईजी, एक नॉन-इनवेसिव तकनीक है, इसमें कोर्टिकल एक्टिविटी को रिकॉर्ड करने के लिए स्कैल्प पर इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं। यह कई तरह से उपयोगी है, जैसे मार्केटिंग में उपभोक्ताओं के व्यवहार से लेकर फाइनैंशियल फैसलों में जोखिम एवं भावनाओं के प्रभाव को समझने तक, यह कई तरह से कारगरता है।

इसके अलावा एचआर और ओगेर्नाइजेशनल बिहेवियर की बात करें जो ईईजी का उपयोग एम्प्लॉयी रीटेंशन स्ट्रैटेजीज बनाने और इनकी जांच में भी किया जा सकता है। नई खोली गई लैब के महत्व पर रोशनी डालते हुए प्रोफेसर अरविंद सहाय, डायरेक्टर, एमडीआई गुड़गांव ने कहा, एमडीआई गुड़गांव में ब्रांडस्केप्स सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब का उद्घाटन करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। बिहेवियरल साइंस के टूल्स ने हमें मनुष्य के व्यवहार के मूल्यांकन में सक्षम बनाय है, जिससे अधिक प्रभावी हस्तक्षेपों और नीतियों में मदद मिलती है।

हमारे अनुसंधान बताते हैं कि इसका नीति निर्माण पर बड़ा प्रभाव पड़ा है और मैनेजेरियल एक्शन्स बड़ी संख्या में हितधारकों को लाभान्वित कर रहे हैं। हमारा यह सेंटर प्रयोगों पर आधारित जांच के माध्यम से बिहेवियरल रूझान प्रदान कर उद्योग जगत के लीडर्स को व्यवहारिक रूप से लाभान्वित करता है। हम सैद्धान्तिक ज्ञान और व्यवहारिक ज्ञान के बीच के अंतर को दूर कर मैनेजमेन्ट प्रथाओं एवं सामाजिक परिणामों में बड़ा बदलाव लाना चाहते हैं।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते हैं।

1	निविदा संख्या : TenderNo222445
2	कार्य का नाम और कार्य स्थान : "शॉट और मास्किंग फ्रेम और बोगी शॉट ब्लास्टिंग और पेंट के साथ कोच शॉट ब्लास्टिंग के लिए काम दो साल की अवधि के लिए पेंट और शॉट के साथ लाइन"
3	अनुमानित लागत : रु. 3,97,59,133.80/- जीएसटी @ 18% सहित
4	बयाना राशि : रु. 3,48,800.00/-
5	निविदा फार्म का मूल्य : शून्य
6	कार्य अवधि : अवधि कार्य आरंभ होने से चौबीस महीने
7	निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय : दिनांक 13.03.2024, खुलने का समय 15:00 बजे।
8	निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट : उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in
9	यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

सं.: TenderNo222445 दिनांक: 20.02.2024 618/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. अजय उर्फ बिट्टू** पुत्र ओमप्रकाश निवासी ए–667, जे.जे. कॉलोनी, रघुबीर नगर, दिल्ली और **2. शंकर** पुत्र मोहनलाल निवासी आई–163, जहांगीर पुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 252/2017 धारा 457/380/411 भा.द.स. थाना भारत नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अजय उर्फ बिट्टू** और **2. शंकर** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अजय उर्फ बिट्टू** और **2. शंकर** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 252/2017 धारा 457/380/411 भा.द.स. थाना भारत नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **1. अजय उर्फ बिट्टू** और **2. शंकर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.04.2024** को हाजिर हों।

आदेशानुसार: वसुंधरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य महानगर दण्डाधिकारी
कोर्ट नं. 101, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/2226/NW/24

अमृत भारत स्टेशन: 26.11 करोड़ से होगा तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत दिल्ली के तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास रखा। 26.11 करोड़ रुपये से इस स्टेशन का कायाकल्प किया जाएगा। यात्रियों को बड़े स्टेशनों जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी। तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि अगले वर्ष इस स्टेशन का 100 वर्ष पूरा होने जा रहा है। स्टेशनों के पुनर्विकास के अंतर्गत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ यहां व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व इस समय दिल्ली में 4428 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं का काम चल रहा है। रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास से लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। पहले सिर्फ योजनाओं को

घोषणा होती थी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब घोषणा के साथ निर्माण कार्य पूरा किया जाता है। आस्था ट्रेन चलने से दिल्ली के लोग कम खर्च में अयोध्या की यात्रा कर रहे हैं। पटेल नगर, नारायणा में फुट ओवर ब्रिज स्थानीय लोगों की परेशानी दूर हुई। पटेल नगर में एफओबी नहीं होने के कारण असुरक्षित तरह से रेलवे लाइन पार करने में प्रत्येक वर्ष 25 से अधिक लोगों की मृत्यु होती थी। इस अवसर पर दिल्ली के मंडल रेलवे प्रबंधक सुखविंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पूर्व डीजीपी अशोक अग्रवाल राई खेल विवि के कुलपति नियुक्त किया

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के गांव कुराना निवासी एवं उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार अग्रवाल को सोनीपत जिले के राई स्थित मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का कुलपति नियुक्त किया है। अशोक अग्रवाल ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन टूनार्मेंट चैंपियन रह चुके हैं। अशोक अग्रवाल की बेटी कुहू गर्ग ने भी बैडमिंटन में 16 इंटरनेशनल मेडल जीते हैं। वह भी लगातार खेलती रही है। पूर्व पुलिस महानिदेशक अशोक अग्रवाल का पूरा परिवार खेल में रुचि रखता हैं। अशोक अग्रवाल की पत्नी अलकनंदा अग्रवाल भी ऑल इंडिया ओलंपिक संघ में संयुक्त सचिव है। वर्ष 1989बैच के आईपीएस अशोक अग्रवाल का पुलिस सेवा में भी शानदार रिकॉर्ड रहा है। उत्तराखंड की कानून व्यवस्था को उन्होंने मजबूती के साथ संभाला और स्थिरता प्रदान की। सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उनकी रुचि रही है। साइबर क्राइम पर भी उन्हे विशेषज्ञता हासिल है।

पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** 40 साल, **कद:** 5'6'', **लिंग:** पुरूष, **रंग:** गेहुँआ, **शरीर:** पतला, **चेहरा:** लम्बा, **बाल:** काले, **पहचान चिन्ह:** दाहिने हाथ पर ओम के टैटू का निशान **पहनावा:** गहरे स्लेटी रंग की जर्सी, आसमानी रंग की लोअर और नेवी ब्लू रंग की जैकेट, **बरामदी स्थल:** जो दिनांक 27.01.2024 को दिल्ली के रोहिणी, सेक्टर–12, के एन काटजू मार्ग, ईएसआईसी अस्पताल बस स्टैंड के सामने मृत मिला था।
इस सम्बंध में **DD No. 25A, दिनांक 27.01.2024, पुलिस स्टेशन: प्रशांत विहार, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशन: प्रशांत विहार, दिल्ली
फोन: 011–27557184, 9971895657
DP/2381/RD/2024

उत्तर मध्य रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 24/12 दिनांक: 26.02.2024
ई-प्रापण निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि
1	20233698बी	सर्ज अरेस्टर	81 नग	12.03.2024
2	20243450	हाउसिंग ऑफ टैक्शन बार	120 नग	14.03.2024
3	202335882	सेट ऑफ किट फॉर ई-70 ब्रेक सिस्टम	15 सेट	14.03.2024
4	20243492	एक्सपान लिंग फॉर डब्ल्यूएजी-9/डब्ल्यूएपी-7	100 नग	18.03.2024
5	20241439	ऑक्जिलरी ब्रेक स्विच कम्पलीट	1772 नग	12.03.2024
6	20245004	सेट ऑफ़ एस एस पाइप फिटिंग्स	2 सेट	12.03.2024
7	20242460	एक्सल बॉक्स कम्पलीट असेंबली	58 नग	12.03.2024
8	20231726A	मॉडिफाइड रबर सील	112 सेट	19.03.2024
9	20242213	एक्सल बॉक्स असेंबली कम्पलीट	29 नग	02.04.2024
10	40233359	रेगुलेटेड बैटरी चार्जर	13 नग	12.03.2024
11	40241142	थ्रेड सील टेप	45292 मीटर	19.03.2024
12	63235538	फिटिंग फॉर टीडब्ल्यूएस 1:12, 60 केजी टी-6155	352 सेट	27.03.2024
13	64245073	कनेक्टिंग एल्बो	07 नग	20.03.2024
14	63235513	फिश प्लेट फॉर 60 केजी (यूआईसी) रेल्स कॉन्फॉर्मिंग टु आरडीएसओ ड्राइंग नं0. आरडीएसओ/टी-1898	27000 सेट	26.03.2024
15	64245077	ऑयल लेवल ग्लास, इंडीकेटर	18 नग	27.03.2024
16	64245019A	कॉपर ट्यूब, सोलोनॉयड कम्पलर	883 नग	27.03.2024
17	64231083	फिल्टर एलिमेंट पार्ट नं - 80000561	44 नग	25.03.2024
18	64231097	डिस्ट्रिब्यूटर कंवेयर बेल्ट टाइप	8 नग	25.03.2024
19	30231502बी	होरिजोन्टल लीवर सपोर्ट	1083 नग	11.03.2024
20	30232415बी	राउण्ड हेड लॉक बोल्ट 22.22 एमएम डाया, ग्रिप रेंज 38.10 एमएम टू 44.45 एमएम	104541 पेयर्स	18.03.2024
21	30233173	किट फॉर ब्रेक सिलेण्डर	40 सेट	19.03.2024
22	30241666	स्प्रिंग पीस फॉर साईड बियरर	1440 नग	19.03.2024
23	30242735	बॉल ज्वाइन्ट ट्रैक्शन लीवर	2340 नग	21.03.2024
24	30242736	बॉल ज्वाइन्ट रोल लिंक	1340 नग	21.03.2024

नोट: उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 340/24(A)
North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थान	प्रोविजन ऑफ ELB इन प्लेस ऑफ MLB, प्रोविजन ऑफ RTUs एंड इम्प्रूवमेंट ऑफ पावर सप्लाई अरेंजमेन्ट्स इन इंटरलॉक्ड LC गेट्स अंडर ADSTE/MUT सेक्शन ऑफ दिल्ली डिवीजन।
कार्य की अनुमानित लागत (रू)	Rs. 1,06,37,822.99/ -मात्र
धरोहर राशि (रू)	Rs. 2,03,200.00/- मात्र
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय।	निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय दिनांक 26.02.2024 / निविदा खुलने का दिनांक 21.03.2024 15:00 बजे तक
वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है	उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055

निविदा संख्या: 558–सिगनल–18–एम–टेंडर–1417 दिनांक: 26.02.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 616/24

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी हेतु सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / मालभाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी (एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों (नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला) पर दो–पहिया और अन्य पार्सल की पैकिंग सेवाएं को 03 (तीन) वर्षों के अनुबंध पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

क्रम संख्या	ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय	संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है:
1.	11.03.2024 को प्रातःकाल 11:00 बजे	नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला (5 पांच रेलवे स्टेशनों)पर दो–पहिया और अन्य पार्सल की पैकिंग सेवाएं के लिए 03 (तीन) वर्षों का अनुबंध।

महत्वपूर्ण सूचना:
1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोली दाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learningcentre.html (E-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी): नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोली दाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और / या स्थितियों के आधार पर संशोधित / अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने / जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

622/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

विमान में है बम... झूठी निकली खबर

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: राजधानी के आईजीआई हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह 5.15 बजे दिल्ली से कोलकाता की एक उड़ान में बम होने की सूचना मिली। जो आईजीआई हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाली थी। सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसी ने जांच पड़ताल की। जांच में कॉल फर्जी पाई गई।

आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर फर्जी कॉल करने वाले की पहचान करने में जुट गई।

क्लासीफाइड

टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

एक्शन इंडिया
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)
समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-
एक्शन इंडिया मीडिया हाउस
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104
विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

आप ने 3 विधायकों को बनाया सांसद प्रत्याशी

कोंडली से कुलदीप कुमार, मालवीय नगर से सोमनाथ भारती और तुगलकाबाद से विधायक सहीराम पहलवान का नाम शामिल

2024 का रण

8 गठबंधन में आप दिल्ली की चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी तो कांग्रेस को गठबंधन में तीन सीटे मिली हैं

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: कांग्रेस से गठबंधन होने के बाद आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार सीटों पर अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। लिस्ट में दिल्ली के 3 विधायकों का भी नाम है, जिन्हें आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी बनाया है।

तीन सीट पर लड़ेगी कांग्रेस: बता दें कि कई बैठक के बाद दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस और आदमी पार्टी के बीच गठबंधन का एलान हुआ था। गठबंधन में आम आदमी पार्टी दिल्ली की चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी तो कांग्रेस को गठबंधन में तीन सीटे मिली हैं। फिलहाल आप ने दिल्ली की चार सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली से आप के तीन विधायकों पर भी भरोसा जताया है। लोकसभा चुनाव के लिए आप के प्रत्याशियों की लिस्ट में दिल्ली के तीन विधायक हैं, इनमें कोंडली से कुलदीप कुमार, मालवीय नगर से सोमनाथ भारती और तुगलकाबाद से विधायक सहीराम पहलवान का नाम शामिल है।

कांग्रेस से महाबल मिश्रा को मिला मौका: इसके अलावा कुछ महीने पहले कांग्रेस को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए महाबल मिश्रा को लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया गया है। महाबल मिश्रा पूर्व में कांग्रेस से पश्चिमी दिल्ली सीट से ही सांसद रह चुके हैं। उनके पुत्र विनय मिश्रा इसी सीट से आप के विधायक हैं। ध्यान देने वाली बाता है कि कुलदीप कुमार आप से कोंडली से निगम पार्षद रहे हैं। 2020 में कुलदीप कुमार को पार्टी ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया। उसके बाद अब पूर्वी दिल्ली से आप ने उन्हें लोकसभा चुनाव में उतारा है। वहीं, सही राम पहलवान तुगलकाबाद से आप के दो बार के विधायक हैं। सोमनाथ भारती मालवीय नगर से आम आदमी पार्टी से तीन बार से विधायक हैं। यह 2013 में केजरीवाल की 49 दिन की सरकार में दिल्ली सरकार में मंत्री रहे हैं। अब अरविंद केजरीवाल ने सोमनाथ भारती पर भरोसा जताते हुए लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया।

बीजेपी के कई सांसदों के कट सकते हैं टिकट

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: आप-कांग्रेस के बीच दिल्ली में गठबंधन से भाजपा नेतृत्व सतर्क हो गया है। सभी लोकसभा क्षेत्र में योग्य प्रत्याशियों की तलाश शुरू हो गई है। संबंधित संसदीय क्षेत्र के पदाधिकारियों से बात कर रिपोर्ट बनाई जा रही है। नमो एप पर सांसदों के कामकाज को लेकर आम जनता से प्रतिक्रिया ली जा रही है। इसे भी टिकट बंटवारे का आधार बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि अपने क्षेत्र के कार्यकताओं और जनता से दूरी बनाने वाले सांसदों की मुश्किल बढ़ सकती हैं। आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन होने से लोकसभा चुनाव में लड़ाई आमने-सामने की हो गई है। इसे ध्यान में रखकर पार्टी प्रत्याशियों का चयन करेगी।

प्रत्याशियों की संभावित सूची तैयार: कई सांसदों को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। कार्यकर्ताओं और आम नागरिक के साथ उनके संबंध एवं क्षेत्र में उनकी सक्रियता की जानकारी एकत्रित की जा रही है। सोमवार को सातों सीटों से संबंधित पदाधिकारियों से बात कर सांसदों के कामकाज की जानकारी लेने के साथ ही संभावित प्रत्याशियों की सूची तैयार की गई।

इस बार ज्यादा सांसदों के कटेंगे टिकट

वर्ष 2019 में पूर्वी दिल्ली में सांसद महेश गिरि की जगह गौतम गंभीर को टिकट दिया गया था। वहीं, उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उदित राज का टिकट काटकर हंसराज हंस को चुनाव लड़ाया गया था। भाजपा नेताओं का कहना है कि इस चुनाव में पिछली बार से ज्यादा सांसदों के टिकट कट सकते हैं। दिल्ली की सातों सीटें भाजपा के पास हैं। लोकसभा क्षेत्र में आने वाले संगठनात्मक जिलों के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष, जिलों के प्रभारी, सह प्रभारी, उस क्षेत्र में रहने वाले प्रदेश या राष्ट्रीय पदाधिकारियों से संवाद के लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में प्रदेश से दो-दो पर्यवेक्षक भेजे गए थे।

कौन किस सीट से उम्मीदवार

पूर्वी दिल्ली- कुलदीप कुमार
पश्चिम दिल्ली- महाबल मिश्रा
दक्षिण दिल्ली- सहीराम पहलवान
नई दिल्ली- सोमनाथ भारती

एलजी के खिलाफ आप विधायकों का विधानसभा में हंगामा

हंगामा बरपा

8 मंगलवार को सत्तापक्ष के सदस्यों ने पानी के बढ़े हुए बिलों को लेकर हंगामा किया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: 2024 के लिए दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। इस बार 15 फरवरी को बजट सत्र शुरू हुआ था। हालांकि, अभी तक विधानसभा में बजट पेश नहीं हो सका है। बजट में देरी को लेकर भाजपा ने दिल्ली सरकार पर हमला भी बोला है। मंगलवार को सत्तापक्ष के सदस्यों ने पानी के बढ़े हुए बिलों को लेकर हंगामा किया। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने सदन की बैठक बुधवार तक के लिए स्थगित की। इसके बाद आप विधायकों ने विधानसभा परिसर में पानी के बढ़े हुए बिलों की होली जलाई। भाजपा का कहना है कि ईडी से बचने के लिए बजट में सरकार देरी कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 19 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से स्वीकृत होकर दिल्ली सरकार के पास वापस आ गया है तो उसे क्यों छिपाया जा रहा है? नियम 280 के तरह विधायक अपने क्षेत्र की समस्याएं उठा रहे। विधायक प्रमिला टोकस ने कहा कि आर के पुरम क्षेत्र में झुग्गियों की संख्या को देखते हुए मोहल्ला क्लीनिक खोला जाए। यहां शहरी आश्रय सुधार बोर्ड की जमीन खाली पड़ी है, उस पर मोहल्ला क्लीनिक खोलने की योजना है। इसके लिए सरकार को एनओसी देनी है, मंत्री जी एनओसी दिलाएं। नेता प्रतिपक्ष राम वीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने वादा किया था कि 5 लाख लोगों को नौकरियां दिलाएंगे, मैं जानना चाहता हूं कि क्या ये नौकरियां उन्होंने लोगों को दिला दी हैं। वहीं, आप विधायक राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पहले मेरे विधानसभा क्षेत्र से पेंशन का दफ्तर 4 किलोमीटर की दूरी पर था, जिसे 15 किलोमीटर दूर मंगोलपुरी में कर दिया गया है। इससे गरीब लोग परेशान हैं। गरीब लोगों की पेंशन नही बंध पा रही हैं।

संयुक्त ऑपरेशन: मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश

दिल्ली और नूंह पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया, जिसमें एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: हरियाणा के नूंह में दिल्ली और नूंह पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया। जिसमें एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। बदमाश मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया था। इस बात की जानकारी दिल्ली पुलिस ने दी है। दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल की हत्या में वांछित अपराधी स्पेशल सेल और हरियाणा की नूह पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में घायल हो गया। घायल अपराधी का नाम शाकिर बताया जा रहा है। अब तक चार बार मुठभेड़ों के दौरान पुलिस पर गोलीबारी कर चुका है। दिल्ली के दो केसों में पीओ घोषित है। अपने ही इलाके के पूर्व विधायक शाहिदा खां के घर पर अंधाधुध गोलीबारी करने और डकैती डालने पर भी मुकदमा चल रहा है। इतना ही नहीं डेढ़ दर्जन से ज्यादा संगीन वारदातों में भी शामिल रहा। एएसपी नूंह कुलदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली पुलिस ने हमारे साथ एक वांछित अपराधी के बारे में जानकारी साझा की थी। जो 2012 में दिल्ली पुलिस कर्मियों की हत्या में शामिल था। इनपुट के आधार पर हमने आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की। लेकिन उसने हम पर गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में फायरिंग में आरोपी को दो गोलियां लगी हैं। फिलहाल, उसका इलाज हो रहा है। आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 186, 353 और 307 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने ली करवट

नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर में कई इलाकों में मंगलवार सुबह की शुरूआत बारिश के साथ हुई। हवा के साथ आई बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। उधर, उत्तर-पश्चिमी दिशाओं से चली ठंडी हवाओं के कारण सोमवार को दिन में ठंडक महसूस हुई, जबकि सुबह और शाम के समय पारा सामान्य से नीचे जा रहा है। सोमवार को दिन के समय पारा सामान्य से एक डिग्री नीचे रहा। वहीं, सुबह के समय यह सामान्य से तीन डिग्री नीचे गया। हालांकि, दिन में खिली धूप से थोड़ी राहत जरूर मिली।

सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने आठवीं बार भेजा समन

चार मार्च को पेश होने के लिए कहा, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ होनी है

पेश नहीं हुए

8 दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में चल रही जांच में शामिल होने के लिए सात बार समन जारी हो चुका है

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: आप के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन जारी किया है और पूछताछ के लिए चार मार्च को बुलाया है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ होनी है। दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में चल रही जांच में शामिल होने के लिए सात बार समन जारी हो चुका है। लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री प्रवर्तन निदेशालय के ऑफिस में नहीं पहुंचे हैं। 26 फरवरी को भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। आम आदमी पार्टी ने ईडी के सातवें समन पर कहा था कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ईडी के ऑफिस नहीं जाएंगे। क्योंकि अभी मामला कोर्ट में लंबित है। जिसकी सुनवाई 16 मार्च को होगी। पेश नहीं होने पर आप ने कहा था कि रोज समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करें। हम इंडिया गठबंधन का साथ नहीं छोड़ेंगे। हमारे ऊपर इस तरह से मोदी सरकार दबाव न बनाए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बीती 22 फरवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने सातवां समन जारी कर सोमवार 26 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था। अब तक मुख्यमंत्री को सात समन जारी हो चुके हैं। लेकिन अभी तक वह दिल्ली शराब घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए हैं। इससे पहले 14 फरवरी को छठा समन जारी कर 19 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था। लेकिन केजरीवाल उस समन पर पेश नहीं हुए थे। उन्होंने कहा था कि अभी मामला कोर्ट में चल रहा है। इसलिए ईडी कोर्ट के फैसले का इंतजार करे।

पेश नहीं होने पर भाजपा ने कसा केजरीवाल पर तंज: ईडी समन पर पेश नहीं होने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को भगौड़ा नंबर 1 के खिताब से नवाजा जाना चाहिए। जिसने अन्न हजारे का इस्तेमाल किया। सबसे पहले उन्हें इस्तीफा देना चाहिए और फिर जांच में शामिल होना चाहिए। आज वह न तो अपना इस्तीफा दे रहे हैं और न ही जांच में शामिल हो रहे हैं। क्योंकि अब वह लालू प्रसाद यादव के करीबी और दोस्त हैं। उन्होंने कोर्ट ने कोई राहत नहीं दी है।

विदेश से सोने की तस्करी करने वाले एक यात्री समेत तीन गिरफ्तार

सफलता

8 सीआईएसएफ ने तीनों आरोपियों के कब्जे से 1.2 किलोग्राम सोना बरामद किया है, तीन पर शिकंजा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: इंदिरा गांधी हवाई अड्डे की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने सोने की तस्करी करने वाले एक यात्री समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है। दो लोग सोने को हवाई अड्डे से बाहर निकालने में यात्री की मदद कर रहे थे। सीआईएसएफ ने तीनों आरोपियों के कब्जे से 1.2 किलोग्राम सोना बरामद किया है। इसकी कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है। सीआईएसएफ ने तीनों आरोपियों को कस्टम विभाग के हवाले कर दिया है। सीआईएसएफ अधिकारी ने बताया कि रविवार दोपहर को पौने तीन बजे हवाई अड्डे पर मौजूद सीआईएसएफ जवानों ने आगमन फोरकोर्ट क्षेत्र में दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा। जवानों ने उनपर निगरानी बढ़ा दी। शाम करीब चार बजे दोनों की मुलाकात मस्कट से आए यात्री से हुई। इसके बाद यात्री और एक संदिग्ध शख्स शौचालय में घुस गया। कुछ देर बाद दोनों शौचालय से बाहर निकले। तस्करी में शामिल होने के शक में सीआईएसएफ ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। यात्री की पहचान मोहम्मद फरियाद के रूप में हुई, जबकि अन्य दो संदिग्धों की पहचान मोहम्मद यूनुस अहमद अली और रमजान अली के रूप में हुई। तलाशी में इनके पास से 1.2 किलोग्राम सोना बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि मोहम्मद फरियाद रियाद के रास्ते मस्कट से भारत पहुंचा था। तीनों आरोपियों ने सोने की तस्करी में शामिल होने की बात मान ली।

एयरपोर्ट पर कश्मीरी पत्रकार याना मीर को रोका, कस्टम विभाग से हुई तकरार

रोका

8 याना मीर को अधिकारियों ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर बैग की जांच के दौरान रोका

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: मलाला यूसुफजई का नाम लेकर बीते दिनों अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में छाई रहीं कश्मीरी पत्रकार याना मीर को दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया। याना मीर को कस्टम विभाग के अधिकारियों ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर बैग की जांच के दौरान लगा। इसका एक वीडियो एक्स पर पोस्ट भी किया है। कश्मीरी पत्रकार याना मीर ने आईजीआई हवाई अड्डे के कस्टम विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि बैग स्कैन के दौरान उन्हें अपमानित किया गया। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली कस्टम ने उनके आरोप पर जवाब दिया।

एम्स को न्यूजक्लिक के संस्थापक के स्वास्थ्य जांच का निर्देश

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने एम्स को निर्देश दिया है कि वो न्यूज क्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ के स्वास्थ्य की जांच करे। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने एम्स को दो हफ्ते में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने एम्स को निर्देश दिया कि वो प्रबीर पुरकायस्थ के जेल के रिकॉर्ड और मेडिकल हिस्ट्री पर भी विचार करे। कोर्ट का ये निर्देश तब आया जब प्रबीर पुरकायस्थ की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि पुरकायस्थ की तबीयत काफी खराब है। 22 जनवरी को न्यूज क्लिक के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका वापस ले ली थी। इस मामले में अमित चक्रवर्ती सरकारी गवाह बन चुके हैं। पटियाला हाउस कोर्ट अमित चक्रवर्ती को सरकारी गवाह बनने की अनुमति दे चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने 19 अक्टूबर 2023 को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। 13 अक्टूबर 2023 को दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि याचिका निराधार है।

दिल्ली-गुरुग्राम के बीच आवाजाही को बदल देगा द्वारका एक्सप्रेसवे लिंक रोड

टीम एक्शन इंडिया/नई टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली और गुरुग्राम के बीच संपर्क को बेहतर बनाने की दिशा में, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना के हिस्से के रूप में एक लिंक रोड के निर्माण को पूरा कर लिया है। इस उपलब्धि से उम्मीद है कि दोनों शहरों के बीच यात्रा आसान हो जाएगी, और यातायात की भीड़ और सिग्नलों से बचा जा सकेगा। जबकि आठ लेन का हाईवे मुख्य रूप से निवासियों और यात्रियों को लाभ पहुंचाने वाला है। यह एडिशनल लिंक रोड आवाजाही के ओवरऑल एक्सपीरियंस को और बेहतर करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, उद्घाटन की प्रारंभिक तैयारियां एक्सप्रेसवे के दो सेक्शन पर केंद्रित हैं। पहला पैकेज 2 है जो दिल्ली के द्वारका सेक्टर 21 को गुरुग्राम बॉर्डर से जोड़ता है और दूसरा पैकेज 3 जो दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर से बसई रेलवे ओवरब्रिज तक जाता है। इस बीच, पैकेज 2 और पैकेज 3 को जोड़ना हाईवे के सुचारू रूप से चलने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे गुरुग्राम के लोगों के लिए एक विशेष सड़क के जरिए द्वारका सेक्टर 21 तक पहुंचना आसान हो जाता है। दूसरी ओर, खबरें हैं कि द्वारका एक्सप्रेसवे जल्द ही सभी के लिए खुल जाएगा और इस बात की संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का उद्घाटन कर सकते हैं। हालांकि कोई दिन तय नहीं हुआ है, लेकिन सूत्रों का दावा है कि लोकसभा चुनाव के एलान से पहले हाईवे खुल सकता है। गुरुग्राम के सांसद, राव इंद्रजीत सिंह ने संकेत दिए हैं कि भव्य उद्घाटन मार्च के पहले सप्ताह में हो सकता है। 29 किलोमीटर में फैला द्वारका एक्सप्रेसवे हरियाणा और दिल्ली को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है। जबकि 18.9 किलोमीटर लंबा खंड हरियाणा के अंतर्गत आता है।

देश में पहली बार: दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर काम करेगा एआई

स्मार्ट एयरपोर्ट

8 एआई से मिली जानकारी के आधार पर कहां और कब कितने स्टाफ की जरूरत है, सटीक पता चलता रहेगा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ व वाहनों की आवाजाही के प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद ली जाएगी। स्मार्ट एयरपोर्ट सिटी प्रोजेक्ट नामक अपनी तरह की देश के किसी भी एयरपोर्ट पर लागू होने वाली पहली परियोजना के प्रथम चरण में मदद का दायरा केवल एयरपोर्ट टर्मिनल के लैंड साइड एरिया में होगा। प्रोजेक्ट एयरपोर्ट पर लागू हो, इससे पहले प्रायोगिक तौर पर तीन महीने इसका परीक्षण एयरपोर्ट से सटे एयरोसिटी में किया गया। नतीजे काफी संतोषजक मिले, जिसके बाद अब आईजीआई एयरपोर्ट के तीनों टर्मिनल पर इसे लागू करने की तैयारी चल रही है।

वीडियो एनालिटिक्स ट्रैफिक मैनेजमेंट से होगा भीड़, यातायात व पार्किंग का प्रबंधन: एयरपोर्ट के फोरकोर्ट एरिया में जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज का विश्लेषण एआई खुद करेगा। फुटेज के आधार पर कंट्रोल रूम को उन स्थानों की जानकारी मिलेगी, जहां वाहनों की आवाजाही अधिक है। यदि किसी एक स्थान पर वाहनों की संख्या काफी अधिक है और वह काफी देर से स्थिर है, तो एआई कंट्रोल रूम को तत्काल इसकी जानकारी देगा। यदि कोई अपना वाहन गलत साइड दौड़ा रहा है तो इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूप को मिलेगी। प्रोजेक्ट की जानकारी रखने वाले ने बताया कि जैसे-जैसे एआई के पास आंकड़े आते जाएंगे, इसका विश्लेषण व जरूरी सूचनाओं का तत्काल संप्रेषण उतना सटीक होता जाएगा।

बहुत कारगर होगा एआई: उदाहरण के लिए एक महीने के आंकड़े का एआई खुद विश्लेषण करके यह बता देगा कि आने वाले घंटे में इस जगह पर इतने वाहनों के इकट्ठे होने की संभावना है। या किस उड़ान के आने पर यात्रियों व इन्हें रिसीव करने वालों की सर्वाधिक भीड़ फोरकोर्ट के अराइवल एरिया में एकत्रित होती है। यात्री किस गेट का आगमन व निकास के लिए इस्तेमाल करना सर्वाधिक पसंद करते हैं। फोरकोर्ट एरिया में कोई अवांछित तत्व यदि इसे नजर आएगा तो इसके लिए कंट्रोल रूम को यह अलार्मिंग संदेश भेजेगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी का कहना है कि एआई से मिली जानकारी के आधार पर कहां और कब कितने स्टाफ की जरूरत है, इसका हमें सटीक पता चलता रहेगा। अभी ऐसा नहीं है। अभी यह सारा कार्य मानव संसाधन के बूते होता है। कई बार हमें सूचनाएं विलंब से मिलती है और तब तक स्थिति काफी बुरी हो चुकी होती है। अभी एयरपोर्ट पर आपको कहीं ट्रॉली की भरमार मिलेगी तो कहीं कई लोग आपको ट्रॉली ढूंढते मिलेंगे। लेकिन आने वाले सयम में कब कहां कितने ट्रॉली की जरूरत है, इसकी जानकारी कंट्रोल रूप में एआई पहुंचाएगा। कैमरे के फुटेज के विश्लेषण से अलग अलग स्थानों पर यात्रियों की भीड़ का पता कर यह खुद तय करेगा कि यहां इतने ट्रॉली की जरूरत है। इसी तरह किस जगह कितने ट्रॉली खाली हैं और वहां कितने की जरूरत है और शेष ट्रॉली को कहां पहुंचाया जाए, इस जानकारी से कंट्रोल रूम को एआई अवगत कराएगा। अभी जैसे आप एप बेस्ड कैब बुक करते हैं और आपको बुक किए गए कैब की सटीक लोकेशन, कितने समय में कैब आपके पास आएगी, ठीक उसी तरह आने वाले समय में एआई की मदद से आपको बग्गी उपलब्ध कराया जाएगा।

219 युवाओं का इजरायल में रोजगार के लिए हुआ चयन: सीएम

1 लाख रुपए से अधिक मिलेगा वेतन, मैनपॉवर में अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग से संबंधित आरक्षण का किया जा रहा पूर्ण अनुपालन, नए प्रावधान के अनुसार एचकेआरएन के माध्यम से एक बार चयन होने के बाद सरकारी विभाग द्वारा युवाओं को ज्वॉइन करवाना अनिवार्य - मनोहर लाल

अनुपालन

8 हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कोई पक्की भर्ती नहीं है, ये केवल अस्थाई तौर पर कार्य के लिए रखे जाते हैं

दीपिका शर्मा

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत रखे जाने वाली मैनपॉवर में अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण का निश्चित तौर पर अनुपालन किया जा रहा है। वर्तमान में बीसी-ए की 16 प्रतिशत आरक्षण के विरुद्ध 15.64 प्रतिशत और बीसी-बी की 11 प्रतिशत आरक्षण के विरुद्ध 11.4 प्रतिशत मैनपॉवर है। इसके अलावा, 20.63 प्रतिशत कर्मचारी अनुसूचित जाति से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान जवाब दे रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि वास्तव में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कोई पक्की भर्ती नहीं है, ये केवल अस्थाई तौर पर कार्य के लिए रखे जाते हैं। इसके तहत रखे जाने वाले लोगों की कोई निश्चित संख्या नहीं होती, जिसमें आरक्षण की गणना की जा सके। ये तो विभाग अनुसार आवश्यकता के अनुरूप रखे जाते हैं। फिर भी सरकार अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित क्रमशः 20 से 27 प्रतिशत का पूरा ध्यान रख रही है। उन्होंने कहा कि यदि पहली भर्ती में आरक्षण की संख्या कम होती है, तो अगली भर्ती में उसे पूरा कर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम को निजी क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए भी उपयोग किया जाता है। निजी उद्योगों को निगम पर पंजीकृत डाटा में से उनकी मांग के अनुसार युवाओं की सूची उपलब्ध करवा दी जाती है, उसके बाद उद्योग अपने अनुसार युवाओं को नौकरी देते हैं। मनोहर लाल ने कहा कि सरकारी विभागों द्वारा निगम के पोर्टल पर मैनपॉवर की मांग भेजी जाती है, उसके अनुरूप निर्धारित मानदंडों के अनुसार अंकों के आधार पर युवाओं का चयन करके विभागों को सूची भेज दी जाती है। हालांकि, कभी-कभी विभाग अपनी कर्मचारियों की मांग में बदलाव कर देते हैं, जिस कारण चयनित युवाओं को संबंधित विभाग ज्वाइंन नहीं करवा पाते। अब सरकार कोशल रोजगार निगम के पोर्टल को एचआरएमएस के साथ एकीकृत कर रही है। अब सरकार ने यह प्रावधान किया है कि यदि विभाग अपनी मैनपॉवर की मांग में बदलाव करना चाहते हैं, तो वे युवाओं के चयन से पहले कर सकते हैं। एक बार युवाओं का चयन हो गया तो विभाग को अनिवार्य रूप से उन्हें ज्वाइन करवाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विदेश सहयोग विभाग के सहयोग से हरियाणा कौशल रोजगार पोर्टल के माध्यम से युवाओं का पंजीकरण करवाया गया है। इनमें इजरायल के लिए भी आवेदन किया गया है। उन्होंने बताया कि 8169 युवाओं ने आवेदन किया था, जिसमें से 1909 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया और 219 युवाओं का चयन किया गया है। इनके पासपोर्ट की वैरिफिकेशन चल प्रक्रिया चल रही है। उसके बाद वे इजरायल जाएंगे। ये सब कार्य इजरायल सरकार और राष्टीय कौशल विकास मिशन के माध्यम से हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं को इजरायल में लगभग 1 लाख रुपये से अधिक वेतन पर रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। इन युवाओं के लिए इंश्योरेंस की भी व्यवस्था की गई है।

अब गांव की फिरनी से 3 किमी तक स्थित डेरे व ढाणियों को मिलेंगे बिजली क्नेक्शन

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए घोषणा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अब गांव की फिरनी से 3 किलोमीटर तक स्थित डेरे व ढाणियों को बिजली क्नेक्शन दिए जाएंगे। पहले यह सीमा 1 किलोमीटर थी। इसके साथ ही, 300 मीटर तक डेरे व ढाणियों को दिये जाने वाले बिजली क्नेक्शन पर उपभोक्ताओं को कोई खर्च नहीं देना होगा। 300 मीटर के बाद भी कोई क्नेक्शन दिया जाता है तो उपभोक्ता से आधा खर्च लिया जाएगा और आधा खर्च सरकार वहन करेगी। पहले यह सीमा 150 मीटर थी। मुख्यमंत्री ने आज यहां हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बोल रहे थे।

मनोहर लाल ने एक अन्य घोषणा करते हुए कहा कि डेरे व ढाणियों के जो उपभोक्ता ट्यूबवेल की बजाय ग्रामीण फीडर से बिजली क्नेक्शन लेना चाहता है, तो टांसफार्मर का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। उपभोक्ता को केवल नई लाइन का खर्च वहन करना होगा।

डिजिटल युग में हरियाणा की एक और नई छलांग

चंडीगढ़: डिजिटल युग में आज हरियाणा ने नई उंचाईयों को छू लिया जब हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने घोषणा करते हुए कहा कि सभी विभागों के रिकॉर्ड को डिजिटलाइज किया जाएगा। इसके लिए मुख्यालय तथा जिला स्तर पर डिजिटल रिकॉर्ड रूम तैयार किए जाएंगे। इस व्यवस्था के लिए मौजूदा बजट 2024-25 के अलावा आवश्यकता पड़ने पर आगामी अनुपूरक बजट अनुमानों में बजट का प्रावधान किया जाएगा। मनोहर लाल ने कहा कि सरकार ने कैथल जिला से राजस्व विभाग के रिकॉर्ड को डिजिटलाइज करने की शुरूआत की थी और आज पूरे विभाग का रिकॉर्ड डिजिटलाइज हो चुका है।

हरियाणा विधानसभा की वेबसाइट पर डिजिटल बिजनेस मॉडयूल किया लॉन्च, 1966 से लेकर आज तक का संपूर्ण रिकॉर्ड हुआ डिजिटल: ई-विधानसभा के विजन को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने एक बड़ी पहल करते हुए विधानसभा के संपूर्ण रिकॉर्ड को डिजिटलाइज रूप दिया है। इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, सदन के नेता मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप मुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और विधानसभा उपाध्यक्ष श्री रणबीर गंगवा ने विधानसभा की वेबासइट पर डिजिटल लेजिसलेटिव बिजनेस मॉडयूल लॉन्च किया। इस वेबसाइट पर 1966 से लेकर विधानसभा का आज तक का संपूर्ण रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि रिकॉर्ड डिजिटल होने से इसका उपयोग अच्छे से किया जा सकेगा और कभी भी जरूरत पड़ने पर इसे देखा जा सकेगा।

राज्य में अवैध शराब की बिक्री को रोकेंगे: दुष्यंत

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उनका दृढ निश्चय है कि वे राज्य में अवैध शराब की बिक्री को रोकेंगे, बेशक कुछ गलत लोगों की मंशा हमारी अच्छी नीतियों के खिलाफ हो। बेहतरीन आबकारी नीति की बदौलत ही पिछले चार वर्षों में आबकारी राजस्व 6100 करोड़ से बढ़कर 11000 करोड़ रुपए तक पहुंचा है। डिप्टी सीएम, जिनके पास आबकारी विभाग का प्रभार भी है, ने आज विधानसभा में सदन के एक सदस्य द्वारा आबकारी विभाग में प्लास्टिक की बजाए कांच की बोतलों में शराब बेचने से संबंधित दिए गए निर्देशों पर उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। श्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आबकारी विभाग ने प्रदेश में शराब को प्लास्टिक की बोतलों की बजाए कांच की बोतलों में बिक्री करने के निर्देश दिए हैं, इसके तहत 29 फरवरी 2024 के बाद राज्य में प्लास्टिक की बोतलों में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि विभाग का यह कदम राज्य सरकार की आबकारी नीति का पार्ट था ताकि प्रदेश में अवैध तौर पर बिक्री होने वाली शराब पर रोक लग सके। उन्होंने जानकारी दी कि कांच की बोतलों में पैक की जाने वाली शराब का ट्रांसपोर्टेशन तथा ट्रैक एंड ट्रेस करना आसान होगा। कार्य में पारदर्शिता आएगी और अवैध शराब की बिक्री बंद होगी। श्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अवैध शराब पर रोक लगाने के लिए अगर भविष्य में भी इस प्रकार के सकारात्मक कदम उठाने पड़े तो वे जरूर उठाएंगे।

राजस्व में...

8 पिछले चार वर्षों में आबकारी राजस्व 6100 करोड़ से बढ़कर 11000 करोड़ रुपए तक पहुंचा

करनाल स्मार्ट सिटी के तहत पारदर्शिता से किए जा रहे कार्य- मुख्यमंत्री

किसी विधायक द्वारा शिकायत दी जाएगी तो सरकार जांच करवाएगी, जो दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी- मनोहर लाल

काजल रानी

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि करनाल स्मार्ट सिटी के तहत पारदर्शिता के साथ विकास कार्य किए जा रहे हैं, किसी भी प्रकार का कोई भ्रष्टाचार नहीं है। किसी कार्य को लेकर यदि किसी विधायक द्वारा कोई शिकायत दी जाती है, तो निश्चित तौर पर सरकार जांच करवाएगी और जो दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान बोल रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत निश्चित कार्य किए जाते हैं, उनकी राशि भी निश्चित होती है। इसके अलावा, अन्य सभी कार्य नगर निगम द्वारा किए जाते हैं।

इसलिए किसी सदस्य द्वारा ये कहना कि स्मार्ट सिटी के तहत पारदर्शिता से कार्य नहीं हो रहे, ये गलत है। विधायक लिखित में शिकायत दें तो सरकार निश्चित तौर पर उसकी जांच करवाएगी।

'पानीपत में कॉमन बॉयलर लगाने का सरकार कर रही विचार'

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि पानीपत के उद्योगों को लाभकारी बनाने के लिए कॉमन बॉयलर लगाने का सरकार विचार कर रही है। डिप्टी सीएम ने आज सदन में पूछे गए एक प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि चूंकि एचएसआईआईडीसी के पहले सलाहकार ने परियोजना को गैर-व्यवहार्य पाया, इसलिए एचएसआईआईडीसी ने पानीपत में सामान्य बॉयलर की व्यवहार्यता अध्ययन के पुनर्मूल्यांकन के लिए आईआईटी कानपुर को नियुक्त किया है।

'नागरिक अस्पतालों में जन-औषधि केन्द्र स्थापित होंगे'

इन जन-औषधि केन्द्रों में फार्मासिस्ट भी नियुक्त किए जाएंगें- अनिल विज

अंकुश जैन

चंडीगढ़: हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य के सभी नागरिक अस्पतालों में जन-औषधि केन्द्र स्थापित किए जाएंगें और इस संबंध में केन्द्र सरकार से बातचीत चल रही है। इन जन-औषधि केन्द्रों में फार्मासिस्ट भी नियुक्त किए जाएंगें। विज हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में सभी 22 जिलों को कवर करते हुए खुदरा दवा लाइसेंस रखने वाले लगभग 171 केन्द्र हैं। सरकारी अस्पतालों/मैडीकल कालेजों में पांच केन्द्र चल रहे हैं। प्रत्येक जिले में स्वास्थ्य कल्याण समिति को कार्य करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, इनमें से करनाल, भिवानी, रेवाडी,

गुरूग्राम और यमुनानगर के जिला अस्पतालों में पांच जन-औषधि केन्द्रों ने काम करना शुरू कर दिया है। श्री विज ने कहा कि राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में पीपीपी मोड के तहत सीटी स्कैन/एमआरआई स्कैन को शुरू किया गया है और वर्तमान में झज्जर, चरखी-दादरी, फतेहाबाद, नूंह और नारनौल को छोड़कर 17 जिलों में सीटी स्कैन सेवांए चालू हैं तथा झज्जर और चरखी-दादरी के लिए निविदाएं जारी की गई है। उन्होंने बताया कि एमआरआई सेवाएं 5 जिलों अंबाला, भिवानी, फरीदाबाद, गुरूग्राम और पंचकूला में उपलब्ध हैं और 6 जिलों कुरूक्षेत्र, पानीपत, बहादुरगढ (झज्जर), पलवल, चरखी-दादरी और यमुनानगर के लिए निविदा पहले ही जारी की जा चुकी और प्रक्रियाधीन है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य की 162 पीएचसी/सीएचसी अन्य के जीर्णाद्धार के लिए राशि को जारी कर दिया गया है और इसके तहत चरखी-दादरी के सीएचसी व पीएचसी पहले चरण में ही तैयार की जाएगी तथा सभी 29 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का पुनर्निर्माण अगले वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा।

होगी नियुक्ति

8 वर्तमान में राज्य में सभी 22 जिलों को कवर करते हुए खुदरा दवा लाइसेंस रखने वाले लगभग 171 केन्द्र हैं

'फरीदाबाद वार्डों के संबंध में दी गई शिकायत के मामले की जांच जारी'

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि नगर निगम फरीदाबाद के वार्डों के संबंध में दी गई शिकायत के मामले की जांच आयुक्त नगर निगम, फरीदाबाद को सौंपी गई है व जांच प्रक्रियाधीन है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डॉ. कमल गुप्ता आज हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के दौरान विधायक श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि जांच के लिए तत्कालीन आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद ने मामले की जांच के लिए संयुक्त आयुक्त, मुख्य अभियंता और जोनल एवं कराधान अधिकारी (मुख्यालय) की एक समिति गठित की। उन्होंने बताया कि सीएजी रिपोर्ट एवं एसीबी की जांच रिपोर्ट में बताए गए कार्यों के लिए भुगतान/सिफारिश करने वाले अधिकारियों के नाम भी दिए हैं। जिन अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है और जांच प्रक्रिया में है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मामले की जांच कर रही है। एसीबी ने आज तक उन अन्य अधिकारियों की आपराधिक संलिप्तता का कोई संकेत नहीं दिया है। उन्होंने सदन को बताया कि भविष्य में भी दोषी व्यक्तियों को सजा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने विभिन्न विभागों के अलग-अलग पोर्टल बना दिए हैं, डब्ल्यूएमएस बना दिया है।

सरकार स्पेशलिस्ट काडर बनाने जा रही: विज

स्पेशलिस्ट काडर तथा एमबीबीएस काडर की अलग-अलग रिक्तियों को निकाला जाएगा

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार स्पेशलिस्ट काडर बनाने जा रही है और इस पर सैद्धांतिक तौर पर सहमति दे दी गई है। इस संबंध में फाइल वित्त विभाग के पास हैं और जैसे ही इस बारे में अनुमति मिलेगी तो स्पेशलिस्ट काडर तथा एमबीबीएस काडर की अलग-अलग रिक्तियों को निकाला जाएगा। श्री विज आज यहां विधानसभा में बजट सत्र के दौरान लगाए गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य में पहली बार डाक्टरों की नियुक्ति बड़े स्तर पर की गई है जिसके तहत साल 2022 में 1252 डाक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया

था और 990 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्त किया गया। श्री विज ने कहा कि यह ठीक बात है कि राज्य में डाक्टरों की कमी है और सरकार पूरा प्रयास कर रही है कि मानदण्डों के अनुसार डाक्टरों की भर्ती हो। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्ष 2017-18 में 662 डाक्टरों की भर्ती निकाली गई थी, जिनमें से 554 डाक्टरों को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार, साल 2020 में 954 डाक्टरों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में 1252 डाक्टरों की रिक्तियों के विरूद्ध 990 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। श्री विज ने कहा कि भर्तियों की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 5522 डाक्टरों के कुल स्वीकृत पद हैं जिनमें से 4016 डाक्टर के पद भरे हुए हैं और वर्तमान में 1506 रिक्त पद हैं। उन्होंने कहा कि डाक्टर कई बार नौकरी छोडकर चले जाते हैं और पद रिक्त हो जाते हैं। लेकिन वर्तमान राज्य सरकार स्पेशलिस्ट काडर बनाने जा रही है और हमने इस पर सैद्धांतिक तौर पर इस पर

अवगत कराया

8 साल 2022 में 990 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्त किया गया: अनिल विज

'अटेली विधानसभा क्षेत्र के 80 गांवों में अनुसूचित जाति की चौपालें हैं'

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा कि अटेली विधानसभा क्षेत्र के 100 गांवों में से 80 गांवों में अनुसूचित जाति की चौपालें हैं तथा 32 गांवों में पिछड़े वर्ग की चौपालें हैं।

श्री बबली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अटेली विधानसभा क्षेत्र में 100 गांवों में से, 30 गांव ऐसे हैं जिनमें अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्ग की दोनों चौपालें बनाई गई हैं, 50 गांवों में केवल अनुसूचित जाति की चौपालें हैं, 2 गांवों में केवल पिछड़े वर्ग की चौपालें हैं और शेष 18 गांवों में कोई अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्ग की चौपालें नहीं है।

सरकार ने बजट में महिलाओं का रखा पूरा ख्याल: विधायक नैना चौटाला

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: जननायक जनता पार्टी की विधायक नैना सिंह चौटाला ने हरियाणा के बजट को महिलाओं के हित में बताया है और कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बजट में महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूह महिलाओं के लिए दुकानें खोलना, महिलाओं को वीटा बूथ, लखपति दीदी योजना, महिलाओं को सैनिटरी पैड वितरित करना व उनके स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करने जैसे अनेक निर्णय लिए है। वे मंगलवार को हरियाणा विधानसभा बजट सत्र में बजट चर्चा पर बोल रहीं थी। उन्होंने बजट में महिलाओं का पूरा ख्याल रखने के लिए राज्य सरकार का आभार भी व्यक्त किया। विधायक नैना चौटाला ने कहा कि आज हरियाणा में पढ़ी-लिखी पंचायतें है, पुरुषों के बराबर पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी है, राशन डिपो के संचालन में 33 प्रतिशत महिलाओं की हिस्सेदारी है, इससे सरकार ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना महिलाओं के लिए बड़ी गौरव की बात है। जेजेपी विधायक नैना चौटाला ने आगे कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल द्वारा 100 रूपए से शुरू की गई बुढ़ापा पेंशन आज गठबंधन सरकार में 3000 रुपए तक पहुंच गई है और ऐसा समय भी आएगा, जब हम इसे 5100 रूपए भी करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान हित में 14 फसलों को एमएसपी पर खरीदना और सीधा किसानों के खातों में एक लाख करोड़ रुपए का भुगतान करना किसानों के हित में है। इसी तरह नैना चौटाला ने हिसार हवाई अड्डे का विकास, पायलटों को प्रशिक्षण, ड्रोन तकनीक को बढ़ावा, 9 हजार किलोमीटर लंबी अतिरिक्त सड़कों को दुरुस्त करना, नए आरओबी-आरयूबी बनाना, खरखौदा मारुति प्लांट आदि को प्रदेश के हित में बताया।

चर्चा के दौरान अभय चौटाला ने बीजेपी और जेजेपी को

34 हजार करोड़ रूपए का कर्ज सिर्फ ब्याज चुकाने के लिए लिया गया, प्रदेश में कानून व्यवस्था का पूरी तरह से दिवालिया पिटा

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: बजट पर चर्चा के दौरान सदन में बोलते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इस बजट में 6 हजार करोड़ रूपए की बढोतरी की है और कर्ज लगभग 34 हजार करोड़ रूपए लिया है तो फिर इस बजट में अच्छा क्या है? प्रदेश को कर्ज में डूबो कर प्रदेश को दिवालिया कर दिया। 2021-22 के बजट में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी थी उसके बाद के जितने भी बजट आए हैं उनमें मात्र 3-3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अब प्रदेश के उपर 3 लाख 17 हजार करोड़ रूपए का कर्ज हो गया है। 34 हजार करोड़ रूपए का कर्ज सिर्फ ब्याज देने के लिए लिया गया है। सरकार 60 हजार करोड़ रूपए की सालाना कर्ज की अदायगी करती है और बजट का

एक तिहाई हिस्सा इसमें चला जाएगा। बाकी बचा हुआ पैसा तनख्वाह और अन्य खर्चों में चला जाएगा। इसका मतलब विकास पर तो पैसा खर्च ही नहीं होगा। पिछले बजट का पैसा सभी विभागों में लैप्स हुआ है। जब किसी भी विभाग में कोई पैसा लैप्स होता है तो अगले वर्ष केंद्र सरकार की तरफ से कटौती करके मिलता है। अगर पैसा पूरा खर्च होता है और उसके बाद और पैसों की मांग की जाती है तो अगली बार केंद्र की तरफ से 4-5 प्रतिशत बढ़ा के दिया जाता है। सरकार विकास के काम करवाने में गंभीर नहीं है। अगर गंभीर होती तो हर विभाग में पैसा लैप्स होने के बजाय और पैसों की मांग होती। कृषि के लिए 2022-23 में कुल बजट का 11.80 प्रतिशत था लेकिन इस वर्ष उसको कम करके 11.52 प्रतिशत कर दिया गया। .28 प्रतिशत की कमी कर दी गई। इसी तरह से शिक्षा और खेल में पिछले वर्ष के मुकाबले .3 प्रतिशत की कमी कर दी गई। ग्रामीण विकास में .9 प्रतिशत की कटौती की गई।

घेरा

8 जब किसी भी विभाग में कोई पैसा लैप्स होता है तो अगले वर्ष केंद्र सरकार की तरफ से कटौती करके मिलता है

कानून व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था का तो पूरी तरह से दिवालिया पिटा हुआ है। इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की निर्मम हत्या करने में किसी गैंग की कोई भूमिका नहीं है बल्कि यह बीजेपी गैंग का काम है। नफे सिंह राठी जिनकी हत्या कर दी गई हमारे सदन के सम्मानित सदस्य रहे हैं और उन्होंने मरने से पहले बकायदा एसपी को चार लोगों के नाम लिख कर दिए थे जिनसे उनको जान का खतरा था। उन्होंने अपने लिए सुरक्षा देने की गुहार लगाई थी लेकिन उनको सुरक्षा नहीं दी गई। जिन चार लोगों के नाम एफआईआर में लिखाए गए उन्हें गिरफ्तार करने के लिए कहा तो मुख्यमंत्री की तरफ से कहा गया कि ये तो बीजेपी के लोग हैं।

न्यूज फ्लैश

गाटर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

राजकुमार प्रिंस

करनाल। थाना मधुबन की टीम ने बाड़े से गाटर चोरी करने वाले दो आरोपियों सौरभ पुत्र विजय कुमार और मुकुल पुत्र कदम सिंह वासियान अमृतपुर कलां को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चुराए गए दो गाटर बरामद किए गए।

दोनों आरोपियों ने 23 फरवरी को शिकायतकर्ता राजिंद्र वासी अमृतपुर कलां के बाडे से दो गाटर चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में चोरी के तहत थाना मधुबन में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपियों ने लालच में आकर वारदात को अंजाम दिया था। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

ब्राह्मण सभा मॉडल टाउन की आम सभा की बैठक 10 मार्च को

राजकुमार प्रिंस

करनाल। ब्राह्मण सभा मॉडल टाउन की आम सभा की हाउस की बैठक आगामी 10 मार्च को बुलाई गई है। सभा के प्रधान राहुल बाली ने बताया की सभा की जरनल बॉडी की मीटिंग इस बार रविवार 10 मार्च को श्री शिव सनातन मंदिर सेक्टर-9 के प्रांगण में बुलाई गई है। बैठक में अन्य विषय के अलावा आगामी चुनाव के बारे में भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

पत्रकार संजय भाटिया के पिता के निधन पर सीएम के निजी सचिव जताया शोक

राजकुमार प्रिंस

करनाल। पत्रकार संजय भाटिया व भाजपा से किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रदीप भाटिया के पिता राधा कृष्ण भाटिया के निधन पर मुख्यमंत्री के निजी सचिव अभिमन्यु शोक व्यक्त करने उनके निवास गांव काछवा में पहुंचे और परिजनों के साथ संवेदना प्रकट की तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि स्व. राधा कृष्ण भाटिया एक कर्मठ, संघर्षशील व ईमानदार व्यक्ति थे। बच्चे चाहे कितने बड़े हो जाएं, उनके सिर से पिता का साया जाना दुखदाई होता है। इस अवसर पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला विस्तारक शशि दुरेजा, निगम के निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्घी, काछवा सरपंच प्रतिनिधि डॉक्टर दीपक कुमार, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हवा सिंह कांगर व अन्य पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एड्स पीड़ितों के लिए 2250 रुपए की मासिक वित्तीय सहायता : अनीश यादव

राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि एचआईवी/एड्स ग्रसित व्यक्ति व बच्चों को प्रदेश सरकार द्वारा 2250 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि एचआईवी से ग्रसित मरीज अच्छा, पौष्टिक आहार ले सकें।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए हरियाणा राज्य के दो वैध निवास प्रमाण-पत्र होने चाहिए व आय दो लाख रुपये से कम हो। उपायुक्त ने बताया कि वित्तीय सहायता लेने के लिए मरीजों को अपने नजदीक के सिविल अस्पताल के एआरटी सेंटर में संपर्क करना होगा व राशि सीधे मरीज के खाते में जमा होगी। उन्होंने बताया कि एड्स पीड़ितों के उपचार के लिए सिविल अस्पतालों में सरकार द्वारा सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को दी ट्रेनिंग

आदर्श चुनाव आचार संहिता, चुनावी खर्च पर निगरानी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई

राजकुमार प्रिंस

करनाल। आगामी लोकसभा चुनाव को स्वंतत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिये जिला सचिवालय में चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। इसमें उन्हें आदर्श चुनाव आचार संहिता, चुनावी खर्च पर निगरानी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अनुरोध किया गया कि हर अधिकारी व कर्मचारी पूरी ईमानदारी व निष्पक्ष होकर कत्र्तव्य का निर्वहन करें।

इन्द्री के एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि देश में सर्वप्रथम केरल ने सबसे पहले विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के लिये आचार संहिता को अपनाया। उसके बाद के सालों में आचार संहिता के स्वरूप में काफी बदलाव हुआ। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के मुख्यतः आठ भाग हैं। धर्म, जाति अथवा भाषा के आधार पर किसी भी ऐसी गतिविधि में संलिप्त होना, जिससे कि समाज में घृणा पैदा हों, मतभेद बढ़ें. अथवा तनाव पैदा हो, आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। मंदिर, मस्जिद, चर्च अथवा अन्य पूजा स्थलों का प्रयोग चुनाव प्रचार अथवा वोटों की अपील के रूप में नहीं किया जा सकता। वोट के लिये मतदाताओं को डराना-धमकाना अथवा रिश्वत देना भी अपराध है। मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकता। मतदान समापन के निर्धारित समय से 48 घंटे पहले चुनावी सभाओं अथवा प्रचार पर रोक रहेगी। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगी जो चुनाव प्रक्रिया खत्म होने तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि संहिता चुनाव लड? वाले उम्मीदवारों, राजनैतिक पार्टियों, केंद्र अथवा राज्य सरकार के कर्मचारियों, सरकार से फंड पा रहे निगमों, बोर्डों, विश्वविद्यालयों आदि के कर्मचारियों पर भी लागू होगी। किसी भी प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार में बाधा पहुंचाना, किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा।

योग मन को एकाग्र करने की क्रिया: दिनेश गुलाटी

राजकुमार प्रिंस

करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क सैक्टर 12 मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में पांच दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के तीसरे दिन सत्र की शुरूआत उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम से की। सूक्ष्म व्यायाम करने से शरीर का हर अंग एक्टिव हो जाता है। उसके बाद महिला प्रमुख नीलम बटला और शिक्षिका वीना धीर ने आसनों का अभ्यास करवाया, जो शरीर का संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं।

दिनेश गुलाटी ने ताली आसन का अभ्यास करवाते हुए कहा कि यह एक मानसिक और शारीरिक उत्तेजक है, क्योंकि यह आपके सारे ऊर्जा चक्रों को सक्रिय करता है और शरीर के रक्त संचार में सुधार लाता है। उसके बाद प्राणायाम के अभ्यास द्वारा श्वासो को नियंत्रित करना बताया। धीमी लंबी गहरी श्वास लेने से शरीर डिटॉक्सिफाई होता है, रोगों से लडने की क्षमता बेहतर होती हैं, विषैले तत्व शरीर से बाहर निकल जाते हैं।

भगवान शिव की मस्ती में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

राजकुमार प्रिंस

करनाल। शिव प्रभातफेरी की ओर से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर निकाली जा रही प्रभातफेरी में आज श्रद्धालु भगवान शिव की मस्ती में भजनों पर जमकर झूमे। प्रभातफेरी सेक्टर-8 पार्ट पार्ट 2 में अशोक खरबंदा के नवास स्थान से प्रारम्भ होकर मुख्य गलियों से होते हुए पुष्पा गोयल के निवास पर विश्राम लिया। प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के भजनों का गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने मेरे भोले की पक गई हैं भांग, बूंदियां पडने.लगी हैं पर झूम उठे। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि को लेकर प्रभातफेरी निकाली जाती हैं। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर कई श्रद्धालु हरिद्वार से पैदल गंगा जल लाकर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक करते हैं। 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव भक्तों का भारी उत्साह है। इस अवसर पर यतिन खरबंदा, पर्व खरबंदा, मोहन, राज बाला, अंजली भुटानी, राम लाल सहित भारी संख्या में श्रद्धालओं ने भोले बाबा का आशीर्वाद लिया।

मतदान में बढ़-चढ़ कर भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें : द ग्रेट खली

राजकुमार प्रिंस

करनाल। भारतीय चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार प्रदेश में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के दौरान रेसलर द ग्रेट खली ने आह्वान किया कि सभी मतदाता मतदान में बढ़-चढकर भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में मतदान अवश्य करें तथा अपनी मनचाही सरकार को चुनें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली के अंतर्गत चुनाव के दौरान वोट का बड़ा महत्व होता है।

द ग्रेट खली ने नीलोखेड़ी हलके के नागरिकों से वोट डालने की अपील की और कहा कि आप सब लोग वोट डालिए और अपना फर्ज निभाइए।

हरियाणा वासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाला है बजट : विज

विधानसभा में विधायक प्रमोद विज ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताया आभार

कमाल हुसैन

पानीपत: हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पेश किए गए बजट पर विधानसभा में धन्यवाद अभिभाषण के दौरान मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट हरियाणा वासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाला बजट है कबजट सर्व समाज को उन्नती देने वाला एवं गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी उत्थान पर आधारित बजट है कइस बजट में अंत्योदय के उत्थान हेतु कई सौगातें दी गई है

पानीपत में कॉमन बॉयलर लगाने की माँग:- विधानसभा सत्र के दौरान विधायक ने प्रश्न रखते हुए कहा कि पानीपत के उद्योगों को अक्टूबर - नवंबर के महीने में

एनजीटी के आदेश अनुसार उद्योग बंद करने पड़ते है, जिसका प्रभाव उद्योगों की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है कइस हेतु जल्द से जल्द कॉमन बॉयलर बनाया जाए क जिसपर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जवाब देते हुए कहा कि बायलर बनाने हेतु प्रक्रिया चल रही हैं शीघ्र ही निर्माण प्रारंभ किया जाएगा।

उपलब्धि

8 पानीपत के उद्योगों को अक्टूबर - नवंबर के महीने में एनजीटी के आदेश अनुसार उद्योग बंद करने पड़ते है

'छूट का लाभ लेने में 2 दिन शेष, बकायादार शीघ्र जमा करवाएं सम्पत्ति कर'

राजकुमार प्रिंस

करनाल। बकाया सम्पत्ति कर भरने में मिल रही छूट को केवल 2 दिन शेष हैं। इसे देखते हुए नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने सभी बकायादारों से अपील करते कहा है कि वे शीघ्र अति शीघ्र नगर निगम के कोष में अपना सम्पत्ति कर जमा करवा दें।

मार्किटिंग बोर्ड ने भरा टैक्स- उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से दी जा रही छूट का अच्छा-खासा लाभ उठाते हुए मंगलवार को हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने करीब 55 लाख रुपये सम्पत्ति कर जमा करवाया है। इसके अतिरिक्त खेल एवं युवा मामले विभाग कार्यालय, जिला परिषद, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा रोजवेज करनाल तथा क्षेत्रीय परिवहन जैसे कार्यालय भी अपना सम्पत्ति कर पहले ही जमा करवा चुके हैं। उन्होंने राज्य व केन्द्र सरकार के अन्य विभागों से भी पुनः अपील करते कहा है कि वह भी छूट का फायदा उठाते हुए नगर निगम के कोष में सम्पत्ति कर जमा करवा दें।

छूट की दी जानकारी- छूट की जानकारी देते उन्होंने बताया कि 29 फरवरी तक जो बकायादार नगर निगम के खजाने में एकमुश्त राशि जमा करवाएगा, उसे समस्त ब्याज माफी की छूट का लाभ मिलेगा। यही नहीं बकाया मूल राशि व चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी। लेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करना होगा।

15 करोड़ रुपये सम्पत्ति कर हुआ जमा- उन्होंने बताया कि नगर निगम के खजाने में अब तक 15 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हो गए हैं। बकायादारों को कर से मुक्त करने के लिए सरकार की ओर से जारी छूट को देखते बकायादारों को चाहिए कि वे इस सुनहरी मौके का फायदा उठाएं और निगम के खजाने में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर चिंता मुक्त हो जाएं। ऑनलाईन भी भर सकते हैं प्रॉपर्टी टैक्स- उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए किसी कारण से निगम कार्यालय में नहीं आ सकते, उनके लिए ऑनलाईन टैक्स भरने की बहुत ही आसान प्रक्रिया है। इसके लिए ऑनलाईन पोर्टल, (प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन) पर जाकर टैक्स भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रॉपर्टी टैक्स बिल पर छपे बार कोड को स्कैन करके साईट ओपन हो जाती है, उसमें भी व्यक्ति क्रेडिट व डेबिट कार्ड या पे.टी.एम. से ऑनलाईन पेमेंट कर सकते हैं। इसमें समय की बचत भी होगी। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. में आपत्ति दर्ज कर उसे दुरूस्त करवाना चाहता है। तो वह भी उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करवा सकता है। निगमायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से बकायादारों को लगातार छूट दी जा रही है।

संपत्ति कर

8 सरकार की ओर से दी जा रही छूट का अच्छा-खासा लाभ उठाते हुए करीब 55 लाख रुपये सम्पत्ति कर जमा करवाया

आजाद की सोच भी आजाद थी: दिनेश बख्शी

राजकुमार प्रिंस

करनाल। लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने कहा कि आजाद की सोच भी आजाद थी। उनका कहना था कि दुश्मनों की गोलियों का सामना करेंगे, आजाद हैं, आजाद रहेंगे। भारत की धरती ने अनेकों ऐसे वीरों को पैदा किया है, जिन्होंने देश की आजादी को साकार करने के लिए अपने प्राणों की परवाह नहीं की और अंग्रेजों के नाक में दम कर दिया। ऐसे ही वीर चंद्रशेखर, जो कि आगे चलकर आजाद नाम से प्रसिद्ध हुए।

उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में पैदा हुए थे। बचपन की एक घटना जलियां वाला बाग ने आजाद को अंग्रेजी शासन के खिलाफ इस कद्र कर दिया और उन्होंने उसी समय प्रतिज्ञा ली कि जब तक जिंदा रहूंगा, अंग्रेजी शासन को चैन की सांस नहीं लेने दूंगा, आजाद हूं, आजाद रहूंगा। अपनी प्रतिज्ञा के अनुरूप कभी अंग्रेजी सरकार के हाथ नहीं लगे।

उन्होंने कहा कि आजाद शरीर से इतने बलशाली थे कि उनके अंतिम समय में अंग्रेजों के लिए मुखबिरी करने वालों के कारण, जब वह एलफ्रेंट पार्क में अंग्रेजों द्वारा घिर जाने पर मुकाबला हुआ और आखिर में खुद को गोली मार कर अंग्रेजों के हाथ न आने की अपनी प्रतिज्ञा को पूरा किया।

आज कर्ण पार्क में लक्ष्य जनहित सोसाइटी और सामाजिक राष्ट्रीय संगठन द्वारा सामूहिक रूप से ऐसे वीर स्वतंत्रता सेनानी शहीद चंद्रशेखर को याद कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनकर श्रद्धांजलि, भावांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सतीश पांचाल, गुलाब सिंह पोसवाल, भूषण कुमार, मुकेश कुमार, नारी शक्ति पूजा, सावी चौधरी और कृष्णा मौजूद रहे।

कमाई करते हुए पढ़ाई करने का अवसर देती है इग्नू: डा. धर्मपाल

राजकुमार प्रिंस

करनाल। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ.धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है। इग्नू में जनवरी 2024 सेशन के लिए एडमिशन अभी चल रहे है। इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में एडमिशन ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आज का युवा अपने पैरों पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बनना चाहता और इग्नू ऐसे सभी युवाओं को मौका देती है, कि वह अपने काम काज करते करते इग्नू से उच्च शिक्षा भी ले सकते हैं आज अनेकों ऐसे विद्यार्थी हैं, जो इग्नू के माध्यम से उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हैं। साथ में अपना काम काज या कॉम्पिटिशन परीक्षाओं की तयारी कर रहे हैं।

उन्होंने ने बताया कि ऐसे एससी-एसटी विद्यार्थी, जिन्होंने अभी 10 जमा 2 की परीक्षा पास की है, वे सभी इग्नू तीन ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों बीएजी, बीएससीजी और बीकॉमजी कोर्स में फ्री एडमिशन ले सकते हैं। फ्री एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स के माता पिता की इनकम ढाई लाख रुपये सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें सिर्फ 300 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस और 500 रुपये डेवलपमेंट फीस देनी होगी।

'प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनवाई'

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: लोकसभा चुनाव कार्यलय में भाजपा के शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर एक बैठक हुई। इस कार्यक्रम की संयोजक अनु माल्यान व अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि बतान ने की। जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह, गोमाता मंदिर कमेटियां, एनजीओ व सामाजिक कार्य में अपना विशेष स्थान रखने वाली संस्थाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित सभी सामाजिक संगठनों से सामाजिक कार्य पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा की तरफ से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण बेदी मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे।इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने में मोदी सरकार में स्वास्थ्य के क्षेत्र कोविड महामारी बारे जिक्र करते हुए कहा कि यह एक जानलेवा बिमारी थी जिसमें आदमी आदमी को छू नहीं सकता था। उस स्थिति में भाजपा के कार्यकताओं, एनजीओ और धार्मिक संस्थाओं ने अंतिम छोर तक सहायता पहुंचाने का कार्य किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व महामंत्री तेजिन्द्र गोल्डी ने सभी धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं व एनजीओ के साथ चाय पर चर्चा करते हुए कहा कि हमने 500 साल राम मंदिर के लिए संघर्ष किया। जिसमें संत, पुजारी व एक लाख 34 हजार लोगों ने राम मंदिर के लिए कुर्बानिया दी। और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भव्य राम मन्दिर का निर्माण करवाके इन कुर्बानियों को सार्थक किया।जिला अध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।

रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहना चाहिए : डा. अशोक वर्मा

स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर राजीवपुरम में 488वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया

राजकुमार प्रिंस

करनाल। स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर राजीवपुरम में 488वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी सचिव कुलबीर सिंह मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि स्टार रक्तदाता नरेश खिप्पल ने शिविर की अध्यक्षता की। डॉ. शशी शर्मा के निर्देशन में शिविर पूर्ण हुआ।

कुलबीर सिंह मलिक ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान अति पुण्य का कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को तीन माह के अंतराल में रक्तदान करना चाहिए। 167 बार रक्तदान के साथ 81 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके एवं राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि मनुष्य का रक्त सडकों पर नालियों में नहीं अपितु जरूरतमंद की सहायता के साथ नाडि?ों में बहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज का युवा अपनी सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग समाज और राष्ट्र के कल्याण में करें, न कि नशों आदि में करके जीवन को नष्ट कर ले। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि युवा नशे के टीके लगाकर अपने जीवन को मृत्यु के समीप ले जा रहे हैं। उन्हें चाहिए कि सुई नशे की न लगाकर रक्तदान की लगवाएं और अमूल्य जीवन बचाकर पुण्य कमाएं।

डा. अशोक वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चंद्रशेखर आजाद ने अपने वचन को निभाया था। उन्होंने कहा था कि मैं आजाद था आजाद हूँ और आजाद ही रहूंगा।

अपील

8 उन्हें चाहिए कि सुई नशे की न लगाकर रक्तदान की लगवाएं और अमूल्य जीवन बचाकर पुण्य कमाएं

वृद्धाश्रम में मनाई गई चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

अर्पित

8 वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों एवं प्रेरणा संस्था के पदाधिकारियों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

टीम एक्शन इंडिया

कुरुक्षेत्र : प्रेरणा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि बड़े श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों एवं प्रेरणा संस्था के पदाधिकारियों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ऐसे महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अंग्रेजी साम्राज्य की चूलें हिला कर रख दी। अंग्रेजों की शक्तिशाली फौज पूरा प्रयास करने के बाद भी उनको पकड़ नहीं पाई। उनका कथन था कि मैं आजाद था आजाद हूँ और आजाद ही रहूंगा। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्था के सक्रिय सदस्य हरकेश पपोसा ने करते हुए कहा कि ऐसे महान क्रांतिकारी देशभक्त को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हमें गर्व का अनुभव हो रहा है। कवि डा. अशोक बत्रा भी विशेष तौर पर सोनीपत से पहुंचे और उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से देशभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वृद्धाश्रम की बुजुर्ग महिलाओं ने भी श्रद्धा भाव को कविताओं के माध्यम से रखा। इस मौके पर रामलाल सिंगला, डा. विजय दत्त शर्मा, बलविंदर कौर, शकुंतला देवी, क्षमा मल्होत्रा, मधु शर्मा, जोगिंदर सिंह, चंद्रकांत ठक्कर, इंद्रप्रीत सिंह बिंद्रा, कश्मीरी लाल जैन, विजय कुमार अग्रवाल, बी.श्रीवास्तव, सुशील कुमार गर्ग इत्यादि मौजूद रहे।

संपादकीय

दाल-रोटी के नेपथ्य में जाने के खतरे

नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस की हालिया रिपोर्ट में रहन-सहन और खान-पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव सामने आया है। जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्च में तेजी से कमी देखी जा रही है, वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। मजे की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो, ऐसा नहीं हैं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है। यह रुझान तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है। मजे की बात यह है कि खाद्यान्न (सिरियल्स) के उपयोग में कमी आई हैं वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

दरअसल यह बदलाव बदलते परिदृश्य को भी स्पष्ट करता है। इस रिपोर्ट का विश्लेषण किया जाए तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानी की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है। इन्हें भी शामिल कर लिया जाए तो भी खान-पान पर होने वाला व्यय 1999-00 की तुलना में 2022-23 आते-आते बहुत कम हो गया है वहीं अखाद्य वस्तुओं पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च किया जा रहा है। लगता है जैसे अब लोगों की समान रूप से प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रह रहे है। बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है कि मॉल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है। सर्वे से स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव, गांव नहीं रहे। वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते। यही कारण है कि उत्पादकों द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र को भी टारगेट बनाकर रणनीति तैयार की जाने लगी है। देश में दो दशक में ही आए इस बदलाव को आंकड़ों की भाषा में समझें तो ग्रामीण क्षेत्र में 1999-00 में खाद्य सामग्री पर 59.40 प्रतिशत राशि व्यय की जा रही थी, वहीं 2022-23 आते-आते यह घटकर 46.38 प्रतिशत ही रह गई। खास बात यह कि इसमें तेजी से बदलाव खासतौर से पिछले एक दशक में देखा गया है। इसी तरह से शहरी क्षेत्र की बात की जाए तो 1999-00 में खाद्यान्न पर 48.06 प्रतिशत राशि खर्च की जाती थी जो 2022-23 में 39.17 प्रतिशत रह गई। सबसे खास बात यह कि सिरियल्स में जो कमी आई है भले ही उसके पीछे विशेषज्ञ एक कारण सरकार द्वारा खाद्य सामग्री का निःशुल्क व कम कीमत पर वितरण मान रहे हैं पर यह गले उतरने वाली बात इसलिए नहीं है कि खाद्य सुरक्षा के तहत एक सीमा तक ही निःशुल्क खाद्य सामग्री का वितरण हो रहा है। हां, कुछ हद तक खाने-पीने के बदलाव की बात कही जाती है पर यह भी सही नहीं मानी जा सकती क्योंकि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के उपयोग में उतनी बढ़ोतरी नहीं दिख रही जितनी सिरियल्स के उपयोग में कमी आई है।

किसान आंदोलन दोनों पक्ष दिखाएं समझदारी

राजेश माहेश्वरी

> "सड़क और बिजली पहुंचने के कारण ग्रामीण भारत की तस्वीर काफी हद तक बदल चुकी है। ऐसे में किसान समुदाय में खेती के प्रति लगाव बनाए रखने के लिए आवश्यक है उसका आर्थिक पक्ष सुदृढ़ हो। लेकिन यह एक क्रमिक प्रक्रिया है जो दबाव बनाकर पूरी करवाना संभव नहीं लगता। भारत की आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े कामों में जुड़े थे। देश की राष्ट्रीय आय का 54 फीसदी हिस्सा भी इसी सेक्टर से आता था। लेकिन साल दर साल राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा घटता चला गया। साल 2019-20 के आंकड़ों पर नजर डालें तो राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा 17 फीसदी से भी कम रह गया। इसके साथ ही खेती से जुड़े लोगों की हिस्सेदारी में भी गिरावट आई है। आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े थे जो अब घटकर 54 फीसदी पर आ गई है"

न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर किसान आंदोलनरत हैं। नवंबर 2021 में किसानों ने आंदोलन खत्म किया था, लेकिन दो साल बाद वह फिर सड़कों पर हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान किया था। किसान यूनियनों ने दिल्ली चलो का नारा दिया है। पुलिस की सख्ती के चलते किसान अपने स्थान से आगे नहीं बढ़ पाये हैं। किसानों नेताओं और सरकार के प्रतिनिधियों के मध्य तीन दौर की वार्ता के बाद भी समस्या का कोई हल निकल नहीं पाया है। किसानों ने आगामी 29 फरवरी तक दिल्ली कूच का कार्यक्रम टाल दिया है। अब तक किसान आंदोलन के दौरान सात मौतें हो चुकी है। इन में चार किसान और तीन पुलिस कर्मचारी शामिल है। ये पहली बार नहीं है जब किसान आंदोलन कर रहे हैं। दो साल पहले दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन हुआ था तब मोदी सरकार को किसानों के आगे घुटने टेकने पड़े थे और संसद से पारित तीन कृषि कानूनों को रद्द करना पड़ा था। किसानों का डर था कि ये कानून न्यूनतम समर्थन मूल्य को खत्म कर सकते हैं और खेती-किसानी कॉपोरेट कंपनियों के हाथों में सौंप जा सकते हैं। हालांकि, कृषि कानूनों को लेकर किसानों को बड़ी कुबार्नी देनी पड़ी। किसान करीब एक साल तक लगातार धरना प्रदर्शन करते रहे। दो साल पहले सरकार ने न सिर्फ कानूनों को रद्द कर दिया, बल्कि एमएसपी पर गारंटी देने का वादा किया। इसके बाद किसानों ने आंदोलन वापस ले लिया थां लेकिन अब किसानों का कहना है कि सरकार ने एमएसपी को लेकर अपने वादे पूरे नहीं किए। हालांकि केंद्र सरकार और किसान नेताओं के बीच वार्ता भी जारी है किंतु अभी तक समझौता नहीं हो सका। ऐसे में प्रश्न उठता है कि आखिर ये संघर्ष कब तक चलता रहेगा। असल में सरकार जो प्रस्ताव देती है उसे किसान नेता किसी न किसी बहाने से ठुकरा देते हैं। कृषक वर्ग के प्रति हर किसी की सहानुभूति होने के बावजूद इस आंदोलन के प्रति ये अवधारणा व्याप्त है कि ये पंजाब के बड़े किसानों द्वारा प्रायोजित है। जेसीबी और पोकलेन

जैसी मशीनों का साथ होना स्पष्ट करता है कि आंदोलन के पीछे कुछ ऐसी शक्तियां छिपी हैं जिनका उद्देश्य शांति-व्यवस्था को खतरे में डालकर अपना स्वार्थ सिद्ध करना है। यही वजह है कि पंजाब से ही आंदोलन के विरुद्ध आवाजें उठने लगी हैं। जिस अकाली दल ने कृषि कानूनों के विरोध में मोदी सरकार से नाता तोड़ लिया वह भी खुलकर कह रहा है कि किसान पहले पंजाब सरकार के विरुद्ध आंदोलन करें जिसने उनके साथ किए वायदों पर अमल नहीं किया। जहां तक एमएसपी का प्रश्न है तो उससे किसी को एतराज नहीं है। लेकिन सभी कृषि उत्पादों के लिए उसका तय किया जाना अव्यवहारिक लगता है। इसी तरह की कुछ और मांगें हैं जिनको सैद्धांतिक सहमति के बावजूद स्वीकार करना मौजूदा स्थितियों में असंभव है । सबसे बड़ी बात ये है कि यह आंदोलन पूरे देश के किसानों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता। पिछली बार दिल्ली में चले लंबे किसान आंदोलन को ज्यादातर राजनीतिक दलों का समर्थन मिलने के बाद भी वह दिल्ली के निकटवर्ती कुछ राज्यों के किसानों तक सीमित होकर रह गया था। ये बात भी देखने मिल रही है कि आंदोलनकारी जिस अंदाज में दिल्ली आना चाहते हैं वह किसी हमले की तैयारी जैसा लगता है। पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधों को तोड़ने के लिए जेसीबी और पोकलेन मशीन जैसे उपकरण साथ लाना उनकी मंशा को स्पष्ट करता है। जिस तरह से पुलिस के साथ उनका मुकाबला हो रहा है। उससे इस संदेह की पुष्टि होती है कि किसानों के कंधे पर रखकर कोई और बंदूक चला रहा है। यदि यह आंदोलन समूची किसान बिरादरी की आवाज होता तो अब तक दूसरे राज्यों से भी किसान दिल्ली आने लगते। और ऐसे समय जब रबी फसल तैयार होने को है और किसान का पूरा ध्यान कटाई के बाद अपनी फसल को सही समय पर बेचने में लगा हो तब उसका अपने खेत से दूर जाकर बैठ जाना चौंकाने वाला है। किसान की आय बढ़े और खेती लाभ का व्यवसाय बने इसमें भी किसी को ऐतराज नहीं होगा। किसान की खुशहाली से ही भारत के उपभोक्ता बाजार में रौनक आती है। सड़क और बिजली पहुंचने के कारण ग्रामीण भारत की तस्वीर काफी हद तक बदल चुकी है। ऐसे में किसान समुदाय में खेती के प्रति लगाव बनाए रखने के लिए आवश्यक है उसका आर्थिक पक्ष सुदृढ़ हो। लेकिन यह एक क्रमिक प्रक्रिया है जो दबाव बनाकर पूरी करवाना संभव नहीं लगता। भारत की आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े कामों में जुड़े थे। देश की राष्ट्रीय आय का 54 फीसदी हिस्सा भी इसी सेक्टर से आता था। लेकिन साल दर साल राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा घटता चला गया। साल 2019-20 के आंकड़ों पर नजर डालें तो राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा 17 फीसदी से भी कम रह गया। इसके साथ ही खेती से जुड़े लोगों की हिस्सेदारी में भी गिरावट आई है। आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े थे जो अब घटकर 54 फीसदी पर आ गई है। इसमें एक आंकड़ा और भी चैंकाने वाला है. साल 2017 में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए बनाई गई समिति ने पाया है कि भले ही देश की जीडीपी में खेती की हिस्सेदारी घट रही हो लेकिन इस सेक्टर में काम करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। इसका मतलब साफ है कि खेती ही भले ही घाटे का सौदा बन रही है, लेकिन गांवों में बेरोजगारों को रोजी-रोटी देने में आज भी यही सेक्टर सबसे आगे है। किसान को इज्जत से जीवन जीने का अधिकार है। किसान की इनकम कैसे बढ़े असली सवाल यही है, वह एमएसपी से आए ये जरूरी नहीं है। उसके और तरीके निकाले जाने चाहिए। अमेरिका में कैसे होता है, वैल्यू एडिशन पर टैक्स लगाकर उसे सरकार सब्सिडी के तौर पर दोबारा कृषि क्षेत्र में दे देती है। यह समझना चाहिए कि हम भारत में ऐसा सिस्टम क्यों नहीं बना सकते, बिल्कुल बना सकते हैं। केरल का उदाहरण, क्या दूसरे राज्य नहीं अपना सकते। एमएसपी राज्य सरकार का विषय है, वहां सुविधा दीजिए, कोई बाहर क्यों जाएगा। आजादी होनी चाहिए। बिचौलिये खत्म होने चाहिए। जब भी कोई आंदोलन होता है और आंदोलनकारी बातचीत की मेज पर जाते हैं तो उसकी एक माँग होती है। उनका आचार व्यवहार इस तरह का नहीं हो सकता कि सब लेंगे या कुछ नहीं लेंगे। दुनिया में कोई भी आंदोलन इस तरह से नहीं होता है। आंदोलनकारी जब बातचीत की मेज पर जाते हैं तो दोनों पक्ष थोड़ा-थोड़ा अपनी पोजिशन से हटते हैं और तभी बीच का रास्ता निकलता है। आंदोलनकारियों को ये समझना होगा कि उनकी सभी बातें स्वीकार करने के बाद भी उनका क्रियान्वयन न हो तो उसका लाभ ही क्या ? इसमें कोई संदेह नहीं है कि ज्यादातर किसान अभी तक बाजारवादी अर्थव्यवस्था के साथ सामंजस्य नहीं बिठा सके। वैसे भी प्रत्येक राज्य के किसानों की समस्याएं अलग-अलग हैं। एमएसपी के बारे में भी ऐसा ही है। बेहतर हो आंदोलन कर रहे किसान इस बात को समझें, और व्यावहारिकता के धरातल पर उतरकर मांगों को मनवाने की दिशा में पहल करें।

-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

कविता

"झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

सनातन संस्कृति को उपहार है - सुदर्शन सेतु

मृत्युंजय दीक्षित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में आरम्भ सनातन हिन्दू संस्कृति का अमृतकाल प्रतिदिन नई आभा प्राप्त कर रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में दिव्य, भव्य एवं नव्य राम मंदिर के उद्घाटन से अबू धाबी के मंदिर और उसके उपरांत उत्तर प्रदेश के संभल जिले में कल्कि धाम का शिलान्यास अमृत काल के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बिंदु हैं । अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान से संपूर्ण विश्व के सनातन हिंदू समाज ने दीपावली मनाई वह अद्भुत और ऐतिहासिक है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन तक कठोरता से यम नियम का पालन किया और उन सभी मंदिरों में गये जिनका रामायण काल से किसी न किसी प्रकार से संबंध रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिस भी मंदिर में जाते हैं उसके विस्तार तथा आसपास के क्षेत्रों के विकास का वृहद चित्र खींकर आते है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज भारत प्रत्येक तीर्थ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सनातन की प्राचीनता से वर्तमान को परिचित कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात यात्रा के दौरान यहाँ के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा ड्राइविंग करके भगवान श्रीकृष्ण की जलमग्न प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करते हुए जल के अंदर पूजा की और इतिहास में एक अमर क्षण जोड़ दिया। स्वाभाविक रूप से अब प्रत्येक सनातनी हिंदू जलमग्न द्वारका के दर्शन कर स्वयं को धन्य करना चाहेगा और जलमग्न द्वारका तीर्थ भी श्रद्धालुओं की यात्रा सूची में आ जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारका शारदापीठ में शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज का आसहीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री ने बताया कि जलमग्न द्वारका के विषय में पुरातत्व वेत्ताओं द्वारा और पुराणों में बहुत कुछ लिखा गया है। हमारे शास्त्रों के अनुसार द्वारका सुंदर द्वारों और ऊंचे भवनों वाली ये पुरी पृथ्वी पर शिखर के सामान होगी, मान्यता है कि स्वयं भगवान विश्वकर्मा ने ही द्वारका नगरी का निर्माण किया था। नौसेना के गोताखोरों की सहायता से प्रधानमंत्री ने प्रार्थना की, हाथ जोड़े और भगवान श्रीकृष्ण को मोरपंख अर्पित किया। बाहर आने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि द्वारका जी में मैं पुरातन भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर रहा था। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने द्वारका में देश के सबसे लंबे पुल का लोकार्पण किया जिससे इस क्षेत्र में विकास और पर्यटन के एक नये महायुग का प्रारम्भ होगा, इस पुल का नामकरण सुदर्शन सेतु किया गया है। सुदर्शन सेतु की विशेषताएं - यह एक ऐतिहासिक सिग्नेचर ब्रिज है जिसकी प्रेरणा गीता है और स्रोत सूर्य की उर्जा। 7 अक्टूबर 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी थी । पूर्व में इस पुल का नाम सिग्नेचर ब्रिज था जिसे अब सुदर्शन सेतु कर दिया गया है। यह ओखा को समुद्र के बीच टापू जैसे रूप से उभरे बेट द्वारका से जोड़ता है।

विचार

क्यों यूपी लोकसभा चुनाव में भरेगा भाजपा की झोली

आर.के. सिन्हा

अब कुछ हफ्तों के बाद ही देश में लोकसभा चुनावों की घोषणा हो जाएगी। पर उत्तर प्रदेश (यूपी) को छोड़कर देश के लगभग सभी राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए कांटे की टक्कर होने की संभावना है । लेकिन, उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर नतीजे कुल मिलाकर लगभग तय हैं। यह बात उत्तर प्रदेश के शिखर सियासी नेताओं से लेकर आम इंसान तक को भलीभांति यह पता हैं। कभी जंगलराज, भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार से जूझने वाला यूपी अब भारी-भरकम मोटा निवेश भी खींच रहा है। सात साल पहले तक तो यूपी की गिनती बीमारु राज्यों में होती थी, लोग मजाक में यू.पी. को उल्टा प्रदेश भी कहते थे कलेकिन, आज यूपी की पहचान देश के खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में भी होने लगी है। यूपी आज विकास की असीमित संभावनाओं के प्रदेश के रूप में स्थापित हो चुका है। यूपी देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश दूसरे अब नंबर पर है। देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेनदेन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। यही नहीं राज्य में डीमैट खातों की संख्या में भी सकारात्मक बढ़ोत्तरी हुई है।

आज अगर यूपी में चौतरफा विकास हो रहा है, तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश की यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल औ? कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है । 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं। इसी तरह वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने अकेले दम पर कुल उत्तर प्रदेश विधान सभा की 403 सीटों में से 225 सीटें जीत कर उत्तर प्रदेश की सत्ता में धमाकेदार वापसी की। अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सीटों का आंकड़ा 272 तक पहुंच गया। इस जीत ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को एक प्रकार से प्रतिष्ठित कर दिया। बेशक अब लोकसभा चुनाव में भी यूपी भरेगा भाजपा की झोली। योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में यूपी का नया फुल फॉर्म भी बताया। वे कहते हैं कि यूपी का मतलब है अनलिमिटेड पोटेंशियल। बीते दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी के अलावा पीएम मोदी भी लखनऊ में थे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर और हमारी नीतियों पर विश्वास जताया। उत्तर प्रदेश को अबतक लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्राप्त हो चुके हैं और आते ही चले जा रहे हैं । इन्ही प्रयासों को धरातल पर उतारने का आज उत्सव है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले 7 वर्षों में यूपी में निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं। यूपी पर नजर रखने वालों को पता है कि राज्य में निवेश तो आ ही रहा है। साथ ही सरकार की तरफ से यह भी कोशिशें हो रही हैं ताकि कभी अपनी कपड़ा मिलों और मजदूरों के लिए मशहूर रहे कानपुर को फिर से उसका पुराना गौरव मिल जाए। कानपुर में आईटी सेक्टर के अलावा इलेक्ट्रानिक सामान और आटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े उत्पादों का उत्पादन करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। कानपुर से देश के उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम राज्यों के बाजारों में पहुंचने की सुविधा है। कानपुर में आटो और आटो पार्ट्स की अनेक इकाइयां खड़ी हो सकती हैं। चूंकि राज्य सरकार अपने यहां आने वाले निवेशकों को टैक्स में भी छूट दे रही है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

बांधा फलाने का पटका तो स्वस्थ लोकतंत्र अटका

सूर्यदीप कुशवाहा

राजनीति में लटके-झटके का मुफिद वक़्त चुनाव मुकरर्र है। माननीयों के इस अदा का मीडिया मुरीद है। राज्यसभा का चुनाव आया और माननीयों को ताव आया। न्यूटन का तीसरा नियम है कि "प्रत्येक क्रिया के लिए हमेशा एक समान और विपरित प्रतिक्रिया होती है। इस विपरित बल को प्रतिक्रिया बल कहा जाता है।" चुनावी फिजिक्स में भी न्यूटन का तीसरा नियम काम करता है। चुनाव में विपरीत बल बहुत लगता है। कुछ प्रतिक्रिया देकर दल -दल में पैर माननीय डालते है। फायदा -नुकसान आकलन में संकलन की रिपोर्ट हवा - हवाई है। चुनाव में वक़्त बेवक्त बन जाता है। आलाकमान को अपनी अक-ड़ पकड़ कर रखनी चाहिए। वरना पगड़ी उछल जाती है। चुनाव बीतने पर पछताए हित क्या? राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग की खबरें मीडिया में उड़ी या उड़ाई गई। सपा बस वफा पर विश्वास जमाई थी। लेकिन मोए -मोए हो गया। उनके पांच सनम वेवफा निकले। दिल की अरमा आंसुओं में बह गए... राज्यसभा जाने का सपना ढह गए। आलाकमान का अपने विधायकों के दिल पर आला लगा के भी न समझ पाए।पहले सेंटिंग फिर क्रॉस वोटिंग हो गई। ईमानदारी का बेसुरा गान सिर्फ राजनीति में गाया-बजाया जाता है।असल में यहाँ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बेचारा ईमानदार काला है। यहाँ सफेद झूठ का क्रय-विक्रय है।बस अपनी ढपली अपना राग हर दल -दल में सांग। राजनीति में रांग ही राइट होता है। मीडिया को मसाला चाहिए। क्रॉस वोटिंग की खबर मसालेदार है। यह टीआरपी के लिए भी जायकेदार है। जहाँ जायका है वहीं विधायकों का मायका है। इस दल से उस दल में विदाई रश्म निभाई जाती है। यह लोकतंत्र है। इसलिए हक है उन्हें विदा होकर मायका या ससुराल जाना। जिस दल से जाता है उसके लिए झटके पर झटका और बांधा फलाने का पटका। राज्यसभा चुनाव में जीत की गारंटी है। किस दल -दल के विधायकों की वारंटी है? पीडीए से उड़ी नींद तो किसी की है जिद। राजनीति में भी चुनावी वैतरणी पार करने के लिए सात खून माफ। विपक्ष का सुफड़ा साफ।राज्यसभा चुनावी खेला की शुभ बेला में क्रास वोटिंग का ढेला फेंका गया।

मफलर, टोंटी और साड़ी लपेटी फोटोकॉपी

डॉ. सुरेश कुमार

फेंकू जी फेंकते हैं और लपेटू जी लपेटते हैं। फेंकू जी लच्छेदार भाषण फेंकते रहते हैं और लपेटू जी उसी भाषणों से बिजली तैयार करते हैं। दोनों में चुनावी कैंपेनिंग के समय कुर्सी को लेकर काफी कन्फ्यूजन बना रहता है। फेंकू जी फोटोजेनिक और कुसीर्जेनिक दोनों हैं, इसलिए जल्दी ही वे लपेटू का हाथ अपनी काख में दबाकर दूध में से मक्खी के माफिक दूर कर देते हैं। वे एक साथ भी चल सकते हैं लेकिन अनुशासन से बंधे हुए हैं । दोनों देशभ्रमण पर निकले हुए हैं। तुम्हें पता भी है हमें कहाँ जाना है ? अचानक लपेटू जी ने फेंकू जी से पूछा । इसमें पता करने की क्या बात है। जो हमारे खिलाफ हैं उसे धर दबोचने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्हें जेल में डालना है या फिर सम्मानों के बिस्कुट रूपी टुकड़ों से भारी डिस्काउंट वाले सेल में खरीदना है!! फेंकू ने अपने फेंकाऊपन की मिसाल पेश की। मेरा मतलब है फेंकू जी कि हम लोग देशभ्रमण पर जा रहे हैं तो हमें ठीक से पता होना चाहिए कि कहाँ-कहाँ का जाना है । इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि कहीं हमारा देशभ्रमण गलत न हो जाए। देशभ्रमण की चिंता छोड़ो लपेटू जी। बस इतना याद रखो कि जिनका हिसाब करना हैं, उन्हें या तो जेल में रखना है या फिर खेल से बाहर रखना है । मात्र देशभ्रमण के लिए हम अपना समय बर्बाद नहीं कर सकते हैं। मैंने तो यूँहीं पूछ लिया था। जेल या खेल के लिए बंदे को तो चुनना ही होगा न! वरना किसका हिसाब करेंगे और कैसे?

पालतू कुत्तों का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है लपेटू जी। मैं न केवल कुत्तों को दुम हिलाने के लिए बल्कि काटने के लिए भी पाल रखा है। देखा नहीं अभी तक हमारे कुत्ते कितनी बार मफलर कुमार पर भौंक चुके हैं। जरूरत पड़ी तो अबकी काटने के लिए छोड़ देंगे। हमें तो केवल कुत्तों को छू कहने की जरूरत है। यहाँ छू कहा वहाँ धर दबोचेंगे। अभी तक न जाने कितने जेल के भीतर हैं और न जाने कितने लाइन में खड़े हैं। इसलिए लपेटते रहो, लपेटते रहो। फेंकू जी ने दाढ़ी पर हाथ फेरते हुए कहा। फिर भी मैं सोचता हूँ कि एक बार सबसे पहले किसके पास जाना है, उसके बारे में विचार कर लेने में कोई हर्ज नहीं है।

न्यूज फ्लैश

नागरिक अस्पताल में जिला उपायुक्त का औचक निरीक्षण

सोनीपत: नागरिक अस्पतात में सोमवार सुबह जिला उपायुक्त मनोज कुमार अमले के साथ औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने रजिस्ट्रेशन कांउटर के बाहर मरीजों की भीड़ देखी। उसके बाद आपाताकालीन कक्ष, ओपीडी, प्रसूति विभाग का निरीक्षक किया। निरीक्षण के दौरान जिला उपायुक्त ने आपातकालीन कक्ष के वार्ड में भर्ती एनीमिया के मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। वहीं जिला स्वास्थ्य अधिकारी को अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहत्तर चिकित्सका सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में 200 मरीजों के बेड की व्यवस्था है। अस्पताल में मौजूदा समय में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर चार खिड़कियों से रजिस्ट्रेशन किया जाता है। जिनमें एक खिड़की पर आयुष्मान कार्ड की खिड़की है। अस्पताल में हर रोज 1200 से लेकर 1500 की मरीजों की ओपीडी है। वहीं सोमवार को ओपीडी 2000 मरीजों से पार हो गई। सोमवार को जिला उपायुक्त मनोज कुमार अस्पताल में औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने आपातकालीन कक्ष के वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं को जानकारी ली। वार्ड में भर्ती एनीमिया के मरीज मिले। जिन्हें ब्लड चढ़ाने के लिए वार्ड में भर्ती किया गया था। उपायुक्त ने उक्त मरीजों को वार्ड में भर्ती करने के निर्देश देते हुए भविष्य में आपातकालीन कक्ष के वार्ड में आपात के मरीजों को रखने के निर्देश दिए। इस दौरान डा. संदीप लठवाल, डा. जयकिशोर, डा. सीता राम सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

अस्पताल में रजिस्ट्रेशन कांउटर बढ़ाने के निर्देश-उपायुक्त अपने दौरे के दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर कार्यालय में पहुंचे। प्रबंधन की तरफ से हाल में मरीजों के लिए तीन रजिस्ट्रेशन काउंटर व एक रजिस्ट्रेशन कांउटर आयुष्मान के लिए स्थापित किया हुआ है। हाल के दिनों में मरीजों की संख्या को देखते हुए रजिस्ट्रेशन कांउटर की संख्या बढ़ाने के निर्देश डा. मनोज कुमार ने दिए। ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को लाइनों के चक्कर में ज्यादा न पड़ना पड़े। प्रसूति वार्ड में किया निरीक्षण, परिसर में महिला के लिए कंटेनर स्थापित करने के जिला उपायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रसूति विभाग में जच्चा-बच्चा के लिए कम बेड की व्यवस्था है। अस्पताल की ईमारत काफी पूरानी हो चुकी है। जिसमें ज्यादा जगह नहीं हे। उन्होंने प्रबंधन को निगम की मदद से अस्पताल परिसर में रेन बसेरों की तर्ज पर कंटनेर स्थापित करके उनके लिए बेड की सुविधा उपलब्ध करवाने के बात कही।

यात्रा के अनुभव को चिंतामुक्त बनाने के लिए वी की अनूठी पहल

गुरुग्राम। कोविड के बाद के दौर में भारतीयों में यात्रा के रूझान बहुत अधिक बढ़ गए हैं। इन सकारात्मक रूझानों के बीच बैगेज खोने का खतरा हमेशा रहता है। वास्तव में एयर ट्रांसपोर्ट कम्युनिकेशन एवं आईटी में दुनिया की विशेषज्ञ एसआईटीए की रिपोर्ट के अनुसार 2022 के दौरान लगेज के 26 मिलियन पीस खो गए, या खराब हो गए या इनके गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई।

यह कैसे काम करता है : 7 अप्रैल 2024 से पहले यात्रा के लिए 21 मार्च 2024 से पहले अडवान्स में वी इंटरनेशनल रोमिंग पैकबुक करें और अपनी यात्रा के लिए मुफ्त ब्लू रिब्बन बैग्स सर्विस पाएं। इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स- 3999 में 10 दिन, 4999 में 14 दिन, 5999 में 30 दिन- के लिए उपलब्ध। उड़ान लेने से पहले ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ रजिस्टर करें।एयरपोर्ट पर अपना बैग चैक इन करें। अगर आपका बैग एयरलाईन से खो जाता है या इसके मिलने में देरी होती है तो लैंडिंग के 24 घण्टे के भीतर एयरलाईन और ब्लू रिब्बन बैग्स को रिपोर्ट दर्ज करें।ब्लू रिब्बन बैग्स अपने ग्लोबल नेटवर्क एवं टेक्नोलॉजी के जरिए आपका बैग ट्रैक करेगा। अगर 4 दिनों के अंदर आपका बैग वापस नहीं मिलता है तो आपको बिना सवाल पूछे गांरटी से रु 19800 प्रति बैग की क्षतिपूर्ति देगा। ऐसे में यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए बैगेज का सही प्रबन्धन जरूरी हो गया है। यात्रियों के बैगेज की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इस बीच जानी-मानी दूरसंचार सेवा प्रदा वी यूएस की लोस्ट बैगेज कंसीयज सर्विस कंपनी ब्लू रिब्बज बैग्स के साथ साझेदारी करने वाली पहली कंपनी बन गई हे, जो वी के पोस्टपेड इंटरनेशनल यात्रियां को यात्रा का चिंतामुक्त अनुभव प्रदान करेगी। पोस्टपेड उपभोक्ता 7 अप्रैल 2024 से पहले नियोजित यात्रा के लिए इंटरनेशनल रोमिंग (आईआर) पैक प्री-बुक कर सकते हैं और बैगेज खोने या देरी के मामले कॉम्प्लीमेंटरी कवर पा सकते हैं। इस सर्विस के तहत अगर शिकायत किए जाने के 96 घण्टे के भीतर लगेज नहीं मिलता है तो प्रति बैग रु 19800 की क्षतिपूर्ति की जाएगी।

फिम्स मे हुआ बिना कीमोथैरेपी के ब्लड कैंसर का सफल ईलाज

सोनीपत: फिम्स अस्पताल, ब्लड कैंसर से प्रभावित युवा महिला रोगी अंजु के जीवन के लिए आशा की किरण बनकर उभरा है। जिला की निवासी 50 वर्षीय महिला अंजु को अनेक देशी, आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक ईलाज कर चुकने के बाद, अग्रिम श्रेणी के ब्लड कैंसर की स्थिति में फिम्स में लाया गया। रोगी के परिजन इस महिला के एडवांस स्टेज के ब्लड कैंसर की वजह से बेहद हताश व निराश हो चुके थे।

हर घर कांग्रेस अभियान का उद्देश्य पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुचाना: सुमिता

राजकुमार प्रिंस

करनाल। पूर्व विधायक सुमिता सिंह घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत बांसों गेट में लोगों से रूबरू हुई। उन्होंने बताया कि हर घर कांग्रेस अभियान का उद्देश्य पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाना है। बांसों गेट पहुंचने पर लोगों ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में गरीब, किसान, व्यापारिक व मजदूर वर्ग को बराबर का मान सम्मान दिया गया था, लेकिन भाजपा सरकार ने प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में प्रदेश की जनता के साथ भेदभाव किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी में प्रदेश की जनता के हित सुरक्षित हैं और कांग्रेस पार्टी हमेशा आमजन व कार्यकताओं की हितेषी रही है। प्रदेश की जनता अब चुनाव की इंतजार कर रही है।

सुमिता सिहं ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने जिस मुद्दे को लेकर सत्ता हासिल की है , वह सिर्फ जुमले बाजी है। जनता आगामी चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार है। भाजपा शासन में कोई सुरक्षित नहीं है। उन्होंने दावा किया कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा। देश व प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों को परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, मेरी फसल मेरी ब्यौरा के झंझट में फंसा दिया है।

इस सरकार का एक ही काम है गरीब का राशन काटो, बुजुर्गों की पेंशन काटो, 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात कहने वालों ने लागत दुगनी से ज्यादा कर दी, खाद कीटनाशक का भाव बढ़ा दिया और तो और खाद का रेट भी बढ़ा दिया और वजन भी घटा दिया।

सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर बुजुर्गों को 6 हजार पेंशन, रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में देंगे, हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे, प्रदेश में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े है, इन पर पक्की भर्ती शुरू की जाएगी, कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम, गरीबो के लिए पीला राशन कार्ड, पोर्टलों के झंझट खत्म करेंगे, किसानों को एमएसपी की गारंटी देंगे। इस अवसर विनोद तितोरीया, पप्पू, राजू, बिन्नी, अशोक कुमार, सुशील खटक, जागीर सैनी, चमन लाल, राजेश कौशिक, अशोक दुग्गल, भारत, डिप्टी, विनोद काला, मोंटी गुप्ता, संजू मढ़ान, अमित कुंडू, धर्मेश, भारत भूषण, अशोक बजाज, रणबीर सिंह, दीपक मल्होत्रा, नितिन नागपाल, और राजकुमार आदि मौजूद रहे।

स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई

कमाल हुसैन

पानीपत: तहसील कैंप स्थित एवन पब्लिक स्कूल में विश्व एनजीओ दिवस व स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य अतिथि भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सीए गौतम खेड़ा रहे। विशेष अतिथि जिला भाजपा मीडिया प्रभारी ओम दत्त रहे। अध्यक्षता प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्राचार्य राजेश बत्रा ने की। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी, स्वयं सहायता समूह कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। गौतम खेड़ा ने कहा कि यह देश उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों का हमेशा ऋणी रहेंगा जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने में अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया।

उन्होंने बताया कि आगामी 7 मार्च को करनाल में महिला शक्ति वंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में सभी महिलाओं को बढ़.चढकर भाग लेना चाहिए।

मादक पदार्थ सहित दो आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत: जिले के एंटी नारकोटिक्स सेल स्टाफ सोनीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल दो आरोपितों को हेरोइन चिट्टा सहित दो आरोपितों को गिरफ्तमार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक व मोहित निवासी वेस्टराम नगर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौघ्रान रोहट नहर पुल के पास मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि दो युवक मादक पदार्थ सहित घुम रहे है। उसे बेचने की फिराक में घूम रहे है। टीम ने दोनों युवकों को काबू कर लिया। उनके पास मादक पदार्थ मिला। जिसका वजन करने पर 14 ग्राम मादक पदार्थ था।

तेपला में व्यावसायिक डेयरी फार्मिंग कार्यक्रम आयोजित

मनीष कुमार

अम्बाला: कृषि विज्ञान केन्द्र, तेपला में व्यावसायिक डेयरी फार्मिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आये युवाओं ने भाग लिया। युवाओं को बताया गया कि वह डेयरी फार्मिंग व्यवसाय को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकते है।

ट्रेनिग लेने आए युवाओं ने बताया कि उन्हें इस ट्रेनिंग में काफी कुछ सीखने को मिला है उन्होंने बताया कि वह पशुपालन ट्रेनिग में बताया गया की वे पशुओं को देखभाल कैसे करे। और साथ ही ये भी बताया गया की पशु पालन कर आत्मनिर्भर कैसे बना जा सकता है। युवाओं ने सरकार की इस योजना की जम कर सराहना की ।कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. राजन ने बताया कि यहां पर देशी गाय (इंडीजियस ब्रिड) का प्रशिक्षण फार्मरस को दिया जाता है, जिसमें दुग्ध उत्पादन व पशुओं को कैसे बीमारियों से बचाया जाए-के बारे में जानकारी दी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि अम्बाला में गिर व साहिवाल नस्ल की गायों का संरक्षण कर रहे है, जो आने वाले समय में काफी कारगर सिद्ध होगी । उन्होंने गायों के रख-रखाव के तरीके भी युवाओं को बताये।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. राजन ने बताया कि यहां पर देशी गाय (इंडीजियस ब्रिड) का प्रशिक्षण फार्मरस को दिया जाता है, जिसमें दुग्ध उत्पादन व पशुओं को कैसे बीमारियों से बचाया जाए-के बारे में जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को बताया जा रहा है कि वह किस प्रकार पशुओं की देखभाल कर अधिक दुध उत्पादन कर सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की गायों की नस्लें साहिवाल, राठी, गिर, हरियाणा रेड सिंधि आदि नस्लों में रोग-प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। इनके दुध में बहुत से गुण होते है, जो अनेक बीमारियों से बचाने में मददगार है। यह कई खतरनाक बीमारियों को खत्म करने की क्षमता रखते है। उन्होनें यह भी बताया कि अम्बाला में गिर व साहिवाल नस्ल की गायों का संरक्षण कर रहे है, जो आने वाले समय में काफी कारगर सिद्ध होगी । उन्होने गायों के रख-रखाव के तरीके भी युवाओं को बताये। ट्रेनिंग लेने आए युवाओं ने बताया कि उन्हें इस ट्रेनिंग में काफी कुछ सीखने को मिला है उन्होंने बताया कि वह पशुपालन ट्रेनिग में बताया गया की वे पशुओं को देखभाल कैसे करे। और साथ ही ये भी बताया गया की पशु पालन कर आत्मनिर्भर कैसे बना जा सकता है। युवाओं ने सरकार की इस योजना की जम कर सराहना की।

संदिग्ध हालत में 13वीं मंजिल से गिरी युवती, मौके पर ही मौत

सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र के स्थित फ्लैट से संदिग्ध हालत में 13 वीं मंजिल से गिरकर युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। एक महिला ने पुलिस को बयान देकर बताया कि उसकी बेटी सिमरन (26) गत दिनों से काफी मानसिक परेशान चल रही थी। वह उससे कम प्यार करने की बात कहती थी। वह दिन में घर पर मौजूद थी। उसी दौरान वह नीचे कूद गई। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी उदय सिंह ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां टीम ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने भादंसं की धारा-174 के तहत कार्यवाही करते हुए शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

फैक्टरी में काम करते समय श्रमिक के हाथ की अंगुली कटी

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: कुंडली स्थित खिलौना फैक्टरी में काम झिरी मशीन पर काम कराने के चलते श्रमिक के हाथ अंगुली कट गई थी। श्रमिक ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी। जिसके बाद पांच माह बाद पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव बागपत उत्तर प्रदेश निवासी सूरज ने मुख्यमंत्री के नाम भेजी शिकायत में बताया कि वह कुंडली स्थित खिलौना फैक्टरी में हेल्पर के पद पर काम करता था। वहां पर 28 सितंबर, 2023 में सुपरवाईजर व मैनेजर ने जबरन उन्हें झीरी काटने वाली मशीन पर कार्य करने के लिए कहा था। तब उसने मशीन पर काम करने से मना कर दिया था। सूरज का आरोप है कि उसके साथ जबरदस्ती कर मशीन पर कार्य करने के लिए लगा दिया। उसे मशीन पर काम करना नहीं आता था। मशीन में झटका लगते ही उनके दाएं हाथ की दो अंगुलियां कट गई थी। जिसमें से एक तो अलग हो गई थी। आरोप है कि जब वह दर्द से चिल्लाने लगा तो सुपरवाइजर व मैनेजर और एक अन्य ने उन्हें धमकाकर हाथ पर कपड़ा बांधने को कहा। उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। बाद में उन्हें दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। कंपनी की तरफ से उन्हें वेतन के साथ-साथ दवा का खर्च देने का आश्वासन दिया था। अब कंपनी की तरफ से कोई सहयोग नहीं दिया जा रहा है। जिसके बाद मुख्यमंत्री हरियाणा को शिकायत दी। अब इस मामले में कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

घर से दुकान के लिए निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: शहर थाना क्षेत्र में घर से दुकान के लिए निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। युवक के पिता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मु कदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवक की तलाश के प्रयास कर रही है। कालुपुर निवासी सतबीर ने बताया कि उसका लड़का सन्नी हरियाणा साड़ी भंडार पर काम करता है। उसका लड़का उसे बार-बार घुमने की बात कहता रहता है। गत 17 फरवरी को उसका बेटा घर से दुकान पर गया था। उसने पता किया तो वह दुकान पर नहीं पहुंचा न ही वापिस घर आया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द युवक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

दूल्हे के पिता का चार लाख से भरा बैग चोरी

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: मुरथल क्षेत्र स्थित होटल में दूल्हे के पिता का चार लाख रुपये से भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर तीन संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं चौथे संदिग्ध पर बैग लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस होटल में लगे सीसीटीवी की जांच की तो तीनों युवक चोरी करने वाले क्षेत्र में नहीं मिले। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गन्नौर तहसील निवासी मंगल सैन बसंल ने बताया कि गत 24 फरवरी उसके बेटे सुपुत्र हिमांशु की शादी

जांच जारी

8 पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर तीन संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया

ग्रांड लीला होटल में थी। करीब दस बजे रात को उसका रुपयों से भरा बैग चोरी हो गया। जिसके अंदर तीन से चार लाख रुपये की राशि रखी हुई थी। उसी दौरान उन्होंने तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। उसका एक साथी फरार हो गया। उसके पास बैग होने का आरोप लगाया। मामले को लेकर होटल के मैनेजर व मालिक दोनों को दी। उसके बाद पुलिस को अवगत करवाया। उसके बाद युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुरथल के पास स्थित होटल में शादी समारोह के दौरान दुल्हन के पिता का दो लाख रुपये की नकदी से भरा बैग चोरी हो चुका है। इसे लेकर गांव धतूरी निवासी निर्देश कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था। जांच अधिकारी एचसी अनिल कुमार ने बताया कि सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली गई। जिसमें तीनों युवक उक्त क्षेत्र में दिखाई नहीं दिए। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

नप ने स्पेशल अभियान चलाकर उतारे अवैध होर्डिंग्स

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: नगर परिषद थानेसर के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने कहा कि जिला नगर आयुक्त के आदेशानुसार दो दिन का स्पेशल अभियान चलाकर शहर की सडकों पर लोगों द्वारा जो अवैध होर्डिंग्स, बैनर व फलैक्स आदि लगाए गए हैं उन्हें उतारा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित बकायदा चार कर्मचारियों की डयूटी भी लगा दी गई है। स्पेशल अभियान के तहत मंगलवार को करीब 100 से 150 फलैक्स, बैनर व होर्डिंग्स उतारे गए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पीपली गीता द्वार से लेकर नए बस स्टैंड, मोहन नगर व थानेसर बस स्टैंड तक अवैध रुप से लगाए गए होर्डिंग्स टीम के द्वारा उतारे गए हैं।

भाजपा दे रही बिना खर्ची पर्ची नौकरियां: डा अर्चना गुप्ता

प्रदेश भाजपा महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने बिलासपुर की नितिका को नर्सिंग आफिसर बनने दी बधाई

कमाल हुसैन

पानीपत , भाजपा प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने बिलासपुर की नितिका को नर्सिंग ऑफिसर बनने पर ,मुंह मीठा करा कर बधाई तथा शुभ कामनाएं दी। डा अर्चना ने कहा की भाजपा सरकार बिना खर्ची पर्ची के नौकरियां दे रही है। बिना किसी भेद भाव के योग्य अभ्यार्थियों को नौकरियां सरकार दे रही है। उन्होंने पूर्व की सरकारों में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हुए कहा की पहले की सरकारों के समय नौकरियों की बोली लगती थी।योग्य व्यक्ति वंचित रह जाते थे तथा उनका हक अयोग्य व्यक्तियों को दे दिया जाता था। उस वक्त नौकरियों में सरे आम

भ्रष्टाचार,जातिवाद तथा क्षेत्रवाद का खेल होता था। डा अर्चना गुप्ता ने कहा की मुख्य मंत्री मनोहर लाल ने लाखों नौकरियां बिना खर्ची पर्ची के दी है। उन्होंने कहा की शीघ्र ही सरकार 29 हजार नौकरियां और भी देने जा रही है।तब ये आंकड़ा 2 लाख नौकरियों को पार कर जाएगा जो आज तक की सभी प्रदेश सरकारों द्वारा दी गई इतनी अवधी के दौरान सर्वाधिक होगा। विदित रहे आज डा अर्चना गुप्ता लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लाभार्थियों से संपर्क कर रही थी। नितिका ने अपने चयन पर मुख्य मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा की मुख्य मनोहर लाल की पारदर्शी नितिका तथा योग्यता के आधार पर नौकरी देने की नीति के चलते ही मेरा चयन हो पाया है।

बधाई दी

8 बिना किसी भेद भाव के योग्य अभ्यार्थियों को नौकरियां सरकार दे रही है: डॉ. अर्चना

नागरिक अस्पताल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन दो हजार के पार पहुंचा

दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को अस्पताल में दिखी मरीजों की लंबी लाइनों, दो-दो घटें के बाद मरीजों को मिली चिकित्सक की राय

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: नागरिक अस्पताल सोनीपत में दो दिन की छुट्टियों के बाद ओपीडी रजिस्ट्रेशन व चिकित्सकों की ओपीडी के बाहर भारी भीड़ देखने को मिली। अस्पताल में आने वाले मरीजों की ओपीडी सोमवार को दो हजार से ज्यादा दर्ज की गई। मौसम के बदलाव का असर आम जन में देखने को मिल रहा है। सुबह-शाम से हो रही ठंड लोगों की सेहत को खराब कर रही है। नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी के बाहर मरीजों की ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है। अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भीड़ ज्यादा देखने को मिली। लाइनों में ज्यादातर बुखार से ग्रस्त मरीजों की संख्या है। अस्पताल में मरीजों को टेस्ट रिपोर्ट व सैंपल देने के लिए दो से तीन दिन तक अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से ओपीडी में मरीजों के लिए चिकित्सकों को हर संभव मरीजों की मदद करने के निर्देश दिए है। बता दें कि उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप कम होता जा रहा है। हालांकि सुबह-शाम की ठंड लोगों को बीमार कर रही है। दिन में गर्मी होने के बाद शाम को ठंडक महसूस होती है। मौसम का असर आमजन में ज्यादातर बुजुर्ग व बच्चों में दिखाई दे रहा है। अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइनें लग रही है। नागरिक अस्पताल में 200 बेड की सुविधा है। वहीं हर रोज ओपीडी रजिस्ट्रेशन की बात कर तो अस्पताल में 1200 के करीब ओपीडी रहती है। शनिवार व रविवार की छुट्टी होने के चलते सोमवार

रजिस्ट्रेशन

8 अस्पताल में मरीजों को टेस्ट रिपोर्ट व सैंपल देने के लिए दो से तीन दिन तक अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे

को नागरिक अस्पताल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन की संख्या 2000 के पार पहुंच गई। रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइनें लग गई। मरीज को उपचार के लिए दो से तीन घंटों तक का इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

बुजुर्गो व बच्चों की ओपीडी में हुई बढ़ोतरी-

नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के साथ-साथ ओपीडी में मरीज लाइनों में लगकर अपना इंतजार करते रहे। ओपीडी-7,8,9 सहित बच्चों की ओपीडी नंबर-5 में ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है। बच्चों की चिकित्सक डा.अलकृिता ने कहा ने बताया कि मौसम बदलाव का असर आमजन पर पड़ रहा है। जिसमें बच्चें भी शामिल है। हाल के दिनों में बच्चों की ओपीडी 150 से लेकर 220 तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि इस मौसम में बच्चों का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। डा. शैलेंद्र राणा ने बताया कि एक ओपीडी में 350 के पार पहुंच गई। मौसम बदलाव में बीमार होना आम बात है। हाल के दिनों में दिन गर्म व देर-शाम ठंड लगती है। जिसके चलते लोग बुखार, खांसी, जुकाम के मरीजों की संख्या ज्यादा है। लोग मौसम बदलाव को हल्के में न ले। पेय पदार्थ में ठंडा, कोल्ड ड्रिंक बिलकुल इस्तेमाल न करें।अस्पताल में बढ़ रही मरीजों की भीड़ के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सक मरीज का टेस्ट लिखते है। ताकि बीमारी का सही उपचार रिपोर्ट के आधार पर किया जा सके। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइन में लगने के बाद चिकित्सक के बाहर ओपीडी की लाइन में लगना पड़ता है। उसके बाद अगर चिकित्सक ने टेस्ट लिख दिया तो लैब के बाहर लाइन में खड़ा होना पड़ता है, लेकिन लैब का समय 12 बजे तक ही सैंपल लेने का है। जिसके चलते मरीजों को अगले दिन सैंपल देने के लिए अस्पताल में आना पड़ता है।

अनुसूचित जाति के किसानों खेती करने के लिए दिए जायेगें अनुदान पर ट्रैक्टर

विभाग की तरफ से 11 मार्च तक किसान कर सकते है ऑनलाइन आवेदन

सोनीपत

जिले में अनुसूचित जाति के किसानों को खेती के लिए कृषि विभाग की तरफ से ट्रैक्टर अनुदान पर दिए जायेगें। हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा एसबी89 स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को 45 एचपी या इस से अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर 1 लाख तक का अनुदान दिया जायेगा। किसानों को विभागीय पोर्टल पर आगामी 11 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के किसानों को अन्य मशीनीकरण योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र बनाना है। जहां ट्रैक्टर स्वामित्व की शर्त अनिवार्य है। इससे रोजगार सृजन के अलावा अनुसूचित जाति के किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। जिला कृषि अधिकारी डा. पवन कुमार ने बताया कि एमएफएमबी पोर्टल पर पंजीकृत एससी श्रेणी के किसान भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र और स्वयं घोषणा पत्र अपलोड करके आवेदन कर सकते है। चयन के बाद, पात्र किसान 15 दिनों के भीतर ट्रैक्टर खरीदेंगे और बिल संबंधित सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय मंट जमा करेंगे,

अन्यथा ड्रा की वरिष्ठता के अनुसार प्रतीक्षा सूची में किसानों को अवसर दिया जाएगा। योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले किसानों ने ट्रैक्टर पर पिछले वर्ष 5 वर्षों के दौरान लाभ नहीं उठाया है। अगले 5 वर्षों में ट्रैक्टर नहीं बेच सकते हैं, जिसके लिए किसान को पोर्टल पर शपथ पत्र अपलोड करना होगा।

संस्कृत भाषा के ज्ञान के बिना आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति अधुरी: प्रो. वैद्य करतार

'आयुर्वेदिक चिकित्सा विज्ञान संस्कृत आधारित है और संस्कृत भाषा के ज्ञान के बिना विद्यार्थी इस विज्ञान से अनभिज्ञ ही रह जाता है'

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: से मेंश्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय एवं बेंगलुरु की आयुर्वेद एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संस्कृत प्रभाषणम् कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा विज्ञान संस्कृत आधारित है और संस्कृत भाषा के ज्ञान के बिना विद्यार्थी इस विज्ञान से अनभिज्ञ ही रह जाता है। विद्यार्थी संस्कृत को जाने व समझे इसलिए इस सात दिवसीय प्रभाषणम् कार्यशाला का आयोजन किया गया। निश्चित रूप से आने वाले दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा विज्ञान में परिवर्तन लाने वाले सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है क्योंकि महानता कभी विरासत में नहीं पाई जा

सकती। कड़ी मेहनत करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी मगर सफल व्यक्ति होने के साथ-साथ अपने जीवन को सार्थक बनाना बहुत जरूरी है। कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने कहा कि किसी भी संस्थान की ख्याति भावनाओं के बल पर नहीं बल्कि उसकी कार्यप्रणाली और उसके भावी छात्रों पर निर्भर करती है। आयुष विश्वविद्यालय लगातार नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसका श्रेय यहां के शिक्षकों और भावी चिकित्सकों को जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मबल तो प्रदान करते ही हैं वहीं आयोजकों को भी अपनी छूपी क्षमताओं का ज्ञान होता है। इसलिए जहां कही जिस पद पर आप कार्य करें ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। आपकी श्रेष्ठता ही आपकी मांग को बनाए रखेगी। वहीं बेंगलुरु आयुर्वेद अकेडमी की निदेशक डॉ. सावित्री ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में आना आप सभी का सौभाग्य है आज देश क्या विश्व भर में अच्छे आयुर्वेदिक चिकित्सकों की जरूरत है। अगर भावी चिकित्सक आयुर्वेद के सूत्रों को जान कर मरीजों का भली-भांति चिकित्सा करेंगे, तो उस कमी को पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना, डॉ. अनिल शर्मा, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।

कल्पना चावला पॉलिटेक्निक में भंडारे का किया आयोजन

गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव पर भंडारे का किया आयोजन

मार्गदर्शन

8 गुरू रविदास ने समरसता का संदेश दिया है। उन द्वारा दी गई शिक्षाएं व रचनाएं हमारा मार्गदर्शन कर रही हैं

मनीष कुमार

अम्बाला: गतदिवस शहर के कल्पना चावला गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वूमेन में संत शिरोमणी श्री गुरु रविदास महाराज जी के 647वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने सेवा की। शिक्षण संस्थान के प्राध्यापक डॉ लाभ सिंह ने कहा कि संत शिरोमणी गुरू रविदास ने समाज में समरसता का संदेश दिया है। उन द्वारा दी गई शिक्षाएं व रचनाएं हमारा मार्गदर्शन कर रही हैं। वे एक उच्च कोटि के महान कवि भी थे। उन्होंने धर्म व जाति से उपर उठकर लोगों को जीवन में आगे बढने का संदेश दिया। उन्होंने कर्म ही पूजा है, का सभी को संदेश दिया।

इसके साथ-साथ समाज में फैली कुरूतियों को भी भक्ति भाव से दूर करने का काम किया है। उन्होंने संत शिरोमणी गुरू रविदास की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास जी ने जो संदेश दिया है, वह सम्पूर्ण मानव जाति के लिये है। उन्होंने कहा कि हमें अपने संतो व महापुरूषों द्वारा बताये गये रास्ते पर चलते हुए अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए तथा उन द्वारा दी गई शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस मौके पर संस्थान के नरेंद्र राठौड़, सरला, सुरेश खेड़ा, पिंकी, पूनम जैन, कृष्णा, संतोष, अनिता, मनोज, पिंटू, संदीप, अवतार, अजय, डॉ. ऋषि और अन्य स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

रक्तदान करना मानव भलाई का पवित्र कार्य: संदीप गर्ग

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र/शाहबाद : मारकण्डा नेशनल कालेज में कालेज के पूर्व प्रधान स्व. राम लुभाया गुलियानी जी की याद में कालेज में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत कर रक्तदाताओं को बैच लगाकर शिविर का शुभारंभ किया।

मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि आपका रक्त किसी की जिदंगी बचा सकता है, यह मानव भलाई का पवित्र कार्य है। उनकी पत्नी और इन्नरव्हील क्लब की सदस्या शिल्पी गर्ग ने भी रक्तदान अनिवार्य बताया। वहीं कालेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने बताया कि हर वर्ष कालेज में स्व. राम लुभाया गुलियानी जी की याद में सदस्यों द्वारा उनके श्रद्धांजलि देने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि शिविर में 53 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में

शिविर

8 समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत कर रक्तदाताओं को बैच लगाकर शिविर का शुभारंभ किय

लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरूक्षेत्र की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर में मुख्यातिथि संदीप गर्ग को कालेज सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर प्रबंधन समिति प्रधान यशपाल वधवा, उपप्रधान ओमप्रकाश गुलियानी संजीव कालड़ा, सौरभ गुलियानी, रोटरी प्रधान आशुतोष गर्ग, गोल्डी ओजला, रानी वधवा, मंजू गुप्ता, सुरेन्द्र काजल, डा. भूपिन्द्र तंवर, डा. जवाहर लाल, अमित कुमार, सुरेश कुमार, देवराज शर्मा, सिद्धांत, डा. अजय अरोड़ा, विजय कुमार सिंगला, रोशन लाल मित्तल आदि मौजूद थे।

'हमें अपने चारों ओर सकारात्मक आभामंडल बना कर रखना चाहिए'

मनीष कुमार

अम्बाला: अग्रवाल भवन सेक्टर-9 अंबाला शहर में त्रीदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें प्रेरक वक्ता व अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षक माउंट आबू से पधारे भ्राता शक्तिराज भाई ने ज्ञान के रहस्य को बहुत ही सरल तरीके से विभिन्न गतिविधियों द्वारा प्रत्येक के मन को सदा खुश बनाने की सहज तकनीक सिखाई। उन्होंने बताया आज समाज में लोग खुशी के लिए दर-दर भटक रहे हैं कोई अपनी खुशी साधनों में ढूंढता है तो कोई अपनी खुशी एक से दूसरे स्थान घूमने में ढूंढता है तो कोई अपनी खुशी संबंधों में ढूंढता है लेकिन वास्तविकता यह है की

सच्ची खुशी कि उसकी यह तलाश, ना साधना, ना संबंधों और ना ही कहीं घूमने फिरने से पूरी होती है।उन्होंने कहा कि हमें अपने चारों तरफ सकारात्मक आभामंडल बनाकर रखना होगा ताकि उसमें कोई भी नकारात्मक ऊर्जा अपना प्रभाव ना दिखा पाए। उसके लिए हमें उठते ही पहले 20 मिनट के अंदर जब मन शांत हो तो यह महसूस करना है कि हजारों भुजाओं वाले परमपिता परमात्मा का हाथ मेरे सिर पर है, मेरे साथ सब कुछ बहुत अच्छा होगा। परमात्मा शक्तियां मेरे चारों ओर पवित्र आभामंडल बना रही है, जिसमें मैं सुरक्षित हूं। हमारा मन एक जिन्न की भांति कार्य कर्ता है, हम उसे जो भी निर्देश देते हैं वह बिना सोचे समझे उसे फॉलो करता है। इसलिए दिन भर अपने मन को हमें सकारात्मक विचारधारा देनी होगी। अपने आप को प्यार करना सीखना होगा, और अपना सम्मान खुद करना है। सबसे बड़ा उपकार हमें स्वयं पर करना है कि टीवी या मोबाइल से मिलने वाले किसी भी नेगेटिव कंटेंट से दूर रहना है, क्योंकि उसका हमारे मन पर बहुत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि गुस्सा करने से न सिर्फ हमारी आत्मिक शक्ति कमजोर होती है, बल्कि हमें कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। और यदि कोई हमारे सामने गुस्सा करे तो हमें शांत रहकर उसे शुभकामना देनी है, क्योंकि वह व्यक्ति/आत्मा विकारों के परवश है। विभिन्न गतिविधियों द्वारा उन्होंने परमात्मा से सकारात्मक ऊर्जा रिसीव करना भी सिखाया। उन्होंने सभी से प्रतिज्ञा भी कार्रवाई की हम सभी के प्रति मंगल कामना करते हुए सदा खुश रहेंगे ना ही क्रोध करेंगे ना ही किसी का बुरा सोचेंगे। क्योंकि जो एनर्जी हम भेजते हैं वही लौट कर मिलती है। इसलिए हम सभी मेडिटेशन सीख कर खुद भी सकारात्मक रहेंगे।

पिस्तौल के बल पर सेल्समैन से हजारों रुपये की राशि लूटी

सोनीपत: बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित सिंह मोर्टस फिलिंग स्टेशन पर आधी रात को दो बदमाश पिस्तौल दिखाकर सेल्समैन से हजारों रुपये लूटने व धमकी देकर फरार होने का मामला सामने आया है। बदमाश बाथरूम पूछने के बहाने कार्यालय में आए थे। उसके बाद पिस्तौल तान कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सेल्समैन की शिकायत पर कार सवार बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। केवी-8 पीतपुरा दिल्ली निवासी रोकश जिंदल ने बताया कि उनका बहालगढ़ में दिल्ली-पानीपत लेन पर फ्लाईओवर के निकट सिंह मोर्टस फिलिंग स्टेशन खोल रखा है।

प्रदेश में कानून व्यवस्था बुरी तरह से फेल: अनिका

मनीष कुमार

अम्बाला: हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी - जेजेपी की गठबंधन सरकार के होते कानून व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है कांग्रेस नेत्री अनिका शुक्ला ने कहा कि दिन दिहाड़े इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की बदमाशों दूारा सरे आम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई नफे सिंह राठी और परिवार दूारा बार बार सुरक्षा की मांग करने

पर भी सुरक्षा मुहैया नही करवाई गई इस घटना के लिए पूरी तरह से प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था की

उठाया सवाल

8 गठबंधन सरकार के होते कानून व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है: कांग्रेस नेत्री अनिका शुक्ला

कलई खोलकर रख दी जिससे प्रदेश की जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है इस सरकार का सिर्फ और सिर्फ एक ही काम चल रहा है लोगों की आवाज को दबाना।

हरियाणा में जंगलराज जैसे हालात बने हुए हैं अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं वारदातों को अंजाम दे रहे हैं पूर्व में कांग्रेस राज में ऐसे हालात कभी नही थे बीजेपी जेजेपी की गठबंधन सरकार प्रदेश को संभालने में असमर्थ नजर आ रही है।

कांग्रेस नेत्री अनिका शुक्ला ने नफे सिंह राठी के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की और हरियाणा सरकार से मांग की है की इस घटना की उच्चस्तरीय जांच (सीबीआई) दूारा करवाई जाये।

परीक्षाओं को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए जारी किए आदेश

10वीं व 12वीं की स्कूल परीक्षाओं को लेकर लगाई धारा 144, परीक्षाओं को सुचारु रुप से संपन्न करवाने के लिए अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: जिलाधीश एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाओं का आयोजन क्रमशः 27 फरवरी से 26 मार्च 2024 (सेकेंडरी) व 27 फरवरी से 2 अप्रैल 2024 (सीनियर सेकेंडरी) तक कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। यह परीक्षाएं दोपहर 12.30 बजे से सायं 3 बजकर 30 मिनट तक आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं को सुचारु रुप से चलाने के लिए परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए है। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने जारी आदेशों में कहा है कि परीक्षा के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षाओं का सुचारू रूप से संचालन करवाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए है। यह आदेश 27 फरवरी 2024 से 2 अप्रैल 2024 तक दोपहर 12.30 बजे से सांय 3 बजकर 30 मिनट तक जारी रहेंगे। इस समय अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की

परिधि में किसी भी प्रकार का हथियार, मोबाईल फोन, वाई-फाई यंत्र ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इतना ही नहीं परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट की मशीन भी बंद रखी जाएंगी।उन्होंने कहा कि इन आदेशों की अवहेलना करने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। इन परीक्षाओं को सुचारु रुप से व नकल रहित संपन्न करवाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। इसके साथ-साथ पुलिस विभाग सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में महिला एवं पुरुष पुलिस बल की नियुक्ति भी की गई है। परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए उड़नदस्ता की ड्यूटी भी लगाई गई है।

एनुअल इंटरामुरल क्रिकेट टूर्नामेंट का किया आयोजन

प्रतियोगिता

8 डॉ सौरभ त्रिखा ने बताया कि प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अलग-अलग संकाय की पांच टीमों ने हिस्सा लिया

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र के खेल परिसर में एनुअल इंटरामुरल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र को कॉलेज के प्राचार्य शीशपाल , खेल समिति के संयोजक डॉ हीरालाल , प्रो वास्तव दत्ता , डॉ सुरेश, डॉ सतीश कुश, डॉ सौरभ त्रिखा व डॉ दिलबाग सिंह आदि ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर शुरू किया। डॉ सौरभ त्रिखा ने बताया कि प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अलग-अलग संकाय की पांच टीमों ने हिस्सा लिया। पूरी प्रतियोगिता नॉकआउट विधि के द्वारा खेली गई । फाइनल मैच बी कॉम फाइनल वर्ष व बी ए प्रथम वर्ष की टीमों के बीच हुआ। इस रोमांचक फाइनल में बीए प्रथम वर्ष की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शीशपाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा खेल समिति को इस तरह के और भी आयोजन करवाने के लिए प्रेरित किया । साथ ही साथ उन्होंने मार्च माह में होने वाली एनुअल एथलेटिक मीट के लिए भी बच्चों को अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। खेल समिति के संयोजक डॉ हीरालाल ने भी शारीरिक शिक्षा विभाग को सफल आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई थी। डॉ दिलबाग सिंह ने कॉलेज के प्राचार्य व खेल समिति को धन्यवाद प्रेषित किया।

बस स्टैंड में महिला के पर्स से मोबाइल चोरी

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित बस स्टैंड से महिला के पर्स से मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। आदर्श नगर निवासी मूर्ति देवी ने बताया कि सकी बेटी प्रीति निवासी घरोंडा करनाल उसके पास घर पर आई हुई थी। वह बस स्टैंड पर पहुंची। उसी दौरान उसकी बेटी ने उसे पर्स दे दिया। वह टिकट काउंटर पर टिकट लेने के लिए चली गई। उसके बाद बस में जाकर बैठ गई। बस में बैठने पर बेटी को वापिस पर्स दे दिया। उसके चैक किया तो पर्स से मोबाइल फोन गायब मिला। अपने स्तर पर मोबाइल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी टीकाम ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

चंदन स्कूल के होनहार बच्चों को किया गया सम्मानित

सम्मान

8 अद्भुत प्रस्तुति के साथ चंदन बाल विकास स्कूल के बच्चों ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था

समालखा

(कुलदीप सिंह): चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल दुर्गा कॉलोनी समालखा में मंगलवार को चंदन स्कूल के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने गणतंत्र दिवस पर हनुमान चालीसा के माध्यम से अपने नृत्य की प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। मछरौली के पूर्व सरपंच बलराज (हलका अध्यक्ष जे जे पी) तथा धर्मेंद्र पावटी (प्रेस प्रवक्ता जे जे पी) ने विद्यालय में इन 45 बच्चों को तथा कार्यक्रम की तैयारी करने वाले शिक्षकों को तौलिए देकर सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस की प्रतियोगिता में अपने नृत्य की मनमोहन तथा अद्भुत प्रस्तुति के साथ चंदन बाल विकास स्कूल के बच्चों ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था उसी समय बलराज ने इन बच्चों को सम्मानित करने का वादा किया था जो आज पूरा किया गया।

आम आदमी पार्टी का जनसंपर्क अभियान: गांव खलीला का किया दौरा

ग्राम अध्यक्ष और ग्राम सचिव को सुखबीर मलिक ने दी जिम्मेवारियां

कमाल हुसैन

पानीपत: आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सुखबीर सिंह मलिक और उनकी टीम ने गांव खलीला का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उनको आम आदमी पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाया ।

बढ़ती हुई मंगहाई के दौर मे आपके हक की मूलभूत सुविधाओं शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी महिला सुरक्षा आदि के बारे मे जानकारी दी। ग्राम सचिव ग्राम अध्यक्ष को बूथ मैनेजमेंट करने के लिए सुखबीर मलिक ने अधिकृत किया

आम आदमी पार्टी का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ रहा है आम आदमी पार्टी की मूलभूत सुविधाएं

लोगों को महंगाई के दौर में पसंद आ रही है। लोग दिल्ली में पंजाब की तरह हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार चाहते हैं।

गावँ खलीला से आनंद लाल डॉक्टर यशपाल वेदपाल जय सिंह जोगिंदर धंधा सत्यनारायण शर्मा जयपाल बलवान सिंह सुभाष सूरजभान रोबिन आशीष शर्मा रविंद्र शर्मा प्रवीण नई दिलबाग एक्स सरपंच जगबीर सिंह सूरजभान संदीप रवि गोल्डी अंकित कुमार सुखबीर सिंह हेमंत चंद रामफल जगदीश सुभाष महावीर सिंह मनीष कुमार राजेश धीमान दिनेश धीमन मोनू शर्मा जगबीर प्रिंस सुमित शशि जोगी व अन्य साथियों ने आम आदमी पार्टी की नीतियों को पसंद

मुलाकात

8 सुखबीर सिंह मलिक और उनकी टीम ने गांव खलीला का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की

किया और आने वाले चुनाव में समर्थन देने का वादा किया। लोगों ने आम आदमी पार्टी में अपनी निष्ठा दिखाई और पार्टी के लिए काम करने का आश्वासन दिया इस मौके पर प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक और उनकी टीम मे होशियार सिंह प्रदेश सह सचिव राजकुमार मुंडे संदीप मनचंदा उनके साथ थे

जिला परिषद सीईओ ने अधिकारियों को दिये चुनाव संबंधित टिप्स

अधिकारियों को इसके लिए अपने आप को पूरी तैयारी करना होगा, चुनाव पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता से कराना हम सब की जिम्मेदारी बनती है

कमाल हुसैन

पानीपतः लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। अधिकारियों को इसके लिए अपने आप को पूरी तैयारी करना होगा। चुनाव पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता से कराना हम सब की जिम्मेदारी बनती है। चुनाव आयोग ने सभी अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये हैं। इस संदर्भ में अधिकारियों को दिये जा जा रहे प्रशिक्षण में दूसरे दिन जिला सचिवालय में सभी खंडों व उपमंडलों के तहसीलदारों को चुनाव कमिश्न की प्रकिया के बारे में प्रशिक्षण देते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि हमें चुनाव के लिए मानसिक रूप से पहले

तैयार होना चाहिये। निष्पक्ष चुनाव के लिए हमें बहुत चुनाव की हैंड बुक का अध्ययन करना होगा। इनका अध्ययन अभी से करना होगा।

परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि हमें प्लानिंग के तहत कार्य करना है। जिला का पॉलिटिकल प्रोफाइल बना कर कार्य करना है। जिले में कितने बूथ है कितने संवेदनशील, कितने अति संवेदनशील इनकी हमें जानकारी होना जरूरी है। कुल वोटर कितने हैं , वॉटर का अनुपात क्या है, इस पर ध्यान देना होगा। पोलिंग स्टेशन पर सुविधाएं क्या-क्या है उन पर ध्यान देने होगा। मूवमेंट प्लॉन बनाकर उस पर कार्य

प्रशिक्षित

8 किन-किन धाराओं के तहत प्रत्याशी पर किन स्थितियों में मामला दर्ज किया जा सकता है पर भी प्रशिक्षित किया

करना होगा।

जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों को बताया कि उन्हें यह भी जानना चाहिये की किसी गांव या अन्य स्थान पर गत चुनाव में चुनाव का बहिष्कार तो नहीं किया व अगर किया है तो उसके कारण क्या रहे थे। उन्हें चुनाव के दौरा फ्लाइंग स्कवैड, निगरानी टीम की भमिका के अलावा किन-किन धाराओं के तहत प्रत्याशी पर किन स्थितियों में मामला दर्ज किया जा सकता है पर भी प्रशिक्षित किया। उन्होंने चुनाव संबंधित हैड बुक का अध्ययन करने का भी अधिकारियों को सुझाव दिया।

उन्हेंने सैंटर आफिसर , परिजाइडिग अधिकारी की चुनाव में क्या भूमिका होता है,पोलिग पार्टी, रैडमाईजेशन, पीडब्ल्युडी वोटर क्या होता है इसकी क्या विशेषता होती है, टैंडर वोट क्या होता है, रिफयूज वोट क्या होता है। उन्होंने अधिकारियों को पिंक बुथ, मॉड्रन बुथ के बारे में भी विस्तार से बताया। प्रशिक्षण शिविर में तहसीलदार अजय सैनी, वीरेंद्र गिल, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

220 ग्राम चरस सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

टीम ने राजाखेड़ी रोड पर एक नशा तस्कर को 220 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया

काबू किया

8 इंस्पेक्टर ने बताया कि टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान छोटू राम चौक से राजाखेड़ी रोड पर मौजूद थी

कमाल हुसैन

पानीपतः सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान छोटू राम चौक से राजाखेड़ी रोड पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि संदिग्ध किस्म का एक युवक गांव राजा खेड़ी से छोटू राम चौक होते हुए कुटानी रोड की तरफ जाएगा। युवक के पास मादक पदार्थ होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए राजाखेड़ी रोड पर शराब ठेके के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात एक युवक गांव राजा खेड़ी की और से पेदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान नरेंद्र पुत्र हरि किशन निवासी न्यू रमेश नगर के रूप में बताई।पुलिस टीम ने नियमानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ सुनील ढूल की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से चरस बरामद हुई।

न्यूज फ्लैश

हुड्डा सरकार बनने पर आईएमटी खरखौदा में क्षेत्रवासियों को दिलाएंगे रोजगार: पदम सिंह

खरखौदाः घर घर कॉग्रेस, हर घर कॉग्रेस अभियान के तहत गाँव जटोला, फिरोजपुर और सैदपुर में कांग्रेस कार्यकताओं ने पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया के नेतृत्व में कांग्रेस संकल्प पत्र की नीतियों के बारे में गाँववासियों को बताया। जनता से संवाद करते समय काँग्रेस कार्यकताओं ने किसानों को बताया कि हुड्डा सरकार आने पर किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने कहा कि आईएमटी खरखौदा में खरखौदावासियों को रोजगार में प्राथमिकता दिलाई जाएगी,

जिससे खरखौदा के युवाओं को रोजगार के लिए गुडगाँव, फरीदाबाद या किसी ओर औधोगिक क्षेत्र में नही भटकना पड़ेगा बल्कि खरखौदावासियों को खरखौदा में ही रोजगार मिल जाएगा।

डोनियर ग्रुप ने लॉन्च किया नियो स्ट्रेच # फ्रीडम टू मूव: एक ग्रैंड म्यूजिकल जिसमें दिखेंगे टाइगर श्रॉफ

नई दिल्ली। भारत का सबसे बड़ा लाइफस्टाइल और फैशन हाउस, डोनियर ग्रुप अपनी एक पहल से इन दिनों सुर्खियों में है। इसकी वजह है कि फैशन की दुनिया में तहलका मचाने के लिए यह ग्रुप लेकर आया है एक म्यूजिकल कैंपेन फ्रीडम टू मूव। इस म्यूजिकल में दर्शकों के सामने होंगे टाइगर श्रॉफ, नताशा भारद्वाज और जन्नत जुबैर रहमानी। इस तिकड़ी का गीत नियो स्ट्रेच फैब्रिक को लॉन्च करता है। यह दुनिया का सबसे बढ़िया फैब्रिक है जो चार तरफ स्ट्रेच हो सकता है। इस फैब्रिक से ग्राहकों को मिलेगी मूव के लिए ज्यादा आजादी। लॉन्च के मौके पर डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राजेंद्र वी. अग्रवाल ने कहा, नियो स्ट्रेच के ब्रैंड एंबेसडर के रूप में टाइगर श्रॉफ को चुनना स्वाभाविक था। उनकी डायनैमिक एनर्जी और एफर्टलेस स्टाइल हमारे इस नए तरह के फैब्रिक नियो स्ट्रेच के साथ मैच होती है। डोनियर ग्रुप का यह फैब्रिक गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ ही ग्राहकों के लिए आराम और फैशन को फिर से परिभाषित करने के लिए किए जाने वाले हमारे लगातार प्रयास का ही नतीजा है। डोनियर में हमारा मानना है कि नियो स्ट्रेच के साथ, हम फैब्रिक की दुनिया में नए स्टैन्डर्ड स्थापित करेंगे।डोनर स्टूडियोज के लिए इस म्यूजिकल को ख्यात म्यूजिक वीडियो डाइरेक्टर मिहिर गुलाटी ने डाइरेक्ट किया है। इसे ड्रीम्सवॉल्टमीडिया और बैंग ऑन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस लॉन्च में फैशन और सिनेमा से जुड़े कई सितारे नजर आए। टेक्सटाइल की दुनिया में डोनियर ग्रुप जाना-पहचाना नाम है और भारत में चार तरफ से स्ट्रेच होने वाले फैब्रिक का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरर भी है। यह ग्रुप अपने नए इनोवेशन से लोगों को मूवमेंट के लिए ज्यादा आजादी देने जा रहा है।

परनोड रिकार्ड इंडिया की लोंगीट्यूड 77 दुबई में लॉन्च के साथ हुई ग्लोबल

नोएडा। दिसम्बर 2023 में भारत में लॉन्च के बाद परनोड रिकार्ड इंडिया की लक्जरी भारतीय सिंगल माल्ट लोंगीट्यूड 77 को कल दुबई में लॉन्च किया गया। भारत की इस बेहतरीन माल्ट को दुनिया के लिए पेश करते हुए ब्राण्ड ने एक भव्य शाम के साथ इसके विस्तार की घोषणा की। भारतीय लक्जरी के पारखियों के लिए पेश की गई इस

शाम में देश की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक कारीगरी और आकर्षक भावना का प्रतिनिधित्व किया गया। यह उस रेखा का प्रतीक है जो भारत के दिल और आत्मा से होकर गुजरती है और जिसके नाम पर ब्राण्ड को नाम दिया गया है। दुबई में भव्य लॉन्च के अवसर पर टोउबोउल, सीईओ, परनोड रिकार्ड इंडिया और पियरे-एयमेरिक डू क्रे, मैनेजिंग डायरेक्टर, परनोड रिकॉर्ड गल्फ भी मौजूद रहे, जिन्होंने लोंगीट्यूड 77 के दृष्टिकोण पर रोशनी डाली। जाने-माने व्हिस्की प्रेमी जोरान ने मेहमानों के लिए एक मिनी मास्टरक्लास भी आयोजित की और इसके शानदार स्वाद के साथ दर्शकों को यादगार अनुभव प्रदान किया। जीन टोउबोउल, सीईओ, परनोड रिकार्ड इंडिया ने कहा, लोंगीट्यूड 77 की अवधारणा परनोड रिकार्ड इंडिया के अनुभव पर आधारित है, जो पिछले 30 सालें से बेहतरीन गुणवत्ता के लिक्विड बना रही है।

अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को जोड़ने के लिए भाजपा ने चलाया दलित बस्ती चलो अभियान: कृष्ण बेदी

समालखा
(कुलदीप सिंह)

लोकसभा चुनाव के मध्य नजर प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के 21 प्रतिशत वोट बैंक को साधने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने एससी मोर्चे को जमीन पर उतार दिया है। एससी मोर्चा के द्वारा दलित बस्ती चलो अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ 24 फरवरी संत शिरोमणि रविदास जयंती से हुआ है जो 14 अप्रैल संविधान निमार्ता बाबा साहेब बी आर अम्बेडकर जयंती तक चलेगा।

इस संदर्भ में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व मंत्री

अभियान

8 अभियान का शुभारंभ 24 फरवरी संत शिरोमणि रविदास जयंती से हुआ है जो 14 अप्रैल तक चलेगा

कृष्ण लाल बेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने के लिए प्रदेश दलित बस्ती चलो अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मोर्चा के सभी पदाधिकारी अनुसूचित जाति वर्ग की बस्तियों व छात्रावास में जाकर सम्पर्क करेंगे ओर उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि एससी मोर्चा की ओर से विधानसभा चुनाव चुनाव के मध्य नजर प्रदेश की सभी 17 आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में बड़ी जनसभाएं की जाएगी। कृष्ण बेदी ने कहा कि एक जन आंदोलन चलाया जाएगा ताकि आरक्षित सीटों पर ज्यादा से ज्यादा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को जीताकर प्रदेश में तीसरी बार बनने वाली मनोहर लाल की सरकार में भागीदारी दिलाई जा सके। पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास ओर सबका विश्वास भाजपा का सिर्फ कागजी नारा नहीं है बल्कि इसको धरातल तक उतारने का काम किया जा रहा है। भाजपा संगठन में केन्द्र स्तर तक सभी समाज को उनकी संख्या के हिसाब से हिस्सेदारी दी गई है। सीएम के राजनीतिक सलाहकार रहे कृष्ण बेदी ने दावा किया कि अनुसूचित जाति वर्ग पूरे देश में पीएम मोदी व भाजपा के साथ है तथा हरियाणा प्रदेश के 6268 गांवों के मजदूर, किसान, व्यापारी सरकार की नीतियों से खुश हैं। किसानों की नाराजगी को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण बेदी ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ये कौन-से किसान है।

दान देने से संस्कारों में वृद्धि होती है

कमाल हुसैन

पानीपतः आई.बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के टैगोर समिति और एल्यूमिनी संगठन द्वारा गौशाला समिति जीटी रोड, पानीपत में जरूरतमंद परिवारों के लिए भोजन, वस्त्र और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने सराहना करते हुए कहा कि दान देने से संस्कारों में वृद्धि होती है। हमारे शास्त्रों के अनुसार भी दान का अपना एक महत्व होता है बच्चों में अच्छे संस्कार उत्पन्न होते हैं। विभागाध्यक्षा डॉक्टर नीलम ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों में हमेशा आगे रहना चाहिए ,इससे परोपकार की भावना जागृत होती है।

बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर जिलाधीश ने जारी किए धारा-144 के आदेश

कमाल हुसैन

पानीपतः जिलाधीश डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के मद्देनजर धारा-144 के आदेश जारी किए हैं। हरियाणा बोर्ड की ये परीक्षाएं आगामी 2 अप्रैल तक जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षाओं को निर्बाध व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किए गए हैं।

दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत जारी किए गए आदेशों में कहा गया है कि जिला की सीमा में आने वाले सभी परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में 5 या उससे अधिक लोगों के एक स्थान पर इकठ्ठा होने पर पाबंदी रहेगी। इस परिधि में आग्नेशस्त्र, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू व अन्य हथियार लेकर कोई भी व्यक्ति नहीं चल सकेगा।

आदेशानुसार परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में आने वाली फोटोस्टेट की दुकानें परीक्षाओं की तिथि के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी। यह आदेश परीक्षार्थियों ड्यूटी देने वाले स्टाफ व पुलिस कर्मियों पर लागू नहीं होंगे।

चंद्रशेखर आजाद की पुणयतिथि पर किया पौधारोपण

टीम एक्शन इंडिया

बड़ोताः राजकीय महाविद्यालय बड़ोता की एनएसएस ईकाई द्वारा संचालित सात दिवसीय कैंप में पांचवे दिन ट्री मेन भाई देवेंद्र सुरा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। एवम क्रांति कारी चंद्र शेखर आजाद की पुण्य तिथि के अवसर पर पौधा रोपण कार्य भी किया। महाविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा विकास मलिक ने बताया कि ट्री मेन भाई देवेंद्र सुरा जी देश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, इस बार एनएसएस का आयोजन आत्म निर्भर भारत अभियान थीम के अंतर्गत चलाया जा रहा है।

इस दौरान देवेंद्र सुरा जी ने सभी एनएसएस स्वयं सेवकों को

संबोधित किया और बताया कि राष्ट्र निर्माण एवम समाज कल्याण में युवा पीढ़ी का क्या दायित्व हो सकता है। प्रकृति संरक्षण में किस तरह से छोटे छोटे प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एवम समसामयिक विषयों जैसे जलवायु परिवर्तन, भौमिक उष्मन पर भी कॉलेज वालंटियर्स से चर्चा की।

कैंटर में भरकर वध को ले जा रहे थे 160 भेड़-बकरी, पुलिस ने पकड़ा

सोनीपतः राई थाना क्षेत्र केएमपी खरखौदा से केजीपी जाखौली टोल प्लाजा की तरफ जा रहे कैंटर में अवैध रूप से भेड़ बकरियों को काटने के लिए लेकर जाने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कैंटर सहित एक आरोपित को काबू कर लिया है। आरोपित के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूजा हुड्डा नाम की महिला ने कंट्रोल में शिकायत देकर बताया कि एक कैंटर में अवैध रूप से भेड-बकरियों को काटने के लिए लेकर गाजीपुर यूपी जा रहे है। टीम ने मौके पर पहुंचकर जाखौली टोल के प्लाजा से कैंटर सहित युवक को काबू कर लिया।

नेहरू युवा केंद्र की ओर से मतदान जागरूकता अभियान आयोजित

जागरूकता

8 राजकीय महाविद्यालय इसराना में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

कमाल हुसैन

पानीपतः युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार व उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केंद्र की ओर से राजकीय महाविद्यालय इसराना में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय

इसराना के प्रभारी प्रधानाचार्य बलिंदर गुलिया ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरु युवा केंद की लेखालिपिक कु0 कनिका एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संगीता ने की।

प्रभारी प्रधानाचार्य बलिंदर गुलिया ने विद्यार्थियों को मतदान से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि उनका प्रत्येक वोट लोकतंत्र के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें सकारात्मक परिणामों के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज में नागरिक जिम्मेदारी का महत्व और उनकी भूमिका के प्रति भी जागरूक किया।

नेहरु युवा केंद की लेखालिपिक कु0 कनिका ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें मतदान के महत्त्व से अवगत कराना है। हम किस प्रकार सरकार द्वारा चलाए गए सी विजिल एप का प्रयोग कर सकते हैं और साथ ही स्वीप एक्टिविटी के बारे में भी बताया गया। नेहरू युवा केंद्र द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान पूरे जिले में ब्लॉक स्तर पर चलाया जाएगा ताकि युवा मतदान के प्रति सजग हो सकें। कार्यक्रम के दौरान नए वोटर कार्ड भी बनाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर संगीता, बीएलओ प्रदीप सहित कॉलेज विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सरकार दे रही है छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा: कवंलजीत कौर

टीम एक्शन इंडिया

कुरुक्षेत्रः जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी शीशगरां में वाटर कूलर का उदघाटन किया। अब बच्चों को स्कूल में स्वच्छ पीने के पानी की सुविधा मिलेंगी। मंगलवार को शिक्षा विभाग की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्यातिथि जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर थी। उन्होंने खेडी शीशगरां के राजकीय स्कूल में वॉटर कूलर का उदघाटन किया और स्कूल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान जिप चेयरमैन ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से

विकास कार्य

8 चेयरमैन ने बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र जिले के हर गांव में विकास कार्य करवाएं जा रहे है

बातचीत की और शिक्षा की गुणवता के बारे में फीडबैक भी ली। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप खूब मेहनत करें क्योंकि आप देश का भविष्य है चेयरमैन ने बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र जिले के हर गांव में विकास कार्य करवाएं जा रहे है।

स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ सब कमेटी में रक्तदान क्षेत्र में आ रही समस्याओं को रखा

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़ः इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की सब कमेटी की बैठक स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ में कमेटी चेयरमैन सोहना विधायक सजंय सिंह की अध्यक्षता में हुई। हरियाणा रेडक्रॉस महासचिव मुकेश अग्रवाल ने बैठक में एजेंडा रखा । बैठक में पूरे हरियाणा से जिलों के रेडक्रॉस सचिव , कुछ सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे । रक्तदान क्षेत्र में ओर अधिकः सेवा कैसे की जाए इस पर विस्तृत चर्चा हुई । सोनीपत की तरफ से कमेटी के सदस्य प्रेम गौतम ने रक्तदान

बैठक

8 सब कमेटी की बैठक स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ में कमेटी चेयरमैन सोहना विधायक सजंय सिंह की अध्यक्षता में हुई।

क्षेत्र में आ रही कुछ समस्याओं और सुझावों को कमेटी के सामने रखा । कई मुख्य विषयो को लेकर जिले में पहले भी अखबारों के माध्यम से मुद्दा उठाया जा चुका है । मुख्य तौर पर जिले में ब्लड डोनेशन वेन , ब्लड कंपोनेंट मसीन ,निजी ब्लड बैंकों द्वारा गोहाना ,गंन्नौर व खरखोदा में बगैर अनुमति के रक्तदान शिविरो का आयोजन होना , सिविल अस्पताल में रक्तदान करने के समय को बढ़ाना व रक्तदाता जलपान राशि मे बढ़ोतरी करना विषयो पर चर्चा हुई जिसे चेयरमैन सजंय सिंह व महासचिव मुकेश अग्रवाल ने इस को उच्च अधिकारियों के साथ साझा करने की बात कही । प्रेम गौतम ने इन सभी विषयों को लेकर मुकेश अग्रवाल को लिखित पत्र भी सौंपा।

नए बस स्टैंड से छात्र समय पर नहीं पहुंच पाते कॉलेजः देशवाल

कमाल हुसैन

पानीपतः छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑगेर्नाइजेशन ने छात्र छात्राओं की रोड़वेज बसों की समस्याओं को लेकर एसडीएम मनदीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। इनसो छात्र नेता बलराज देशवाल ने बताया की कुछ समय पहले पानीपत में सिवाह स्थित नए बसस्टैंड से बसों का संचालन कर दिया गया है` लेकिन अब लोकल ग्रामीण क्षेत्र में पुराने बस स्टैंड से चलने वाली बसों का संचालन नए बस स्टैण्ड से कर दिया गया है इसलिए इन बसों का संचालन पुराने बसस्टैंड से ही रखा जाये क्यूंकि पानीपत के सभी प्राइवेट और राजकीय कॉलेज तथा सभी कोचिंग सेंटर पुराने

बसस्टैंड के पास में ही हैं` जिसमे कई हजारो की सँख्या में छात्र छात्राएं पानीपत अपनी पढ़ाई करने आते है अगर बसे पुराने बस स्टेण्ड से नहीं चलाई गई तो कई हजारो छात्र छात्राओं को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ेगा और छात्र छात्राओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा ` जिससे वे समय पर ग्रामीण क्षेत्रो से अपने शिक्षण संस्थानों तक नहीं पहुंच पाएंगे और छात्रों की पढाई भी प्रभावीत होगी ओर छात्र छात्राऔ के साथ साथ आम जन मानस को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा पुराने बस स्टैण्ड को बंद करना प्रशासन का गलत फैसला है पुराने बस स्टैण्ड के बंद होने से इसका सबसे ज्यादा प्रभाव सैकड़ो गांवो से पानीपत में कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानो मै पढने आने वाले हजारो छात्र छात्राओ के भविष्य पर पड़ेगा क्योकि छात्र छात्राऔ को समय पर कॉलेज नहीं पहुंच पाऐंगे जिससे छात्रों की पढाई प्रभावित होगी। इनसो छात्र नेता बलराज देशवाल ने बताया की छात्र छात्राओ की इस समस्या को देखते हुए गांवों मै जाने वाली सभी बसे पानीपत पुराने बस स्टैण्ड से ही जारी रखा जांए इस अवसर युवराज सिंह , अमन शर्मा, नितिन घणघस, रोहित कादियान, पंकज खर्ब आदि छात्र मौजूद थे।

पार्षद विकेश सेठी को लोगों ने दी जन्मदिन की बधाई

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मॉडल टाउन वार्ड नंबर-68 से भाजपा के निगम पार्षद विकेश सेठी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम विकेश सेठी ने मंदिर में भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने वार्ड निवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकेश सेठी का मालाओं-पुष्प गुच्छ देकर और मिठाइयां बांटकर जन्मदिन मनाया।
दीघार्यु की कामना कीः इस दौरान पार्षद विकेश सेठी को बधाई देने वालों का उनके निवास व कार्यालय पर तांता लगा रहा।
जन्मदिन के मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारियों के साथ-साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं व कई गणमान्य लोगों ने उनको बधाई दी व उनके दीघार्यु की कामना भी की। इस दौरान चांदनी चौक जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, संगम पार्क वार्ड-67 से निगम पार्षद सुशील जोंटी, भारत विकास परिषद की टीम, पूर्व मंडल अध्यक्ष विमल पगनासा, कृष्ण मोहन पगनासा, संजय मित्तल, राजा खारी, कुलदीप चौधरी, अशोक तोमर, रश्मी बजाज, जिला महिला मोर्चा संजना, सुमन गर्ग, अनिता ठाकुर, मनी असड़ी बहल, शेफाली मनचंदा, विधानसभा प्रमुख रोहित जैन, इमतियाज अहमद, मंडल मंत्री श्वेता जैन, मोहिनी, पूनम तिवारी, पूजा कपूर, बीना बहल, दिव्यांशी गुप्ता, सीमा अरोड़ा, कमला नगर मंडल अध्यक्ष बदलू राम कनौजिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष सरिल अग्रवाल, मॉडल टाउन मंडल अध्यक्ष सुभाष असड़ी, संगम पार्क मण्डल अध्यक्ष वीरपाल, एडवोकेट डॉ. बलराम सिंह, किशोर सेठी, योगी, विकास गुप्ता, मिस्टर अरोड़ा सहित पार्टी के कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

नरेलाः धूमधाम से मनाया गया किड्स मैजिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः बाहरी दिल्ली के नरेला में प्याऊ मनियारी रोड़ स्थित कंफर्ट जोन में प्रतिष्ठित किड्स मैजिक स्कूल ने 8वें वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नौनिहालों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबको मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अति विशिष्ट, अतिथियों प्रवीन लाकड़ा, संजय खत्री, रणवीर सिंह का स्कूल प्रबंध निदेशक प्रतीक बंसल ने पुष्पगुच्छ, तुलसी पौधा देकर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान स्कूल की छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों के अभिभावको व क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने तालियां बजाकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि प्रवीन लाकड़ा ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया व शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की गतिविधियों के महत्व को उजागर किया। स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रतीक बंसल ने कहा कि नरेला में किड्स मैजिक स्कूल खोलने का उनका मुख्य उद्देश्य यहां के नौनिहालों को उचित शिक्षा देना है जिसमें हम खरे उतरे हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सोनिया शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद देते हुए छात्रों के प्रदर्शन की प्रशंसा की। कार्यक्रम पश्चात जलपान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में एकेडमिक कोऑर्डिनेटर आशा अरोड़ा, स्कूल कोऑर्डिनेटर सोनिया शर्मा, पारस जैन, संजय, शिखा, पूनम, नेहा, मोनिका, शालिनी, वंशिका ,भावना, प्रिया, मुन्नी, अंकित सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

जय हिंद क्रांति सेवादल ने मनाई चंद्रशेखर आजाद की जयंती

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः जय हिंद क्रांति सेवादल द्वारा चंद्रशेखर आजाद की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जहांगीरपुरी स्थित के ब्लॉक में किया गया। संस्था के कई पदाधिकारियों सहित क्षेत्रीय नेताओं ने आजाद को पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया।
इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश असड़ी, स्थानीय नेता सुधीर पारचा, जयहिंद क्रांति सेवादल के समस्त पदाधिकारी, अनिल विदलान, प्रदीप सिंह लाल, संजय कुमार, प्रताप गुरुजी, रूप सिंह, बॉबी, अजीत कुमार सहित अन्य गणमान्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।
इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष विक्रम सिंह कोहली ने कहा कि आज हम अगर खुले में चैन कि सांस ले रहे हैं तो उसकी वजह हमारे शहीदों की कुबार्नी है। राजगुरु, चन्द्रशेखर आजाद और शहीद भगत सिंह जैसे देशभक्तों ने अंग्रेजों से लोहा लेकर इस देश को आजाद करवाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। हरीश असड़ी ने कहा कि अगर आज हम इनको याद करते है या शहीदी दिवस पर नमन करते है तो हम कोई उपकार नहीं कर रहे है, समस्त भारतवासी इन शहीदों के ऋणी है, जो कि यह ऋण कभी उतारा भी नहीं जा सकता है। देश इन शहीदों को हमेशा याद रखेगा।

कांग्रेस के कार्यों से खुश हैं देश की जनताः बद्रूदीन

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उक्त बातें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने कही। कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के युवा कांग्रेस से अधिक से अधिक जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह कांग्रेस पार्टी की देन है, क्योंकि कांग्रेस जो कहती है, वह करती है।

ज्योतिबा राव फुले को दिया जाये भारत रत्नः सुमेर सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली/मेरठः कृष्णांजलि राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश, कृष्णांजलि सभागार में महाराजा सैनी महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था (पंजी.) द्वारा आयोजित सांस्कृतिक सम्मेलन अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।
जिसमें मुख्य अतिथि अलीगढ़ जिले की पंचायत अध्यक्षा विजया सिंह ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले से प्रेरणा लेकर हम समाज में फैली कुरीतियों का समूल विनाश कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए भाजपा युवा नेता आकाश सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान देते हुए देश की समग्र विकास की पहल करनी होगी। विशिष्ट अतिथि, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा दिल्ली प्रदेश के संयोजक डी.के. सिन्हा ने आज के परिवेश में ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को आगाह किया कि यदि आज हम अपने समाज के कुलपुरोधा महात्मा ज्योतिबा फुले के पदचिन्हों पर चलेंगे तभी देश का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी प्रोत्साहन समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन गांधी ने किया। न्यू जेनरेशन डांस स्टूडियो के कोरियोग्राफर सोनू सैनी एवं कृति सिंह के नेतृत्व में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मनमोह लिया। गुजरात के गायक हरीश सैनी ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत कर दर्शकों से भरपूर वाहवाही लूटी। चारु शर्मा, राधा वैष्णवी के गीतों ने भी समारोह में चार चांद लगाये। कृष्ण आर्या द्वारा प्रस्तुत किये गये नृत्य में सभी को भावविभोर कर दिया।
अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के संरक्षक चौधरी सतबीर सैनी एवं राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र सिंह सैनी, पद्म एवं भूषण डॉ. गोपाल दास नीरज के पूर्व पीआरओ राम सिंह, पार्षद नरेन्द्र सैनी, बंटु सैनी, अमित सैनी, डॉ. चेतन सैनी, भूपेन्द्र कुशवाहा, नरेन्द्र सिंह, चिराग चौधरी, अनमोल सिंह, भारत केसरी सचिन पहलवान, हैप्पी राजा, धनीपुर ब्लॉक प्रमुख पूजा दिवाकर, अतर सिंह वर्मा, सुशील चैधरी, लीलावती, प्रेम सिंह, जगदीश दिवाकर, ठाकुर दास, बुद्ध सैन ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर सांस्कृतिक सम्मेलन के संयोजक विजेन्द्र सैनी ने बताया कि अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने सांस्कृतिक समारोह में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों एवं कलाकारों सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये सामाजिक कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र द्वारा सम्मानित किया एवं कार्यक्रम की सफलता पर सभी का आभार प्रकट किया एवं भारत सरकार से मांग की कि ज्योतिबा फुले को भारत रत्न दिया जाये।

०९ मार्च को न्यायालय परिसर में किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : सीजेएम

आवेदन

8 अदालतों के मामलों के निपटारे आपसी सहमति के लिए इच्छुक जिला न्यायालयों में कर सकते हैं आवेदन

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।

सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी आदेश अनुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाई एस राठौड़ के दिशा-निर्देश पर ०९ मार्च

२०२४ (शनिवार) को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

आपसी सहमति से होता है राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों का निवारणः-

सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र,सस्ते व सुलभ न्याय लोगों को मिलता है जहां किसी पक्ष की हार नहीं होती। वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों की सुनवाई के फैसलों की कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

इन केसों की भी होता है सुलहः-

सुकिर्ती गोयल ने आगे बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आपसी सहमति से हल होने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है। जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती।

सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने आगे बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है। सीजेएम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय (एडीआर सेंटर) या जिला के उन न्यायालयों में आवेदन कर सकते हैं। जिस अदालत में मामला विचाराधीन है। उस अदालत में भी आवेदन किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्य दिवस में सुबह ०९:३० बजे से सायं ०५:०० बजे तक कोई भी व्यक्ति न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। लोक अदालत के आयोजन तक जिला न्यायालय परिसर के मुख्य गेट के अंदर हेल्प डेस्क पर जाकर भी किसी भी तरह की कानूनी जानकारी ले सकता है।

व्यापारी के घर 10 लाख की चोरी

राजकुमार प्रिंस
टीम एक्शन इंडिया/करनाल।

जिले के सालवन गांव में चोरों ने एक मकान को अपना निशाना बनाया। चोर घर की अलमारी के अंदर से 16 तोले सोना और 92 तोले चांदी के आभूषण व 20 हजार की नकदी चोरी करके ले गए। चोर रसोई की खिडकी से अंदर घुसे थे। पीड़ित बुजुर्ग तूड़ी का व्यापारी है और अपनी पत्नी के साथ ही घर पर रहता है, जबकि उसका बेटा करनाल में रहता है। बुजुर्ग मकान मालिक को दरवाजा खुलने की आवाज सुनाई दी। वह उठा और दरवाजे की तरफ बढ़ा तो उसे चोर भागते हुए दिखाई दिए। घर में चोरी की सूचना पुलिस को दी गई।

इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव सालवन निवासी सतपाल शर्मा

अपने घर पर बाहर वाले कमरे में सो रहे थे तो उसकी पत्नी अंदर वाले कमरे में थी। घर की सभी लाइट बंद थी और दरवाजों को अच्छी तरह से बंद किया हुआ था। रात करीब 12 बजे उसे दरवाजा खुलने की आवाज आई।

सतपाल ने बताया कि जब वह उठकर दरवाजे की तरफ बढ़ा तो घर की सभी लाइटें ऑन थीं और दरवाजा खुला पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो रसोई की खिडकी की जाली भी उखड़ी हुई थी। वह दूसरे कमरे में गया तो देखा कि अलमारी के ताले टूटे पड़े हैं और सामान बिखरा हुआ है।

सतपाल ने बताया है कि घर की अलमारियों में सोने चांदी के आभूषण व नकदी रखी हुई थी, जो चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि 20 हजार की नकदी चोरी हुई। जेवरों में 30 ग्राम के सोने के 2 कड़े, 1 सोने का हार, 1 सोने का लॉकेट और 1 सोने की नथ, 2 सोने के झुमके, 4 सोने की लेडीज की रिंग, 2 सोने की जेंट्स रिंग, 2 सोने की चैन, 2 सोने के चांद और 4 चांदी की पाजेब, 10 चांदी के सिक्के, 1 चांदी का हार, 1 जोड़ी चांदी की चुटकी और 3 जोड़ी चांदी की कड़ूली गायब मिलीं।

कुल मिलाकर 16 तोले सोना और 92 तोले चांदी की चोरी हुई है। जिससे करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है। पीडित ने रात को ही पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

संक्षिप्त खबरें

राई स्पोर्ट्स स्कूल के विकास रोहिला बने तीसरे लेफ्टिनेंट जनरल, प्राचार्य निदेशक कर्नल अशोक मोर ने दी बधाई

टीम एक्शन इंडिया/राई

मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई के पूर्व छात्र विकास रोहिल्ला तीसरे नम्बर के लेफ्टिनेंट जनरल बने है। स्कूल के प्राचार्य व निदेशक कर्नल मोर ने बताया कि विकास रोहिला लेफ्टिनेंट जनरल बनने वाले खेल स्कूल राई के तीसरे विद्यार्थी हैं। उन्होंने बताया कि विकास रोहिला ने 1979 में खेल स्कूल में दाखिला लिया और 1984 में नेशनल डिफेंस अकैडमी ज्वाइन की। उनकी पदौन्ति की खबर से स्कूल के छात्रों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई । प्राचार्य कर्नल मोर ने लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहिला को फोन पर बधाई दी और उन्हें स्कूल पहुँचकर बच्चों संग अपनी खुशी साँझा करने का निमंत्रण दिया। कर्नल मोर ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल रोहिला ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए जल्द ही स्कूल पहुंचने की बात कही है। लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहिला ने अपने जनरल बनने तक के सफर के लिये स्कूल प्रशासन व अध्यापकों का धन्यवाद किया। मालूम हो कि खेल स्कूल राई के प्राचार्य खुद भी यहाँ के पूर्व छात्र हैं

प्रदीप के हत्यारोपियों से मोबाइल व हथियार हुआ बरामद, भेजा जेल

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर

प्रदीप की हत्या के मामले में गिरफ्तार हुए पांच आरोपितों का रिमांड मंगलवार को समाप्त हो गया। पुलिस ने आरोपितों के पास से हत्या में प्रयुक्त तेजधार हथियार व प्रदीप का मोबाइल बरामद कर लिया है। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि आरोपित राकेश हत्या करने के बाद प्रदीप का मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गया था। वहीं प्रदीप के मामा नेपाल सिंह ने हथियार को सुनसान जगह पर झाड़ियों के नीचे दबा दिया था। रिमांड के दौरान आरोपितों की निशानदेही के आधार पर पुलिस ने मोबाइल व तेजधार हथियार को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपित प्रदीप के मामा नेपाल, राकेश, धीरज, आशीष व नागेंद्र को अदालत में पेश किया जहां अदालत के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

-यह था मामला

लखीमपुर खिरी, यूपी निवासी 20 वर्षीय प्रदीप हाल में बड़ी गांव में अपने मामा नेपाल के साथ किराये पर रह रहा था। नेपाल को प्रदीप का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध होने का शक हुआ तो उसने अपने साथी राकेश को 5 हजार रुपये की सुपारी दी। जिसके बाद नेपाल व राकेश ने आशीष निवासी सीतापुर, यूपी हाल गांव बड़ी, धीरज निवासी आगरा हाल गांव बड़ी व नागेंद्र निवासी बांका बिहार हाल गांव बड़ी के साथ मिल कर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सुनसान जगह पर प्रदीप की हत्या कर दी थी। बड़ी थाना पुलिस ने प्रदीप के पिता शिवकुमार की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया था।

शिवरात्रि पर शिव महापुराण कथा 1 मार्च से 8 मार्च तक, शुभारम्भ पर निकाली जाएगी विशाल कलश यात्रा

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर

शिवरात्रि पर शिव महापुराण कथा व विशाल भंडारे का आयोजन पुष्प गार्डन के पीछे बंसत बिहार में 1 मार्च से 8 मार्च तक किया जाएगा। यह जानकारी संयोजक प्रिंस मुदगल ने दी। उन्होंने बताया कि शिव भक्त रवि मदान के सानिध्य में होने वाली कथा में कथा वाचक सुधीर महाराज श्रीधाम वृन्दावन करेंगे।

प्रिन्स मुदगल ने बताया कि 1 मार्च शुक्रवार को कलश यात्रा व शिव पुराण महिमा का कार्यक्रम, 2 मार्च को शिवलिंग अवतार कथा, 3 मार्च को महारूद्राक्ष कथा, 4 मार्च को शिव सती कथा, 5 मार्च को शिव-पार्वती मंगल विवाह, 6 मार्च को द्वादश ज्योतिलिंग कथा, 7 मार्च को शिव नेत्रपत्र महिमा, 8 मार्च को रूद्रमहायज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा में शिव जोतराम मन्दिर, शिव जन कल्याण सेवा समिति, विष्णु मछिर बाला जी धाम सहयोगी संस्थाएं है।

उधार में शराब देने से मना करने पर कारिंदे को पीटा

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर

उधार में शराब देने से मना करने पर शराब के ठेके के कारिंदे के साथ मारपीट करने का मामला गन्नौर पुलिस के पास आया है। ठेके के कारिंदे ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी है। शिकायत में भांवर गांव के शराब के ठेके के कारिंदे मनजीत ने बताया कि वह भांवर गांव में कुलविंदर एंड कंपनी के शराब के ठेके पर बतौर सेल्समैन कार्यरत है। 26 फरवरी को वह ठेके पर बैठा था तो उसके पास भांवर गांव का मनीष स्कार्पियो गाड़ी पर आया। मनीष ने उससे 4-5 शराब की बोतल उधार में मांगने लगा, लेकिन उसने उधार में बोतल देने से मना कर दिया।

हाफ मैराथन में रजिस्ट्रेशन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग हो रहे शामिलः डीसी

हाफ मैराथन

8 हाफ मैराथन में शहर के लोगों का हौसला बढ़ाने के लिए बड़े खेल में फिल्मी सितारे भी शामिल होंगे।

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विश्व और देश में महानगरों फरीदाबाद में ३ मार्च को होने वाली फरीदाबाद हाफ मैराथन में शहर के लोगों का हौसला बढ़ाने के लिए बड़े खेल में फिल्मी सितारे भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि ओलंपियन बॉक्सर मैरी कॉम व मनु भाकर सहित कई अन्य नामी

ग्रामीण खिलाड़ी इसमें शामिल होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल फरीदाबाद मैराथॉन को हरी झंडी देंगे तथा मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर इतना विवरण करेंगे। जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि मैरी कोम, मनु भांकर, लोकेश राजपूत के आलावा बहुत से फिल्मी कलाकार भी फरीदाबाद हाफ मैराथॉन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि विश्व में महानगरों की तर्ज पर देश के दिल्ली और मुंबई जैसे देश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों की तरह हॉफ औद्योगिक महानगर/औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में हाफ मैराथॉन का एनुअल इवेंट ०३ मार्च-२०२४ को प्रातःकाल ०५:३० से सूरजकुंड में आयोजित किया जाएगा और यह जिला फरीदाबाद का अब तक सबसे बड़ा इवेंट साबित होगा। फरीदाबाद हाफ मैराथन में भागीदारी के लिए एक लाख से अधिक लोगों ने फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन डॉट कॉम पर (222.द्धड्डह्द्धस्त्रड्डड्डस्त्रद्धड्डद्यद्धद्वड्डह्-ड्डह्द्धशठ्ठ.ष्शद्व) पर अपना पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि यह रजिस्ट्रेशन २९ फरवरी तक करवाया जा सकता है। डीसी विक्रम सिंह ने उद्योगपतियों, पार्षदों, आरडब्लूए और स्कूलों के प्रतिनिधियों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा की इस हाफ मैराथन को हम सबको मिलकर वार्षिक कार्यक्रम बनाना है। जिसमें आप सबके सहयोग से फरीदाबाद निवासियों की अधिक से अधिक भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्यादे से ज्यादा लोगो को प्रेरित करे और मैराथन की शोभा बढ़ाए। जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों के साथ चर्चा में कहा की लोगो को शारीरिक स्वास्थ्य की और इन कार्यक्रमों की मदद से जागरूक करने की आवश्यकता है।

व्यस्त जीवन को स्वस्थ जीवन में बदलने के लिए समय निकालना चाहिए। वहीं कॉरपोरेट कर्मचारियों को भी इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का अवसर प्रदान करें ।

मैराथन मार्ग में यह होंगी व्यवस्थाएंः-

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मैराथन मार्ग पर रनर्स की सुविधा के लिए प्रत्येक दो किलोमीटर पर मेडिकल स्टेशन बनाए जाएंगे। इन स्टेशन के साथ साथ वहां पर ग्लूकोस, एनर्जी ड्रिंक्स सहित मोबाइल टॉयलेट्स की भी सुविधा

गाड़ी मैकेनिक से अवैध वसूली के मामले में नवीन उर्फ फौजी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर

दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल के निकट गाड़ी मैकेनिक का काम कर रहे व्यक्ति से अवैध वसूली करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित नवीन उर्फ फौजी गांव पिपलीखेड़ा का रहने वाला है। आरोपित नवीन को पुलिस बुधवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी। बता दें बेलग्राम, पश्चिम बंगाल, हाल ही गन्नौर चौक पर रहने वाले रहमत खान ने बड़ी थाना में शिकायत दी थी कि उसकी दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल की पार्किंग में गाड़ी मैकेनिक की

अवैध वसूली

8 जस्सा उससे पिछले तीन वर्षों से डरा धमका कर प्रति माह 25 हजार रुपये ले जाता था।

दुकान कर रखी है। आरोप है कि गढ़ी केसरी का जस्सा उससे पिछले तीन वर्षों से डरा धमका कर प्रति माह 25 हजार रुपये ले जाता था। इसके बाद गुमड निवासी धर्मा उससे अवैध वसूली करने लगा। 23 फरवरी को धर्मा अपने साथी नवीन उर्फ फौजी को लेकर उसके कमरे पर आया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए जबरदस्ती गूगल पे के माध्यम से 50 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने धर्मा, नवीन फौजी व जस्सा पंडित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था।

-पहले भी पांच केस हैं दर्ज

एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित नवीन उर्फ फौजी पर दिल्ली व हरियाणा के अलग-अलग थानों में लूटपाट, अवैध वसूली के पांच केस दर्ज हैं।

अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने आरोपी को २२० गांजा सहित किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।

पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए निदेर्शानुसार अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मजीत की टीम ने गांजा बेचते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी वरुण एनआईटी का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नाकी चौक एनआईटी से काबू किया है आरोपी से मौके पर २२० ग्राम गांजा, ४००/-रु नगद व ५ खाली पाऊच बरामद किए गए है।

लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा....पर झूमें श्याम भक्त

दलबीर मलिक
टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र :

श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा न्यू लक्ष्मण कॉलोनी में सोमवार देर सांय श्री श्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद ने बताया कि आयोजक पाला राम-पिंकी रानी परिवार सहित सभी भक्तों ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। गौरी-गणेश पूजन से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा.....,लो आ गया अब तो श्याम, मैं शरण में तुम्हारी......, श्रद्धा बिन श्याम मिले नहीं ये जान ले प्यारे, है भाव का भूखा सांवरिया पहचान ले प्यारे...... और हम तो बाबा के भरोसे चलते है...... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। समिति पदाधिकारियों ने

संकीर्तन

8 श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा श्री श्याम संकीर्तन आयोजित किया गया

श्याम भक्तों से निवेदन किया कि वे मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सहयोग करें। संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की।संकीर्तन के दौरान श्याम जी की गाथा में बताया गया कि यें हारे के सहारे हैं। इनके दरबार से आज तक कोई निराश नहीं आया। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उपाध्यक्ष अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष चोपड़ा व राजेश मौदगिल, एल डी कंबोज, विनीत राजपाल, राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,राकेश चौहान,अशोक अरोड़ा, लवकेश शर्मा, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा,अनिरुद्ध,ललित अत्री,शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार और नरेश सैनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

गीता कपूर ने लूहरी स्टेज-1 जलविद्युत परियोजना का दौरा किया

टीम एक्शन इंडिया/शिमलाः

श्रीमती गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने आज हिमाचल प्रदेश में स्थित 210 मेगावाट की लूहरी स्टेज-1 जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के पलाही गांव में परियोजना के बांध स्थल के कार्यालय भवन की आधारशिला रखी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कार्यालय भवन के पूरा होने तक अस्थाई साइट कार्यालय के रूप में उपयोग किए जाने वाले पोर्टेबल केबिन का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री सुनील चौधरी एवं परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रीमती गीता कपूर ने पावर हाउस, एफपीडब्ल्यू एवं प्लंज पूल, नाला डायवर्जन, हाइड्रो-मैकेनिकल और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल संकार्यों में चल रही निर्माण गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। सभी परियोजना स्थलों पर प्रगति अग्रिम चरण पर है तथा तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी प्रमुख घटकों में गतिविधियों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और परियोजना अधिकारियों एवं ठेकेदारों को महत्वपूर्ण प्रोजेक?ट माईल स?टोन हासिल करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

210 मेगावाट स्टेज-1 जल विद्युत परियोजना हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू और मंडी जिलों में सतलुज नदी पर स्थित है। परियोजना की आधारशिला 27 दिसंबर, 2021 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई थी। 1810 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ, इस परियोजना के पूरा होने पर प्रतिवर्ष 758 मिलियन यूनिट विद्युत का उत?पादन होगा। यह सामुदायिक संपत्ति निर्माण, संरचनात?मक विकास और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों के सृजन के साथ क्षेत्र और राज्य के समग्र विकास में योगदान दे रहा है।

होमीटेक और क्योर फाइन ने जीती स्टार्टअप स्पर्धा, निवेशक करेंगे मदद

टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह)

अगर आपकी इलेक्ट्रिक गाड़ी में कुछ भी कमी होने वाली होगी तो आपके फोन में खबर पहुंच जाएगी। अगर आपको किसी अस्पताल में इलाज कराना है तो ईएमआई की सुविधा मिल सकेगी। ऐसे प्रोजेक्ट राष्ट्रस्तरीय स्टार्टअप स्पर्धा में दिखाए गए। यहां पाइट कॉलेज में एआइसी आइआइटी दिल्ली, नवज्योति फाउंडेशन, एसीआइसी बीएमयू फाउंडेशन, टीबीआइ काइट के सहयोग से आइडियाथोन स्पर्धा कनेक्ट द डॉट प्रतिस्पर्धा कराई गई। यह स्टार्टअप का तीसरा सीजन था, जिसमें पहली बार शार्क टैंक इंडिया की तरह निवेशक और कंपनियां आमने-सामने बैठीं थीं। पांच से

अधिक कंपनियों को निवेश के लिए पसंद किया गया है। 38 कंपनियों ने यहां अपने प्रोजेक्ट दिखाए। मिलाप पब्लिकेशंस के संस्थापक एवं स्टार्टअप पथप्रदर्शक योगी सूरी मुख्य अतिथि रहे।

योगी सूरी ने कहा कि स्टार्टअप के माध्यम से भारत आत्मनिर्भर हो सकता है। युवाओं को भरोसा दिलाना होगा कि वे जो चाहें कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमेशा बड़ा और बेहतर सोचें। क्योंकि छोटी सोच और छोटे प्रोजेक्ट से आगे नहीं बढ़ा जा सकता। अपना गोल ऊंचा रखें। इससे आपको अपने रास्ते का पता चलेगा। फेल होने से घबराए नहीं, बल्कि इनसे सीखें। जिप्पी के संस्थापक माधव कस्तूरिया एवं पुश स्पोर्ट्स के को फाउंडर नीतिन पाहुजा ने भी प्रेरित किया। मनवीन चड्ढा, कृति, अवधेश सिंह, निपुन जैन, आलोक पांडेय, सिराज खान, हरीश शर्मा, मनीष श्रीवास्तव, कुमार सौरभ, अनीश गुप्ता, अभिषेक भगत, सार्थक बख्शी, सौरव कुमार, विनय जैसवाल, मनीष जौहरी सहित प्रमुख निवेशकों एवं विशेषज्ञों ने युवाओं के प्रोजेक्ट को देखा और उन्हें सराहा। होमीटेक और क्योर फाइन को पहला पुरस्कार मिला। बिओंड साइट और लोकलइज को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतिस्पर्धा की कन्वीनर डॉ.शक्ति अरोड़ा ने कहा कि प्रथम दोनों विजेताओं को पचास हजार की राशि दी गई।

अब निवेशक इन कंपनियों के संस्थापकों से बात करके मदद करेंगे। स्पर्धा में डेढ़ सौ से अधिक कंपनियों ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए थे,

जिनमें से 40 का चयन किया गया और सभी को पानीपत आमंत्रित किया गया था।

देशभर से युवा पहुंचे

पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि देशभर ये युवा टीमें यहां पहुंचीं। कर्नाटक, ओडिशा, शिमला, जयपुर से लेकर उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों ये कंपनियों ने अपने प्रोजेक्ट दिखाए।

संसार में हारने वाले इंसान का साथ देते है श्याम बाबा : कादियान

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर

गांव आहुलाना में प्राचीन श्याम मंदिर का वार्षिक महोत्सव व श्री श्याम संकीर्तन धूमधाम से मनाया गया। समारोह में समाजसेवी समाजसेवी देवेंद्र कादियान श्री श्याम मंदिर कमेटी की तरफ से स्वागत किया गया। देवेंद्र कादियान ने कहा कि खाटू श्याम के आज भी अपनी माता को दिए वचन के अनुसार इस संसार में हारने वाले इंसान का साथ देते है। इनके दरबार में जो हारा हुआ पहुंचता है उसे श्री श्याम उसे जीत का आशीर्वाद मिलता है। इस अवसर पर सुषमा अरोड़ा, रमेश पहलवान, सचिन

मित्तल समालखा, नरेश बंसल, राजीव मुखी, सरपंच पति अजित, सचिन पंडित, जगमेंद्र, सुरेंद्र शर्मा, प्रवीन सिंगला आदि मौजूद रहे।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 28 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल को खरीदेगा हिंदुजा ग्रुप

नई दिल्ली: अनिल अंबानी की दिवालिया कंपनी रिलायंस कैपिटल को हिंदुजा समूह की कंपनी खरीदेगी। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स की रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दे दी। अनिल अंबानी की कंपनी ने शेयर बाजार को रेगुलेटरी फाइलिंग में ये जानकारी है। हालांकि, कंपनी की ओर से फाइनेंशियल डीटेल के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। ट्रिब्यूनल ने 11 जनवरी को इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने नवंबर 2021 में अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को शासन से जुड़े मुद्दों और भुगतान में चूक के कारण निलंबित कर दिया था। आरबीआई ने नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया था, जिन्होंने कंपनी को संभालने के लिए फरवरी 2022 में बोलियां आमंत्रित की थीं। उल्लेखनीय है कि रिलायंस कैपिटल पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। पहले चार आवेदकों ने समाधान योजना के साथ बोली लगाई थी। हालांकि, लेनदारों की समिति ने कम बोली मूल्यों के लिए सभी चार योजनाओं को खारिज कर दिया था। इसके बाद एक नई प्रक्रिया के तहत जून 2023 में हिंदुजा समूह के फर्म को समिति की ओर से 9,661 करोड़ रुपये की अग्रिम नकदी की बोली के लिए चुना गया था।

गृह मंत्रालय ने जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ाया

नई दिल्ली: केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जमात-ए-इस्लामी, जम्मू-कश्मीर पर अगले पांच सालों के लिए प्रतिबंध बढ़ा दिया है। गैर कानूनी गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत ऐसा किया गया है। सरकार का कहना है कि संगठन अलगाववाद और आतंकवाद का समर्थक है और भारत विरोधी प्रचार कर रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार ने जमात-ए-इस्लामी, जम्मू कश्मीर पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार संगठन को राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ अपनी गतिविधियां जारी रखते हुए पाया गया है। संगठन को पहली बार 28 फरवरी 2019 को 'गैरकानूनी संघ' घोषित किया गया था।

रेत खनन घोटाला: तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम झटका

नई दिल्ली: कथित रेत-खनन घोटाला मामले में तमिलनाडु सरकार को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने रेत-खनन घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई को हरी झंडी दे दी है।

'योगीराज' में उद्योग धंधे से बन रही चंदौली की नई पहचान

जुलाई तक बनकर तैयार हो जाएगी देश की सबसे बड़ी 'स्टेट ऑफ आर्ट होलसेल फिश मार्केट' , डबल इंजन की सरकार चंदौली में करा रही मछली के आकार का देश की सबसे बड़ी अल्ट्रा मॉडल मत्स्य मंडी का निर्माण, 61.86 करोड़ रुपये की लागत से दस हजार वर्गमीटर में हो रहा तीन मंजिला इमारत का निर्माण

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: उत्तर प्रदेश में ग्रास रूट लेवल पर खेलों को बढ़ावा दे रही योगी सरकार अब महाविद्यालयों में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर वहां भी खिलाड़ियों को तैयार करने में जुट गई है। इसके लिए सरकार ने मेजर ध्यानचंद मिशन के तहत राजकीय महाविद्यायलों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1.71 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि को 31 मार्च 2024 तक किया जाना अनिवार्य होगा। इस राशि से खेलकूद से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे, ताकि महाविद्यालयों में आने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए कहीं अन्य जगह भटकना न पड़े।

प्रत्येक महाविद्यालय को मिलेंगे एक लाख रुपए: प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर के राजकीय

महाविद्यालयों में खिलाड़ियों को तैयार किए जाने की योजना है। साथ ही, पहले से जो खिलाड़ी महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं उन्हें खेल का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसी क्रम में शासन स्तर पर कुल 171 राजकीय महाविद्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए प्राविधानित बजट 1.72 करोड़ के सापेक्ष 1.71 करोड़ की राशि जारी की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक राजकीय महाविद्यालय को एक लाख रुपए मुहैया कराए जाएंगे, ताकि वो अपने यहां आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकें। इसके माध्यम से खिलाड़ी महाविद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ अपने पसंदीदा खेलों में करियर बनाने की संभावनाओं को भी मूर्त रूप दे सकेंगे।

गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता: मालूम हो कि महाविद्यालय इस राशि से खेल से संबंधित नए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकेंगे। इसमें विभिन्न खेलों से संबंधित कोर्ट, टर्फ आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से निर्माण एजेंसी लोक

गुणवत्ता

8 राजकीय महाविद्यायलों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1.71 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की

निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने में वित्त विभाग के द्वारा निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस राशि का उपयोग हर हाल में 31 मार्च 2024 तक किया जाना है।

स्वीकृत राशि बैंक खाते में नहीं रखी जाएगी एवं इसका व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानें एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा। कार्यों का सम्यक परीक्षण नियमानुसार किया जाए एवं कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, इसके संबंध में सभी राजकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में कला प्रदर्शनी को देखती हुई।

'विपक्षी पार्टियों ने कोर्ट के पिछले आदेशों का फायदा उठाया'

टीम एक्शन इंडिया

कोलकाता: तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का धन्यवाद किया।

दरअसल, अदालत ने यह स्पष्ट किया कि फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। हाई कोर्ट ने सोमवार को संदेशखाली की महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने और जमीन पर कब्जा करने वाले आरोपी नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि वे दोषियों को नहीं बचाएंगे और सात दिनों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। वकील ने बताया कि यह गलत धारणा बनाई गई है कि अदालत ने शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पीठ ने बताया कि उनके पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है। अदालत ने बताया कि एकल पीठ के आदेश के अनुसार ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए संयुक्त विशेष जांच दल के गठन के संबंध में सात फरवरी को रोक जारी की गई थी।

राज्यसभा सांसद राठवा अपने बेटे संग बीजेपी में हुए शामिल

टीम एक्शन इंडिया

अहमदाबाद : भारत में इस साल लोकसभा चुनाव होने हैं। चुनाव में जीत पाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं। हालांकि, ऐसा लगता है कि उनकी यात्रा असरदार साबित होने की बजाय पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। एक के बाद एक नेता पार्टी का साथ छोड़ते जा रहे हैं। अब राज्यसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारण राठवा ने भी कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा का हाथ पकड़ लिया है। नारण राठवा का राज्यसभा का कार्यकाल पूरा होने में अभी कुछ दिन बाकी है। राठवा ने अपने बेटे संग्राम सिंह के साथ गांधीनगर स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय कमलम में सदस्यता ग्रहण की। आदिवासी समुदाय से आने वाले कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारण राठवा का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल इस साल अप्रैल में समाप्त होने वाला है। उन्होंने राजनीति की शुरूआत कांग्रेस से की। वह पांच बार लोकसभा के लिए चुने गए - पहली बार 1989 में, फिर 1991, 1996, 1998 और 2004 में। वह 2004 से 2009 तक यूपीए-1 में रेल राज्य मंत्री रहे। 2009 के लोकसभा चुनाव में वह भाजपा के रामसिंह राठवा से हार गए। फिर वह कांग्रेस से राज्यसभा सांसद बने।

दिल्ली पुलिस ने चाइल्ड ट्रैफिकिंग गिरोह के आठ सदस्यों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस ने चाइल्ड ट्रैफिकिंग गिरोह का खुलासा कर आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह में पांच महिलाएं भी शामिल हैं। पकड़े गए आरोपित दिल्ली और पंजाब मूल के रहने वाले हैं। आरोपित विभिन्न राज्यों में नवजात बच्चों की तस्करी कर उनकी खरीद-फरोख्त करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से एक नवजात बच्ची को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया है। डीसीपी डॉ गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने जानकारी देते हुए बताया कि बेगमपुर थाना पुलिस को चाइल्ड ट्रैफिकिंग गैंग के बारे में एक सूचना मिली थी।

'नागरिक का जीवन और उसकी व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि'

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही

थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। लेकिन कई आधारों पर मामलों को दबाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह आपराधिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।

पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के

निर्देश

8 यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है

संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को दबाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराए। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई उच्च न्यायालय के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती थी। उच्च न्यायालय ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी। आरोपी करीबी सात साल से जेल में थे। उच्च न्यायालय इस बात पर गौरत करते हुए कहा था कि ऐसा लगता है कि जमानत याचिका दायर करने से पहले आरोपी ने इसी तरह की याचिका दायर की थी, जिसमें अप्रैल 2022 में वापस ले लिया गया था।

मध्यप्रदेश में 'मिशन 29' में जुटी भाजपा

कार्यकर्ताओं की क्लास लेंगे योगी, भजनलाल और फडणवीस

बैठकों का दौर

8 लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। हाईकमान ने राज्यवार बैठकों को दौर शुरू कर दिया है

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा हाईकमान ने राज्यवार बैठकों को दौर शुरू कर दिया है। राज्यों में कार्यकर्ताओं में जोश भरने और तैयारियों में जुट जाने के लिए भाजपा ने अपने कद्दावर नेताओं को जमीन पर उतारने जा रही है। इसी के तहत राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल मध्यप्रदेश मुरैना लोकसभा में पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। मार्च के दूसरे सप्ताह में आचार संहिता लगने की संभावना है। इससे पहले क्लस्टर मुख्यालयों में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचेंगे। इसके बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भिंड, ग्वालियर या गुना में से किसी एक लोकसभा क्षेत्र में पहुंचेंगे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र के लोकसभा क्षेत्रों में पहुंचने का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत समेत एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्रियों के लगातार मध्यप्रदेश में दौरे होंगे। प्रदेश की सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में मध्यप्रदेश समेत पड़ोसी राज्यों के दिग्गज नेता और मंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेने पहुंचेंगे।

सीबीआई ने रूद्रपुर के सीजीएसटी अधीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

नई दिल्ली: केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को रूद्रपुर के केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधीक्षक योगेश अग्रवाल को रिश्वत के तौर पर 10 हजार रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। रुद्रपुर (जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड) और अंबाला (हरियाणा) में आरोपियों के परिसरों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपित के घर से दो लॉकर, बैंक खाते और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज आदि बरामद हुए। सीबीआई ने आरोपित अधीक्षक के खिलाफ एक शिकायत पर मामला दर्ज किया था। आरोपित पर आरोप था कि उसने शिकायतकर्ता की पत्नी की फर्म के निलंबित जीएसटीआईएन को सक्रिय करने के लिए 15 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर मांग की थी।

जरांगे की फडणवीस के खिलाफ की गई बयानबाजी की होगी एसआईटी जांच

आदेश

8 सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल मराठाओं के हक के लिए लगातार सरकार को निशाना बना रहे हैं

टीम एक्शन इंडिया

मुंबई: मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र में लगातार आंदोलन किए जा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल मराठाओं के हक के लिए लगातार सरकार को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने हाल ही में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ तीखे बयान दिए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने संज्ञान ले लिया है। उन्होंने पाटिल द्वारा उप मुख्यमंत्री के खिलाफ दिए बयान पर एसआईटी जांच करने का आदेश दिया है। इधर आंदोलन पर बैठे मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने कहा, 'मेरा स्वास्थ्य ठीक है। सभी को गांव-गांव विरोध आंदोलन जारी रखना चाहिए। मैं देख रहा हूं कि मुख्यमंत्री क्या कुछ कह रहे हैं। उनके पास प्रणाली है और वे वही करेंगे जो वे करना चाहते हैं। मैं समाज के लिए लड़ता रहूंगा। मराठाओं के खिलाफ यह हत्या सही नहीं है। देवेंद्र फडणवीस मराठा समुदाय के खिलाफ काम करेंगे। हम शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर लोगों पर हमला होता तो पूरा राज्य बर्बाद हो जाता।' भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने मंगलवार को महाराष्ट्र विधान परिषद में जरांगे की उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ आक्रामक टिप्पणियों पर नाराजगी जताई।

असम: आर्थिक सर्वेक्षण में चौंकाने वाला खुलासा

टीम एक्शन इंडिया

गुवाहटी: भारत जैसे विकासशील देशों के सामने आबादी और बेरोजगारी बड़ी चुनौती है। कोरोना महामारी जैसी समस्याओं के चलते देश में बेरोजगारों की संख्या काफी बढ़ गई है। इस बीच एक नया आर्थिक सर्वे सामने आया है, जिसके आंकड़े बेहद हैरान करने वाले हैं। इसमें बताया गया है कि साल 2022 में असम में रोजगार कार्यालयों में करीब 10 लाख पढ़े-लिखे युवाओं ने पंजीकरण कराया है। जबकि पिछले वर्ष में यह संख्या महज 1.4 लाख थी। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि स्थिती कितनी बदतर हो गई है।

पंजीकरण

8 2022 में असम में रोजगार कार्यालयों में करीब 10 लाख पढ़े-लिखे युवाओं ने पंजीकरण कराया

2023-2024 के लिए जारी आर्थिक सर्वे में राज्य के सामने एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा गया है कि नौकरी चाहने वालों में सबसे अधिक संख्या पढ़े-लिखे युवाओं की है। केवल एक साल के अंदर सात गुना से भी अधिक नए पंजीकरण हुए हैं।

नुकसान

फसलों को नुकसान, दो दिन बदला रहेगा मौसम, हरियाणा में बूंदाबांदी

मध्यप्रदेश, यूपी और राजस्थान में बारिश, ओले भी गिरे, किसान चिंतित

टीम एक्शन इंडिया

बुर हानपुर/शिवपुरी: मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में मौसम विभाग की यलो अलर्ट की पूर्व चेतावनी के चलते सोमवार दोपहर से ही मौसम में अचानक तब्दीली आ गई थी। सोमवार की शाम करीब एक घंटा तेज बारिश हुई। फिर बारिश थमने के बाद माहौल में ठंडक आ गई। रात भर बिजलियां चमकती रहीं और तीसरे पहर में एक बार फिर झमाझम बारिश हुई। बारिश इतनी तेज थी कि जिले के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रही, सुबह होते ही जिले भर में हुई यह बारिश किसानों के लिए आफत की बारिश साबित हुई।

आफत की बारिश

8 बिजली आपूर्ति बंद रही, सुबह होते ही जिले भर में हुई यह बारिश किसानों के लिए आफत की बारिश साबित हुई

किसानों ने किया ओलावृष्टि का दावा: शाहपुर क्षेत्र के बंभाडा निवासी किसान गणेश महाजन ने बताया कि देर रात हुई बारिश के साथ ओले भी गिरे। इस वजह से किसानों की गेहूं, मक्का, चना, और केली की खड़ी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने शासन

प्रशासन से बेमौसम बारिश से किसानों की जिन-जिन फसलों का नुकसान हुआ है, उसका सर्वे कराकर पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की।

जिले में ओलवृष्टि नहीं अतिवृष्टि हुई: इस मामले में बुरहानपुर कलेक्टर भव्या मित्तल ने मीडिया को बताया कि किसानों और कोटवारों से मिली जानकारी के अनुसार बुरहानपुर जिले में कहीं भी ओलवृष्टि नहीं हुई, लेकिन अतिवृष्टि जरूर हुई है। कलेक्टर ने बताया कि किसानों और कोटवारों से मिल रही जानकारी के अनुसार और राजस्व विभाग की पूरी टीम फील्ड पर है। अतिवृष्टि से कुछ फसलों में नुकसान की जानकारी मिली है। किसानों की सूचना पर पटवारियों व राजस्व विभाग की टीमों को फील्ड में भेजा गया है। प्रारंभिक रूप से नेपानगर और नावरा क्षेत्र में नेपानगर तहसील में ही गेहूं और मक्का में नुकसान की जानकारी मिली है।

किसान संगठनों की मुआवजा देने की मांग

मप्र प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष रघुनाथ पाटील ने बताया कि किसानों से जानकारी ली जा रही है कि कहां-कहां अतिवृष्टि और कहां-कहां पर ओलावृष्टि हुई है। हमने कलेक्टर साहब से बेमौसम बरसात से जिन-जिन किसानों की गेहूं चना, मक्का और तरबूज की फसल को नुकसान पहुंचा है। उनका सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही किसान नेता रघुनाथ पाटील ने दोहराया कि इस बारिश में जिन-जिन किसानों का चना और गेहूं की फसल प्रभावित हुई है। उनकी उपज को भी समर्थन मूल्य पर लेने का आग्रह शासन प्रशासन से किया गया है। शिवपुरी जिले में अचानक मौसम में आए बदलाव के बीच बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा है।